RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530
9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN
Black Bichhoo
दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
समूह सम्पादक रविन्द्र सिंह पवैया
खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास
ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित
वर्ष 4 अंक : 152 | ग्वालियर रविवार 12 जनवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

# ज्ञानवान होने के साथ उसे आचरण में उतारना जरूरी : राज्यपाल श्री पटेल

### राज्यपाल हिन्दी विश्व विद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में हुए शामिल

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि ज्ञानवान होना ही पर्याप्त नहीं है, ज्ञान को आचरण में उतारना भी जरूरी है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महान कवि, लेखक और राष्ट्रभक्त की स्मृति में स्थापित विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं का दायित्व है कि वह देश, समाज, समुदाय,परिवार और वंचितों के प्रति संवेदनशील रहें। राज्यपाल श्री पटेल शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर हॉल में आयोजित अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में उपस्थित अतिथियों और विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि भावी जीवन में कैरियर की सफलताओं में माता-पिता, गुरूजन और समाज के जरूरतमंद पीछे नहीं छूटने चाहिए। पालकों के संघर्ष के पलों, समाज के सबसे पिछड़े, गरीब व्यक्ति के आपकी शिक्षा-दीक्षा में प्रत्यक्ष और परोक्ष सहयोग को सदैव याद रखें। दीक्षांत शपथ के दस्तावेज को सम्भाल कर रखें। प्रतिदिन उसे दोहराएं और उसके अनुसार आचरण करें। आस-पास के वंचितों की जरूरतों की जानकारी लें। उनको पूरा करने का यथा संभव प्रयास करें। उन्होंने स्वामी विवेकानंद का उल्लेख करते हुए कहा कि हर व्यक्ति में अपार क्षमता है आवश्यकता अपनी शक्तियों को जगाने की है। उन्होंने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की गरिमा को बढ़ाने और समाज एवं राष्ट्र की सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए शुभकामनाएं दी।




भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल के निदेशक श्री आशुतोष सिंह ने महाभारत के मछली की आँख वाले प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि जीवन में सफलता के लिए कठिन प्रतिस्पर्धा हर युग में रही है, आगे भी रहेगी। भावी जीवन में भी रोज नई परीक्षा देनी होगी। आवश्यकता देश, काल और परिस्थिति के अनुसार स्वयं को ढालकर प्रयास करने की है। अंधेरा कितना भी घना हो, दिया जलाने पर रोक नहीं लगाता है। उन्होंने कहा कि याद रहे मंजिल उन्हें मिलती है जिनके सपनों में जान होती है। पंख होना पर्याप्त नहीं, उड़ान का हौसला होना जरूरी है।

संचालक म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी श्री अशोक कडैल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति आधुनिक तकनीकी और रोजगार मूलक शिक्षा व्यवस्था के साथ ही भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़ी व्यवस्था है। अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय द्वारा इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय जनमानस के साथ संवाद और संपर्क का प्रभावी माध्यम भारतीय भाषाएं है। उन्होंने कहा कि गैर पारम्परिक हिन्दी विश्वविद्यालय के छात्रों का दायित्व है कि वह हिन्दी के मान सम्मान को समृद्ध और सफल बनाने में योगदान करें। उन्होंने विद्या?र्थियों को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेने के लिए कहा है।

विश्वविद्यालय के कुलगुरू श्री खेम सिंह डहेरिया ने विश्वविद्यालय के प्रगति प्रतिवेदन का विवरण दिया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय वाणिज्य,एम.बी.ए. तथा शिक्षा शास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि के साथ ही डेयरी संचालन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम की आगामी सत्र से शुरुआत करेगा। कृषि एवं इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किए जाएंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रकाशनों का कार्यक्रम में लोकार्पण अतिथियों के द्वारा कराया। आभार प्रदर्शन कुलसचिव श्री शैलेन्द्र कुमार जैन ने किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने माँ शारदा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। उन्होंने स्व. वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि भी दी। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं मंचासीन अतिथियों का शॉल, श्रीफल, स्मृति प्रतीक एवं पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। राज्यपाल ने विभिन्न संकायों के पदक विजेताओं को पुरस्कृत किया। दीक्षांत अवसर पर वर्ष 2023-24 के 71 स्नातकोत्तर तथा 113 स्नातक छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदाय की गई है। सभी दीक्षित विद्यार्थियों को कार्यक्रम में दीक्षांत शपथ भी दिलाई गई।

## GMA का 31 वा स्थापना दिवस आज, देश विदेश की हस्तियां होगी

( दैनिक केसरिया हिंदुस्तान )

ग्वालियर । ग्वालियर मैनेजमेंट एसोसिएशन GMA के तत्वाधान में कल रविवार को 31 वे स्थापना दिवस का आयोजन किया जा रहा है।जिसमे देश भर से लोग शामिल होंगे। ग्वालियर मैनेजमेंट एसोसिएशन GMA ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन GMA नई दिल्ली की स्थानीय शाखा है ।जो देश भर में अपने कार्यक्रम आयोजित करती है। ग्वालियर मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ प्रवीण अग्रवाल ने जानकारी में बताया कि त्ररू ग्वालियर मैनेजमेंट एसोसिएशन के तहत स्थापना दिवस मनाया जा रहा है ।जिसमे मुख्य अतिथि एसएसपी धर्मवीर सिंह यादव ,डिजीटल मार्केटिंग के प्रवक्ता संजीव त्रिपाठी, कार्यकारी निदेशक डॉ मनोज पटवर्धन,जीएमए सचिव श्याम अग्रवाल,सयुंक्त सचिव इंजी.मोहित वर्मा सहित टीम के अन्य सदस्य भी मुख्य रूप से शामिल रहेंगे। इस कार्यक्रम में साइबर क्राइम पर जागरूकता डिजिटल मार्केट में व्यापार को कैसे परिवर्तन करे एवं मैनेजमेंट और मोटिवेशनल के लिए कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी

## देश ने हासिल की बड़ी सफलताः 10 सालों में तीन लाख किलो ड्रग्स की गई जब्त

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 10 सालों में ड्रग्स के खिलाफ अपनी लड़ाई को काफी मजबूत किया है और इस दिशा में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि 2004 से 2014 के बीच लगभग 3 लाख 63 हजार किलो ड्रग्स जब्त किए गए थे, जबकि पिछले 10 वर्षों में यह आंकड़ा बढ़कर 24 लाख किलो तक पहुंच गया है, जो कि सात गुना अधिक है।

2047 तक नशामुक्त करने का लक्ष्य : देश में ड्रग्स तस्करी की बढ़ती समस्या और राष्ट्रीय सुरक्षा पर इसके पड़ने वाले प्रभावों से निपटने के लिए सरकार और सक्रिय हो गई है। आज नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (ह्ष्टक्च) की ओर से ड्रग तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर दिल्ली में एक रीजनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की।

# कला व खेल के माध्यम से विंध्य को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें : उप मुख्यमंत्री

### उपमुख्यमंत्री ने बघेली कलाकार प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि कला व खेल के माध्यम से विंध्य को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रीवा को विकास के रास्ते पर ले जाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि बघेली भाषा को कला के माध्यम से यहां के युवा प्रचारित कर रहे हैं, अब बघेली कलाकार खेल के माध्यम से भी अपनी बोली को जन जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेंगे। श्री शुक्ल ने टीआरएस कालेज के एनसीसी मैदान में आयोजित बघेली कलाकार प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।




उप मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा नशे से दूर रहने का संकल्प लें तथा जिले, प्रदेश व देश को आगे बढ़ाने में अपनी सहभागिता निभाएं। श्री शुक्ल ने कहा कि युवाओं का दायित्व है कि नशे से दूर रहने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने आयोजकों को रचनात्मक कार्यों के साथ खेल की विधा के आयोजन की प्रशंसा की।

इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि खेल एक कला है, बघेली के कलाकार खेल के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन करने का अभिनव प्रयास कर रहे हैं वह प्रशंसनीय है। उन्होंने बघेली को बोली से भाषा का दर्जा दिलाने में सभी से समवेत होने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने कहा कि बघेली के कलाकार कला व खेल के माध्यम से बघेली को ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य कर रहे हैं वह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि देश के किसी भी भाग में जाकर अपनी बोली से जुड़े रहने पर वाहन निवास करने वाले अपने क्षेत्र के निवासी अपनत्व के साथ मिलते हैं। कार्यक्रम में बघेली पोस्टर का विमोचन किया गया। उल्लेखनीय है कि एन सी सी ग्राउंड रीवा में आयोजित यह प्रतियोगिता चार दिवस तक चलेगी। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन आयोजक दीपक पटेल ने दिया। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय सहित स्थानीय जन व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## वाहन चालको का नेत्र परीक्षण



नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अंतर्गत जिला परिवहन कार्यालय श्योपुर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकीकृत बस स्टैण्ड श्योपुर परिसर में वाहन चालको के लिए निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीओपी श्री राजीव कुमार गुप्ता सहित यातायात थाना प्रभारी एवं परिवहन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे। परिवहन अधिकारी श्रीमती रजनी कुशवाह ने बताया कि शिविर के दौरान जिला चिकित्सालय की नेत्र इकाई टीम द्वारा लगभग 70 वाहन चालको की आंखो की जांच की गई तथा निशुक्ल परामर्श प्रदान किया गया।

## गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे इंडोनेशियाई राष्ट्रपति!




**नई दिल्ली।** इस साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो शामिल हो सकते हैं। हालांकि इसे लेकर भारत ने अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। दरअसल, पहले खबर थी कि प्रबोवो भारत के बाद पाकिस्तान के दौरे पर जाने वाले हैं। हालांकि अब इंडोनेशियाई राष्ट्रपति पाकिस्तान नहीं जाकर मलेशिया की यात्रा करने वाले है, जिससे ये बात लगभग-लगभग तय माना जा रहा है कि प्रबोवो गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि हो सकते हैं। बता दें कि प्रबोवो सुबियांटो का यह दौरा भारत की नीति का हिस्सा है, जिसके तहत वह दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान देशों) के साथ अपने रिश्तों को और मजबूत करना चाहता है। देखा जाए 1950 के बाद चौथा मौका होगा जब कोई इंडोनेशियाई नेता भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनेंगे। गौरतलब है कि भारत गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केवल उन देशों के नेताओं को निमंत्रण देता है, जिनके साथ उसके अच्छे और मजबूत कूटनीतिक रिश्ते होते हैं।

### विकसित भारत युवा लीडर डायलॉग कार्यक्रम

# यंग लीडर्स से बातचीत करेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 12 जनवरी को सुबह लगभग 10 बजे भारत मंडपम, नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 में भाग लेंगे। वह पूरे भारत के 3,000 गतिशील युवा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। इस अवसर पर वह सभा को भी संबोधित करेंगे। मोदी ने एक्स पर लिखा कि भारत की युवा शक्ति को प्रोत्साहन! उन्होंने लिखा कि कल 12 जनवरी का दिन बहुत खास है क्योंकि इस दिन स्वामी विवेकानन्द की जयंती है। इस अवसर पर, मैं विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 में अपने युवा दोस्तों के साथ पूरा दिन बिताऊंगा। बातचीत और दोपहर के भोजन के दौरान, हम विकसित भारत के निर्माण के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे।



मोदी ने कहा कि आपको VBYLD 2025 से पहले की गई व्यापक पहलों के बारे में जानकर खुशी होगी। विकसित भारत चैलेंज ने लाखों युवाओं को आकर्षित किया और इसमें एक प्रश्नोत्तरी, निबंध प्रतियोगिता और व्यक्तिगत बातचीत शामिल थी। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं से मैं मिलूंगा, उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार, संस्कृति और बहुत कुछ के प्रति बहुत जुनून दिखाया है। मैं भारत भर के युवाओं से कल के कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह करता हूं।

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का उद्देश्य राष्ट्रीय युवा महोत्सव को पारंपरिक तरीके से आयोजित करने की 25 साल पुरानी परंपरा को तोड़ना है। यह प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस के आह्वान के अनुरूप है, जिसमें राजनीतिक संबद्धता के बिना 1 लाख युवाओं को राजनीति में शामिल करने और उन्हें विकसित भारत के लिए अपने विचारों को वास्तविकता बनाने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करने की बात कही गई है। इसके अनुरूप, इस राष्ट्रीय युवा दिवस पर, प्रधान मंत्री देश के भावी नेताओं को प्रेरित, प्रेरित और सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन की गई कई गतिविधियों में भाग लेंगे।

### कोरोना वायरस जैसे एचएमपीवी के देश में 16 केस

# गुजरात में सबसे ज्यादा 4, महाराष्ट्र में 3 मामले

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस एचएमपीवी के देश में कुल 16 मामले हो गए हैं। शनिवार को असम में पहला केस सामने आया। यहां 10 महीने का बच्चा पॉजिटिव है। बच्चे का डिब्रूगढ़ में असम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एएमसीएच) में इलाज चल रहा है। उसकी हालत स्थिर है। डॉ. ध्रुव ज्योति भुइयां ने बताया कि बच्चे को चार दिन पहले सर्दी-जुकाम के लक्षणों के चलते सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके अलावा पुडुचेरी में भी एक तीन साल का बच्चा एचएमपीवी पॉजिटिव पाया गया, लेकिन वह अब पूरी तरह से ठीक है।




देश में एचएमपीवी के सबसे ज्यादा 4 मामले गुजरात में हैं। महाराष्ट्र में 3, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, यूपी, राजस्थान, असम और बंगाल में एक-एक केस सामने आया है। एचएमपीवी केस बढ़ने पर अब राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। इधर, गुजरात में अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाए जा रहे हैं। हरियाणा में भी स्वास्थ्य विभाग को एचएमपीवी केसेस पर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं।

**छोटे बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित :** एचएमपीवी संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

केंद्र ने राज्यों को %इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस और %सीवर एक्यूट रेस्परेट्री इश्यूज% जैसी सांस की बीमारियों की निगरानी बढ़ाने और एचएमपीवी के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है।

केंद्र सरकार ने कहा था- सर्दी में एचएमपीवी का इन्फेक्शन आम : चीन में एचएमपीवी के बढ़ते मामलों के बीच इमरजेंसी जैसे हालात बनने की बात कही गई थी। हालांकि भारत सरकार ने 4 जनवरी को जॉइंट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक की थी। इसके बाद सरकार ने कहा था कि सर्दी के मौसम में फ्लू जैसी स्थिति असामान्य नहीं है। चीन के मामलों पर भी नजर रखे हुए हैं और सरकार इनसे निपटने के लिए तैयार है-

# सिंधिया स्टेट में बना ऐतिहासिक करधेन तालाब का सीमांकन शुरू, हाईकोर्ट में लगाई गई थी पीआईएल

## तालाब के लिए सौन्दरीकरण के लिये राज्य शासन से आया है 1 करोड़ 27 लाख

पत्रकार सुधांशु मुदगल

**दबोह।** लगभग 300 वर्ष पुराने करधेन तालाब का शनिवार को सीमांकन शुरू किया गया।जिसमें राजस्व विभाग,जल संसाधन विभाग,नगर परिषद के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।वैसे तो करधेन तालाब दबोह की पहचान है क्योंकी बताया जाता है भिंड के गौरी सरोवर के बाद दूसरे नम्बर पर दबोह करधेन तालाब का नाम आता है।बर्षो पहले करधेन तालाब अपने आप मे बहुत ही सुंदर व रमणीय हुआ करता था यहां लोग सुबह घूमने व व्यायाम करने भी जाते थे परन्तु जैसे जैसे समय आगे बढ़ता गया वैसे वैसे करधेन तालाब अपना अस्तित्व खोता गया और धीरे धीरे करके लगभग 6.5 बीघा में फैला हुआ तालाब लगभग कुछ ही हिस्से में सिमट कर रह गया और गन्दगी का अंबार बन गया और फिर शासन की यह धरोहर अंधेरे में भी डूब गई क्यों कि न तो जल संसाधन विभाग ने यहां सफाई व प्रकाश की व्यवस्था पर ध्यान दिया और न ही नगर परिषद ने,जिसके बाद से लोगो जा वहां जाना धीरे धीरे कम हो गया।बुजुर्गों द्वारा बताया जाता है कि सिंधिया स्टेट में बनाये गए इस करधेन तालाब पर झांसी की रानी कही जाने वाले रानी लक्ष्मीबाई में अपनी सेना के साथ यहां एक रात विश्राम किया था।

**उच्च न्यायालय मप्र खण्डपीठ ग्वालियर में एडवोकेट मनीष नायक ने लगाई थी याचिका :-**

करधेन तालाब लगातार अपना अस्तित्व खो रहा था जिसके बाद दबोह का जनमानस के चेहरे पर सिकन दिखने लगी क्योंकी नगर के आसपास जलस्त्रोत के लिए कोई भी तालाब व नदी नही है।एडवोकेट मनीष नायक ने वर्ष 2023 में माननीय उच्च न्यायालय मप्र खण्डपीठ ग्वालियर में पीआईएल लगाई थी जिसमे करधेन तालाब की मरम्मत,जीर्णोद्धार व गहरीकरण कराने की मांग की गई।जिसके बाद ग्वालियर हाईकोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन की नींद खुली और सीमांकन शुरू हुआ।उसके बाद नगर परिषद अधिकारी दबोह ने 28 नबम्बर 2024 को तहसीलदार लहार को दबोह करधेन तालाब के भूमि सर्वे क्रमांक 813,820,824 का सीमांकन करने के लिए पत्र लिखा था।जिसके बाद राजस्व,जल संसाधन व नगर परिषद अधिकारियों ने मौके पर पहुँचकर शनिवार को सीमांकन कर गड्ढे खोद खम्बे गाड़ने की प्रक्रिया शुरू की।एडवोकेट मनीष नायक ने बताया कि याचिका अभी उच्च न्यायालय में लंबित है।





**7 वर्ष पहले पूर्व विधायक डॉ.गोविंद सिंह ने कराई रही 87 लाख 39 हजार की राशि मंजूर :-**

ज्ञात रहे कि करधेन तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए लगभग 07 वर्ष पहले लहार के पूर्व विधायक डॉक्टर गोविंद सिंह जल संसाधन विभाग भोपाल के मुख्य सचिव से मुलाकात कर ऐतिहासिक करधेन तालाब के जीर्णोद्धार के लिए 87 लाख 39 हजार की राशि मंजूर करा कर लाये थे।जिसमें करधेन तालाब का जीर्णोद्धार कराया जाना था जिसमे अनुमानित लागत 78 लाख की राशि से मे.सेठ एन्ड संस् दतिया मप्र को लगभग लम्बाई 2.5 किमी के एरिया में करधेन तालाब का बिशेष मरम्मत कार्य आदेश दिनांक 10/09/2018 से 6 माह की अवधि में किया जाना था।परन्तु सूत्रों को माने तो आज तक करधेन तालाब अपनी 7 वर्ष पहले वाली ही स्तिथि में स्थिर है,और शायद विकास के लिए आई लाखो की राशि का बंटाधार हो गया।

# प्रतिभा एवं मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह

**दबोह।** नगर दबोह में संकुल शैक्षिक समन्वयक जे.पी कुशवाह जी एवं उनकी टीम के द्वारा दबोह क्षेत्र अंतर्गत आने बाले 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2023-24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्राओं को प्रोत्साहित और पुरुस्कृत करने के लिए मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है मेधावी छात्र सम्मान समारोह में उन सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा जो 10 वीं एवं 12वीं कक्षा में मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा से 75त्न या उससे अधिक और सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड से 75 त्न या उससे अधिक अंक प्राप्त किये हो। उन सभी मेधावी छात्र- छात्राओं को आयोजित समारोह में स्मृति चिन्ह के साथ मेडल,प्रमाण- पत्र देकर सम्मान किया जायेगा..!

**मेघावी छात्राओं को आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य :-**

जिसमे रजिस्ट्रेशन निश्शुल्क किया जायेगा छात्र को स्वयं का आधारकार्ड,पता,स्कूल का नाम,10वी./12वी. 75त्न की अंकसूची की फोटू दिए गए व्हाट्सप्प नंबर पर भेजकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते है,स्कूल संचालक भी लिस्ट देकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। यह संपूर्ण कार्यक्रम सी.ए. सी. जेपी कुशवाह के द्वारा आयोजित किया जा रहा है जेपी कुशवाहने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम स्वयं के निजी खर्चे से किया जायेगा जिसमें नगर के वृद्धजन,मेधावी छात्र,पत्रकार बंधु,शिक्षा विभाग के अधिकारियो एवं शिक्षकों,एवं स्कूल संचालक,प्राचार्य जिनके विद्यालय के छात्रों ने 75त्न अंक प्राप्त किए उन सभी को सम्मानित किया जायेगा, यह कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समस्त समाज के प्रतिभाशाली बच्चों का हौसला मजबूत करना ही मुख्यउद्देश्य है जिसमे आप सभी से सहयोग की अपेक्षा करता हूँ।

जे.पी कुशवाह CAC 9893572260

पत्रकार सुधांशु मुदगल 7024711872

दिए गए नंबरों पर जानकारी भेजकर 25 जनवरी तक नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन करवाये ध्यान दे वर्ष 2023-24 (2023 में एडमिशन लेकर 2024 में जो रिजल्ट आया होगा)

# भितरवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण भाजपा विधायक मोहन सिंह राठौर ने किया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान लोकेंद्र सोलंकी

**भितरवार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी को लेकर भाजपा विधायक एवं जनसेवक श्री मोहन उल्फत सिंह राठौर को स्थानीय जनता ने चिकित्सकों की अनुपस्थिति की समस्या से अवगत कराया जिसको लेकर विधायक श्री राठौर ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर तत्काल जिलाधीश महोदय रुचिका चौहान एवं सीएमएचओ से संपर्क कर अस्पताल में चिकित्सकों की कमी को दूर करने के निर्देश दिए। बता दें कि प्रत्येक माह के द्वितीय शुक्रवार को आमजन की मूलभूत समस्याओं एवं शासन की योजनाओं का जन-जन तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से श्री राठौर द्वारा भितरवार में जनसुनवाई आयोजित की जाती है।



जनसुनवाई के बाद जब वह भितरवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर निरीक्षण करने के लिए पहुंचे तो वहां चिकित्सक ही नहीं मिले भितरवार सामुदायिक अस्पताल में से दो डॉक्टर पीजी करने चले गए तो एक डॉक्टर को ग्वालियर अटेच कर दिया गया जिसको लेकर विधायक श्री राठौर ने तत्काल जिलाधीश महोदय से दूरभाष पर बात की जिसको लेकर जिलाधीश महोदय ने उचित जांच के आदेश दिए एवं चिकित्सकों की कमी को दूर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नरेंद्र रावत (मंडल अध्यक्ष), धर्मेंद्र चौधरी ( विधायक प्रतिनिधि), नरेश अग्रवाल (विधायक प्रतिनिधि), रामेश्वर रावत , बिजेंद्र गुर्जर , मनोज कुशवाह , हेमंत बाथम ,अरुण राजावत एवं समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं जनसेवक साथी सम्मलित रहें।

## संत समुदाय के संतों के साथ महामंडलेश्वर प्रयागराज हुए रवाना

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

महामंडलेश्वर स्वामी मोहनानंद सरस्वती महाराज अपने खालसा के साथ महाकुंभ प्रयागराज को हुए रवाना उनके साथ बडी संख्या में संत समुदाय के संत भी साथ जा रहा है साथ ही महामंडलेश्वर मोहनानंद महाराज ने अपने सभी शिष्यों एवं धर्मप्रेमीयो से अनुरोध किया है की महकुंभ में जाकर पर्व स्नान करके पुन्य लाभ प्राप्त करे हमारे खालसा में पधारे,रहने खाने विश्राम आदि की व्यवस्था हम करेंगे उन्होंने अपने खालसा तक पहुंचने की पुरी जानकारी भी सार्वजनिक रूप से सभी धर्मप्रेमीयो को भेज दी है यहां वता दे की महामंडलेश्वर महाराज के खालसा में प्रतिदिन भंडारे चलेगे सेकंडों साधु संतों एवं हजारों भक्तों की रहने खाने विश्राम की व्यवस्था रहेगी

## उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किला अंबाह की रासेयो इकाइयों द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के पूर्व दिवस में किया गया स्वच्छता कार्यक्रम




दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

**अम्बाह ।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किला अंबाह की रासेयो इकाइयों द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के पूर्व दिवस में विद्यालय परिसर में सघन सफाई अभियान प्रारंभ कर समतलीकरण कर स्वच्छता का संदेश दिया कार्यक्रम में सभी विद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की कार्यक्रम में रासेयो अधिकारी श्री शिवदत्त शर्मा ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि मैं कि हमें अपने परिवेश को अत्यंत स्वच्छ रखना चाहिए इस अवसर पर एक सैकड़ा राष्ट्रीय छात्र छात्राएं एवं समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा जिसमें करण सिंह जैन विद्यालय के वरिष्ठ गणक विनोद शर्मा जी ओपी शर्मा मदन मोहन शर्मा रवि शर्मा शिवराम शर्मा राजीव तोमर संगीता कुशवाहा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## करणी सेना जिला उपाध्यक्ष ने बैकुंठ एकादशी को गाय माता के हरे चारे के लिए दिया दान

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के भिंड जिला उपाध्यक्ष रणजीत सिंह ने लहार नगर की मां गायत्री गौशाला में चल रही निराश्रित गौवंशो की सेवा के लिए बैकुंठ एकादशी के पर्व पर 50, किलो हरे चारे के हेतू स्वैच्छिक सहयोग राशि दान दी और आम जन से अपील करते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग के लोगों को भुख से मरती गायों को चारा खिलाना चाहिए एवं सर्दी के प्रकोप से बचाने का प्रयास करना चाहिए गौ माता की सेवा से सभी देवता प्रसन्न होते हैं और बुरे ग्रहों के दोष खत्म हो जाते हैं जीवन में सुख समृद्धि आती है।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर नशे के खिलाफ मैराथन दौड़ आज

**ग्वालियर।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को सुबह 8.30 बजे से ग्वालियर में नशा मुक्त ग्वालियर अभियान के तहत मैराथन का आयोजन किया गया है। मैराथन दौड़ जेसी मील स्कूल खेल मैदान से प्रारंभ होगी तथा हजीरा चौराहा, किलागेट, सेवा नगर, फूलबाग् होकर वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई समाधि स्थल पर समापन होगा।



ऊर्जा मंत्री प्रदुमन सिंह तोमर ने इस मैराथन दौड़ में सहभागी बनने के लिए सभी शहरवासियों से आव्हान किया है। ऊर्जा मंत्री ने अपील की है कि स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को आत्मसात करते हुए इस मैराथन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और समाज को नशा मुक्त बनाने के संकल्प में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# शिविरों के माध्यम से किया जा रहा है लोगों की समस्याओं का समाधान



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालियर।** आम जन की राजस्व एवं अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने के लिये जिले में तहसील एवं ग्राम स्तर पर शिविर लगाए जा रहे हैं। इस क्रम में शनिवार को जिले की जनपद पंचायत भितरवार की ग्राम पंचायत सहारन व आदमपुर में शिविर लगाए गए। साथ ही आंतरी, सूखापठा, जनकपुर, घाटीगाँव व मुरार क्षेत्र में शिविर लगाकर आमजन की समस्याओं का निराकरण किया गया। शिविर में राजस्व संबंधी विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराया गया तो कुछ अन्य समस्याओं के निराकरण की रूपरेखा तय की गई। शिविरों के माध्यम से खासतौर पर ई-केवायसी, फॉर्मर आईडी, सीमांकन, बटवारा, अभिलेख दुरुस्ती एवं स्वामित्व योजना इत्यादि से संबंधित समस्यायें हल की गईं। इसके अलावा पीएम किसान पोर्टल पर ई-केवायसी, भू-लेख रिकॉर्ड की आधार से लिंकिंग एवं बैंक खाते से आधार लिंक कराकर डीबीटी (डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर) का काम भी इस दौरान किया गया। साथ ही नामांतरण, बटवारा व सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की रूपरेखा तय की।

# श्रीरामलीला समारोह समिति ने 101 किलो लड्डूओं के प्रसाद का किया वितरण

## श्री राम लल्ला प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर महाराज बाड़ा पर हुई आतिशबाजी व बैंडबाजे की धुन पर नाचे भक्त

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालियर।** श्रीरामलीला समारोह समिति (रजि) ग्वालियर के द्वारा श्रीराम मंदिर,अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूर्ण होने पर महाराज बाड़े पर 101 किलो लड्डुओं का भगवान राम लला को भोग लगाकर धर्म प्रेमी नागरिकों को प्रसाद वितरित किया गया, समिति के कार्यक्रम संयोजक रमेश अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर बैंड बाजो ने मधुर ध्वनि के साथ मंगल गीत गाये जिस पर भक्त जन खूब जमकर नाचे, साथ ही समिति के द्वारा महाराज बाड़े पर आतिशबाजी भी की गई जिसको देखने के लिए हजारों की संख्या में ग्वालियर की जनता महाराज बाड़े पर उपस्थित थी ।



पिछले वर्ष अयोध्या में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भी श्रीरामलीला समिति द्वारा महाराज बाड़े पर भव्य आयोजन किया गया था । इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष विष्णु गर्ग,राधेश्याम भाकर, सत्य कुमार मिश्रा, विजय गोयल रमेश अग्रवाल,राजकुमार गुप्ता, विजय गर्ग, रमेश चौरसिया, गिर्राज अग्रवाल, रामनारायण मिश्रा, गुड्डू वारसी, सुरेंद्र शर्मा सरपंच, आनंद सावंत, रामसुंदर रामू, डॉ. नरेश देव, उमाशंकर सोनी,रुचिका श्रीवास्तव, प्रियंका गर्ग, रवि आनंद गौड़, जितेंद्र जायसवाल, सर्वेश मिश्रा, सतीश साहू, सुधीर गुप्ता, विनोद गोयल,रामनिवास माहेश्वरी, सपना पाल,संजय शांडिल्य, धर्मेन्द्र शर्मा, राकेश अग्रवाल,आदि समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।

# अवैध कॉलोनी काटने वालों के विरूद्ध होगी सख्त कार्रवाई : कलेक्टर श्रीमती चौहान

## अवैध कॉलोनियों के संबंध में जिला प्रशासन एवं निगम के अधिकारियों की संयुक्त बैठक

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालिय।** अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध अभियान चलाकर की जायेगी कार्रवाई । अवैध कॉलोनी काटने वाले कॉलोनाइजर एवं भू-स्वामी के विरूद्ध भी की जायेगी कार्रवाई । विधिवत सुनवाई के उपरांत खसरे में भी इन्द्राज किया जायेगा । कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने शनिवार को अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध कार्रवाई को लेकर विभागीय अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिए हैं। अवैध कॉलोनियों के संबंध में आयोजित बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री अमन वैष्णव, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार, श्री कुमार सत्यम व श्री टी एन सिंह, शहरी क्षेत्र के सभी एसडीएम, सिटी प्लानर श्री पवन सिंघल सहित नगर निगम की बीओ एवं बीआई उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार नई अवैध कॉलोनियों का निर्माण नहीं होना चाहिए। अवैध कॉलोनियों के निर्माण के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा अवैध कॉलोनियों के संबंध में सौंपी गई सूचियों का नगर निगम के बीओ, बीआई एवं पटवारी संयुक्त रूप से निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिन कॉलोनियों को पूर्व में वैध किया जा चुका है, उन्हें छोड़कर शेष कॉलोनियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध



नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा है कि अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध कार्रवाई में राजस्व अधिकारी, निगम अधिकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से दल बनाकर कार्रवाई करें। अवैध कॉलोनी काटने वाले व्यक्तियों के साथ-साथ भू-स्वामी पर भी हो कार्रवाई। निगम के बिल्डिंग अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में अवैध कॉलोनी काटने वालों को नोटिस जारी कर सुनवाई करें। इसके उपरांत अवैध कॉलोनी काटने वालों के विरूद्ध हो कार्रवाई। अवैध कॉलोनी के संबंध में विधिवत खसरे में भी इन्द्राज कराया जाए। नगर निगम आयुक्त श्री अमन वैष्णव ने बैठक में निगम के सभी बीओ, बीआई और पटवारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र की सभी अवैध कॉलोनियों की जाँच कर संयुक्त हस्ताक्षर से अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि आगामी कार्रवाई की जा सके।

बैठक में बताया गया कि अनुविभाग क्षेत्र मुरार में 605, लश्कर में 187, झांसी रोड़ क्षेत्र में 186 एवं ग्वालियर क्षेत्र में 774 अवैध कॉलोनियों की सूची तैयार की गई है। इन सभी की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जायेगी। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी ग्वालियर श्री अतुल सिंह, लश्कर श्री नरेन्द्र बाबू यादव, मुरार श्री अशोक चौहान तथा झांसी रोड के अनुविभागीय अधिकारी श्री विनोद सिंह ने अपने-अपने क्षेत्र की अवैध कॉलोनियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा रणनीति बनाकर कार्रवाई करने की बात कही।

## अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की विशेष बैठक का हुआ आयोजन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालियर।** समस्त अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में विशेष बैठक का आयोजन प्रसूति गृह मुरार के मीटिंग हॉल में दोपहर 3 बज आयोजित की गई जिसमें संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी रणबीर सिंह सिकरवार रविन्द्र त्रिपाठी व अन्य पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि राज्य के कर्मचारियों की लंबित 46 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा जिसके प्रथम चरण में 16 जनवरी 2025 को मुख्य मंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन कलेक्टर को दिया जाएगा इसकी तैयारी को लेकर बैठक रखी गई और आगे के आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जा सके इस बैठक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी एवं घटक संगठनों के पदाधिकारी तथा कर्मचारी साथी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर रविवार, 12 जनवरी 2025 खबरें बेबाक, बेख़ौफ़, बेझिझक



# जटायु सतमार्ग और रावण कुमार्ग के पोषक हैं - बाला व्यंकटेश



**सीधी।** श्रीकृष्ण रसामृत समिति एवं सीधी के श्रद्धालु भक्तों के सहयोग से चलने वाली संगीतमय श्रीराम कथा के पूर्णाहुति दिवस में व्यास पीठ की पूजा तथा कथा प्रवक्ता वृन्दावनोपासक पं बालाव्यंकटेश शास्त्री का माल्यार्पण से स्वागत वन्दन हुआ। समिति के संरक्षक सुरेन्द्र सिंह बोरा, अध्यक्ष कुमुदिनी सिंह, निर्देशक लालमणि सिंह, सचिव डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस, कवि अंजनी सिंह सौरभ, राजेन्द्र सिंह भदौरिया, केपी श्रीवास्तव आदि ने व्यास बालाव्यंकटेश का माल्यार्पण से स्वागत किया। ×जनवरी से लेकर 11जनवरी तक की नौ दिवसीय रामकथा के पूर्णाहुति दिवस की कथा को आयाम देते हुए कथा व्यास जी ने कहा कि माया मृग मारीच को आते राम जी और लखन जी ने भी देखा किन्तु मॉ जानकी बार बार देखती थी। यहॉ इस रहस्य का का प्रमुख कारण यह है कि सीता जी को जगत जननी की उपाधि मृग मारीच के प्रसंग से ही मिली है। उसी प्रकार जैसे अहिल्या उद्धार के कारण मर्यादा पुरुषोत्तम राम को पतित पावन की उपाधि मिली थी। आगे व्यास जी ने बताया कि जटायु सतमार्ग थे और रावण कुमार्ग में इसलिए अपनी चोंच मार के क्षण भरके लिए घायल कर दिया इतना ही नही त्रैलोक्य के ज्ञाता श्री राम आज एक सामान्य मानव की तरह यह कहकर विलाप कर रहे हैं कि हे खग मृग हे मधुकर श्रेनी तुम देखी सीता मृगनयनी। सीताहरण के कारुणिक प्रसंग को आरेखित करते हुए महराज जी ने कहा कि जटायु की संवेदना इतनी अधिक थी कि उन्होने कहा कि मेरी आख के सामने रावण मेरी बेटी को हरण करके लेगया। मैं देखता रहा अचल हो गया किन्तु छुड़ा नही पाया। राम जी ने यह वरदान दिया कि ऐ जटायु तेरे प्राण मेरी गोद में छूटेगा। यह सौभाग्य जटायु को परोपकार के कारण मिला है। आशय यह कि धर्म के पथ पर अग्रसर होने वाला ही धर्मात्मा है।

# क्रमांक 1 विद्यालय के मैदान में आज होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार - श्रवण शुक्ला



**सीधी।** योग गुरू श्रवण शुक्ला ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस एवं युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को प्रदेश के साथ ही सीधी जिले में भी सूर्य नमस्कार सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, क्रमांक 1 के मैदान में प्रात: 09 बजे सुनियोजित है। इसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, नागरिकों के साथ ही शासकीय और अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र.छात्राओं द्वारा एक साथ सामूहिक सूर्यनमस्कार किया जाएगा। योग गुरू श्रवण शुक्ला ने बताया कि जिला स्तरीय आयोजन प्रात: 9 बजे आकाशवाणी प्रसारण के साथ आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रेडियो पर संदेश प्रसारित होगा। सामूहिक सूर्य नमस्कार समस्त शिक्षण संस्थाओं में एक साथ, एक संकेत पर किया जाएगा। सामूहिक सूर्य नमस्कार और इससे जुड़े कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों और आम लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी भी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। सामूहिक सूर्य.नमस्कार में शामिल विद्यार्थियों व आमजन को योग और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के महत्व के बारे में भी बताया जाएगा। सीधी कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिलाधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि निर्धारित समय के पूर्व सभी तैयारियॉ पूर्ण कर लें।

## पंच दिवसीय भारत स्काउट गाइड का शिविर आयोजित



**सीधी।** भारत स्काउट एवं गाइड का द्वितीय एवं तृतीय सोपान जांच शिविर 9 जनवरी से 1× जनवरी तक उत्कृष्ट विद्यालय के परिसर में रा'य उपाध्यक्ष डॉ अजय मिश्रा के मार्गदर्शन एवं भारत स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मणि दुबे के निर्देशन में आयोजित है। शिविर संचालक काउंसलर डॉक्टर शास्त्री प्रसाद मिश्रा है। जांच शिविर में मुख्य रूप से वरिष्ठ शिक्षक एवं सचिव हरिशंकर पाण्डेय, प्रशिक्षण आयुक्त छात्रमणि पाण्डेय, संयुक्त सचिव शशि गौतम, प्रशिक्षक ए पी सिंह, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा एवं सूरज पनिका छात्रों का परीक्षण कर रहे हैं। शिविर में प्रमुख रूप से 'योत्सना विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, आचार्या स्कूल, गांधी विद्यालय, अबोध विद्यालय, गणेश विद्यालय, क्राइस्ट 'योति विद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय सीधी, क्रमांक 2 सीधी, मॉडल स्कूल, शासकीय विद्यालय गजरी और फुलवारी के 140 प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। विभिन्न विद्यालयों से आए हुए शिक्षक मोहम्मद मामून अंसारी, माखन मिश्रा, रोशन लाल जायसवाल, कंचन सिंहए वीरेंद्र खरे, उर्मिला सिंह, सुनीता विश्वकर्मा और श्रीवती गोस्वामी शिविर के संचालन में सहयोगिता दर्ज कर रहे हैं।

# सरस्वती विद्यालय मड़रिया में शिशु नगरी समारोह आयाजित



**सीधी।** सरस्वती विद्यालय मड़रिया में शिशु नगरी समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती शशि गौतम विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष, अध्यक्ष अरुणेन्द्र पांडेय विभाग संगठन मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवा सिंह जिला संगठन मंत्री, द्वारिका प्रसाद गुप्त व्यवस्थापक विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार सिंह, विजय सिंह परिहार अध्यक्ष विद्यालय समिति मंचासीन रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रवलन के पश्चात् अतिथियों का पुष्पगु'छ से स्वागत किया गया। इसके उपरांत प्राचार्य के द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा गया कि 1952 में सरस्वती मंदिर की स्थापना गोरखपुर में हुई। 1959 में रीवा में सीधी जिले के ही रोशन लाल सक्सेना के द्वारा मध्य प्रदेश का पहला सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना की गई और आज एक बहुत बड़ा स्वरूप देखने को मिल रहा है। शिशु नगरी में लगी प्रदर्शनी के द्वारा हम लोग भैया बहनों को शिक्षा देने के कार्य करते हैं, इसके द्वारा भैया बहनों को व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त होता है। व्यवस्थापक ने कहा कि इस कार्यक्रम में पधारे हुए सभी आगंतुकों का बहुत.बहुत स्वागत है, ऐसे कार्यक्रम भैया बहनों को प्रेरणा प्रदान करते हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि छोटे बालकों को सुयोग्य नागरिक बनाने के पीछे मां की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिशु मां के गर्भ से ही सीखना शुरू कर देता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं राष्ट्र सेविका समिति में जो ब'चे बचपन से प्रशिक्षित होते हैं, वे ब'चे अन्य ब'चों की तुलना में अधिक सक्रिय व अनुशासित होते हैं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के सांस्कृतिक प्रभारी बृहस्पति प्रसाद मिश्रा के द्वारा एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रधानाचार्य राम शिरोमणि शर्मा के द्वारा किया गया।

# कांबिंग गस्त के दौरान पुलिस ने 49 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**सीधी।** पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं समस्त अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन एवं समस्त थाना चौकी के प्रभारियों के नेतृत्व में 10/11 जनवरी के दरम्यानी रात जिले भर में विशेष अभियान चलाकर 8 स्थाई वारंट एवं 41 गिरफ्तारी वारंट कुल 49 वारंट तमिल किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया हैं। साथ ही गस्त के दौरान 29 गुण्डा बदमाश एवं 18 निगरानी बदमाशों को कांबिंग गस्त के दौरान चेक कर भविष्य में अपराध कारित न करने की हिदायत दी गई है। सीधी पुलिस ने विभिन्न अपराधों के प्रकरणों मे जो आरोपी न्यायालय के समक्ष उपास्थित नहीं हुए है उनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। उपर्युक्त लंबे समय से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास किये गये है लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्व से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम राशि की उद्घोषणा की गई थी। इसी तारतम्य में अभियान स्तर पर कार्यवाही करते हुये सीधी पुलिस द्वारा जिले भर में सप्ताहिक कांबिंग गस्त चलाकर एक दिन में 49 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

## जमोड़ी पुलिस ने 60 लीटर देशी महुआ शराब की जप्त, प्रकरण पंजीबद्ध



**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ रविंद्र वर्मा द्वारा अवैध शराब विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी जमोड़ी विशाल शर्मा के नेतृत्व में जमोड़ी पुलिस द्वारा 10 जनवरी 25 को आरोपी रवी प्रसाद जायसवाल पिता रामकृपाल जायसवाल उम्र ×4 वर्ष निवासी पनवार चौहानन टोला के कब्जे से 4 प्लास्टिक के डिब्बों में कुल 60 लीटर क'ची देशी हाथ भट्टी महुआ की अवैध शराब कीमती 11000 रुपये आरोपी के कब्जे से जप्त कर मामला पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना मे लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक विशाल शर्मा, प्रआर किरण मिश्रा, लल्लू विश्वकर्मा एवं शांति सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

# भारतीय मजदूर संघ पंचायत पेसा मोबिलाइजर संघ ने सौपा ज्ञापन



**सीधी।** भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री दीपनारायण द्विवेदी ने प्रेस विज्ञप्ति को जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को प्रदेश के सभी जिलों में भारतीय मजदूर संघ की अगुवाई में ज्ञापन सौपा जा रहा है। इसी क्रम में जिला इकाई द्वारा पंचायत पेसा मोबिलाइजर संघ जिला सीधी के अध्यक्ष रजनीश साहू एवं समस्त कार्यकारणी मोबिलाइजर एवं भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों द्वारा वेतन निर्धारण के संबंध में जारी आदेश में वेतन निर्धारण राशि नहीं दर्शायी गई जो कि 01 अप्रैल 2024 को लागू की गई थी जिसका भुगतान एक माह किया गया था। परन्तु उसके बाद स्थगन आदेश जारी कर दिया गया था जिससे श्रमिको को निर्धारित वेतन का लाभ नहीं मिल रहा है। जिसके संबंध में जिले में भी ज्ञापन सौपा गया है। जिससे श्रमिकों को नये नियम के अनुसार वेतन निर्धारित कर भुगतान किया जाये तथा जारी आदेशानुसार श्रमिको को एरियर्स का भी भुगतान किया जाये। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ जिला इकाई सीधी के जिला मंत्री दीपनारायण द्विवेदी, कार्यालय मंत्री प्रदीप साहू तथा पंचायत पेसा मोबिलाइजर संघ के अध्यक्ष के साथ समस्त कार्यकारणी उपस्थित रहें।

## लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम अंतर्गत कार्यालय स्टॉफकी संविदा आधार पर भर्ती

**सीधी।** जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र जोशी ने जानकारी देकर बताया कि लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम अंतर्गत कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी में 1 पद कार्यालय सहायक/क्लर्क, 1 पद रिसेप्सनिस्ट सह डाटा एन्ट्री आपरेटर एवं 1 पद कार्यालय भृत्य के लिए संविदा आधार पर 1 वर्ष नियुक्ति हेतु आवदेन पत्र दिनांक 10.02.2025 सायं 5 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय सीधी में आमंत्रित किये गये है। उक्त विज्ञप्ति कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के सूचना पटल पर चस्पा है एवं जिला न्यायालय सीधी के वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।



# सिंगरौली पुलिस द्वारा सृजन अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए

**सिंगरौली से दिलीप कुमार गुप्ता की खास रिपोर्ट**




पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित सृजन अभियान के अंतर्गत जिला सिंगरौली में पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में विभिन्न थाना/चौकी क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आज दिनांक 10.01.2025 को थाना बरगवा अंतर्गत ग्राम गडेरिया में माननीय विधायक श्री राजेंद्र मेश्राम की अध्यक्षता में विशेष जागरूकता कार्यक्रम सृजन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन महिला सुरक्षा शाखा, सिंगरौली द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणजनों के साथ निम्न विषयों पर संवाद किया गया

1. महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा।
2. बाल विवाह, बलात श्रम, दहेज प्रथा एवं घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियां।
3. महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं डायल 100 की सेवाओं के उपयोग।
4. साइबर अपराध से बचने के उपाय।
5. बालक-बालिकाओं के कौशल उन्नयन तथा बच्चों के हित में कार्य करने वाली संस्थाओं की जानकारी।

कार्यक्रम में ग्रामीणों को यह बताया गया कि महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी पुलिस दीदी के रूप में हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर हैं। किसी भी समस्या के लिए निकटतम थाने या हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने की अपील की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय विधायक श्री राजेंद्र मेश्राम, थाना प्रभारी बरगवां श्री शिवपूजन मिश्रा, महिला सुरक्षा शाखा से उपनिरीक्षक प्रीति साकेत, आरक्षक धनंजय यादव, विकर्ण प्रताप सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, नवगढ़ में महिला थाना सिंगरौली द्वारा सृजन अभियान के अंतर्गत बच्चों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग भी दी गई। इस दौरान बच्चों को आत्मरक्षा के विभिन्न कौशल सिखाए गए।

कार्यक्रम में उप निरीक्षक प्रियंका शर्मा, महिला प्रधान आरक्षक अल्पना सिंह, बेला काली, अखिलेश रावत, विशाल सेल्फ डिफेंस ग्रुप से गणेश सिंह एवं विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। सिंगरौली पुलिस द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और समाज को जागरूक बनाना है।

# 12 को कन्हैया मित्तल द्वारा भजन संध्या

## परासिया रोड सांसद कार्यालय के सामने मैदान में होगा

**धनंजय वडसमुद्रकरजोशी**

**छिंदवाड़ा** ( केसरिया हिंदुस्तान)। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर 12 जनवरी को रात्रि 8 बजे से विश्व प्रसिद्ध भजन सम्राट कन्हैया मित्तल जी भजन की प्रस्तुति देंगे। कन्हैया मित्तल जी का कार्यक्रम सांसद कार्यालय के सामने परासिया रोड स्थित मैदान में आयोजित किया गया है।

सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने कन्हैया मित्तल जी के आगमन पर उनकी आवाज और भजन की तारीफ करते हुए कहा कि जिनकी आवाज से पूरे देश और सनातन धार्मियों को विभूत किया जो राम को लाए हैं इस भजन को लोकप्रिय बनाकर आम जनता तक पहुंचने वाले सुप्रसिद्ध गायक कन्हैया मित्तल का 12 जनवरी को आगमन हो रहा है ।सांसद ने छिंदवाड़ा पांढुर्णा जिले के सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है । कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पुष्प वर्षा,इत्र वर्षा और बाबा श्याम का दरबार लगेगा, कार्यक्रम में पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है साथ ही महिलाओं के बैठने की उत्तम व्यवस्था की गई है।12 जनवरी को होने वाले कन्हैया मित्तल जी के कार्यक्रम को लेकर सांसद ने आयोजन स्थल का भी निरीक्षण किया।

# महिला पतंजलि योग समिति ने वैदिक मंत्रों से योगाभ्यास, सूर्य नमस्कार कराया



**धनंजय वडसमुद्रकरजोशी**

छिंदवाड़ा केसरिया हिंदुस्तान) महिला पतंजलि योग समिति के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में पूजा लान में वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ सूर्य देवता को अर्घ देते हुए योगाभ्यास तथा सूर्य नमस्कार किया गया। इस अवसर पर आदरणीय माता तुल्य हमारी कमला डेहरिया दीदी द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चरित्र पर प्रकाश डाला द्य हास्यासन व शांति पाठ के साथ सूर्य नमस्कार पर्व को सभी बहनों ने हर्ष उल्लास के साथ मनाया द्य इस अवसर पर नियमित योग कक्षा चंदन गांव की योग शिक्षिका बहन आदरणीय विमल शेर के, अनिला पवार बहनों को भेंट स्वरूप योगासन के बैनर दिए गए द्यसभी योग शिक्षक बहने कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि मनाई गई



**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**

**महिदपुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी पुण्यतिथि शनिवार को स्थानीय आंबेडकर चौक पर ब्लाक एवम शहर कांग्रेस कमेटी महिदपुर के संयुक्त तत्वावधान में मनाई गई। जिला कांग्रेस प्रवक्ता अरुण बुरड़ ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अनिल आंचलिया ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में कांग्रेसजनों ने स्व. शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि दी।

श्री आंचलिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि सादगी भरा जीवन जीने वाले शास्त्री जी एक कुशल नेतृत्व वाले गांधीवादी नेता थे। उन्होंने भारत की रक्षा के लिए सैनिको को उत्साहित करने के लिए %जय जवान - जय किसान % का नारा दिया था। वे देश के पूर्व प्रधानमंत्री रहे तथा उन्हें भारत रत्न की उपाधि से भी अलंकृत किया गया था। उपस्थित कांग्रेसजनों ने भी उद्बोधन में अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम का संचालन शहर कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग ने किया। आभार बाबा नागोरी ने माना। इस अवसर पर प्रमुख रुप से पार्षद कैलाश बगाना, पार्षद प्रतिनिधि जाकिर मंसूरी, रईस कुरेशी, इकबाल नागोरी, युवक कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्रसिंह चौहान, दिनेश बारोठ आदि उपस्थित थे।

# युवक ने दोस्त को मैसेज भेज लिखा मुझे बचा ले मैं मर रहा हूं, पुलिस पहुंची तो पंखे पर लटका मिला

**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान 9977848634**



सनावद-खंडवा जिले के मूंदी निवासी एक युवक ने सनावद के एक निजी होटल में गलत कदम उठा लिया। इससे पहले उक्त युवक ने अपने एक दोस्त को मैसेज भेजकर सूचना दी और कहा कि आकर मुझे बचा लो। शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजकर 20 मिनिट पर किए गए मैसेज के बाद उसके दोस्तों ने वहीं से उसके परिवार के लोगों और सनावद थाने पर सूचना दी। पुलिस जब होटल में पहुंची तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। युवक का नाम रूपेश उर्फ मोनू पिता संतोष राठौर है जो मूंदी का निवासी है।

सनावद थाने से एएसआई बीएस जमरे और चंपालाल सोलंकी मौके पर पहुंचे थे, युवक जिस कमरे में था, वहां का दरवाजा तोड़ा और अंदर जाकर देखा तो युवक मृत हो चुका था। कुछ देर में उसके दोस्त भी घटनास्थल पर पहुंचे। और उन्होंने मृतक द्वारा घटना से पहले भेजे गए मैसेज के संबंध में पुलिस को जानकारी दी। सनावद थाना प्रभारी इंद्रेश त्रिपाठी ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। परिवार के बयान लेकर मामले की जांच कर घटना के कारणों का पता लगाया जाएगा। शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव लेकर परिजन शाम करीब 6,30 बजे मुंदी पहुचे, जहां बड़ी संख्या में रूपेश के दोस्त और रिश्तेदार, परिवार वाले भी पहुँचे थे। घटना को लेकर परिवार बालों का रो - रो कर बुरा हाल है।

# ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने किया रक्त दान

**कामता पटेल की रिपोर्ट**





**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान** सिवनी 11 जनवरी 25/कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय के मार्गदर्शन में शनिवार 11 जनवरी को ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा जिला चिकित्सालय सिवनी में आयोजित रक्तदान शिविर में सहभागिता की गई कार्यपाली यंत्री उपेंद्र मिश्रा सहित 18 अधिकारी कर्मचारियों ने रक्तदान किया।

# शा उमावि धमनार में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुतिया

**बापुलाल डांगी/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



शा उमावि धमनार मे वार्षिकोत्सव- 2025 कार्यक्रम सर्वप्रथम माॅ सरस्वती पूजन के साथ आरंभ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य श्री राजेश चंद्र शर्मा ने माॅ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम साहित्यिक गतिविधियां आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियो ने कविता एवं गीत की रोचक प्रस्तुति दी।साहित्यिक गतिविधियों का संचालन विद्यालय के शिक्षक श्री पारसमल नलवाया ने किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत रंगारग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

एकल नृत्य, समूह नृत्य, नाटक एवं विशिष्ट वैशभूषा की रोचक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका सुश्री खुशबू सिसौदिया ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से बेटी बचाओ, साईबर सुरक्षा एवं सामाजिक कुरूतियों से संबंधित प्रस्तुतियों ने सबको जाग्रत करते हुए भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में श्री श्यामलाल माली,श्री नारायण प्रजापत एवं श्रीमती सिद्धश्री चौबे उपस्थित रहे। उक्त जानकारी विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री मुकेश सोनी ने दी।

# स्वर्ण गिरी पर्वत परिक्रमा का आयोजन हुआ



**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**

**महिदपुर** ।श्रीकृष्ण सुदामा धाम नारायणा से पश्चिम दिशा में स्थित स्वर्णगिरी पर्वत मुखारविंद ग्राम चिरमिया में आज पुत्रदा एकादशी के उपलक्ष्य में प्रतिमाह अनुसार इस माह भी स्वर्णगिरी पर्वत परिक्रमा का भव्य आयोजन हुआ।

शुक्रवार की प्रातः स्वर्णगिरी महाराज का दुग्धाभिषेक हुआ तत्पश्चात महा आरती एवं भागवताचार्य पंडित दिनेश शर्मा के प्रवचन हुए। तत्पश्चात परिक्रमा स्वर्णगिरी धाम चिरमिया से शुरू हुई जो वीर हनुमान मंदिर आक्याधांगा, श्रीराम बालाजी धाम महू, श्रीकृष्ण सुदामा धाम नारायणा होते हुए पुनः स्वर्णगिरी धाम ग्राम चिरमिया पहुंची। जहां महाआरती के पश्चात परिक्रमा का समापन हुआ। मार्ग में जगह-जगह ग्रामीण भक्तजनों द्वारा श्रद्धालुओं और संतों का भव्य स्वागत एवं जलपान की व्यवस्था की गई। परिक्रमा में भागवताचार्य जितेंद्र जी शर्मा खोरिया, स्वर्णागिरी पीठाधीश्वर महेंद्रगिरी जी महाराज,नारायण यादव उज्जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह बोरमुंडला, जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह पटेल, उज्जैन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र आंजना, स्वर्णगिरी एवं नारायणा धाम के मुख्य पुजारी प्रेम नारायण शर्मा तथा क्षेत्र के सैकड़ो श्रद्धालु सम्मिलित हुए। उक्त जानकारी किशोर पांचाल ने दी।

# घनश्याम गुर्जर बने राष्ट्रीय सनातन सेना में प्रदेश उपाध्यक्ष

**दैनिक कैसेरिया हिंदुस्तान-**



ग्वालियर। युवा समाजसेवी हर समाज के प्रति कार्य करने की लगन आपके द्वारा कार्य करने की क्षमता के माध्यम से गरीव एवं असहाय लोगों की आवाज बुलंद करने की क्षमता एवं मेहनत लगन को देखते हुए राष्ट्रीय सनातन सेना भारत राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद शुक्ला व राष्ट्रीय सनातन सेना भारत के वरिष्ठ पदाधिकारी के द्वारा घनश्याम गुर्जर को राष्ट्रीय सनातन सेना भारत में प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सोपा प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व मिलने पर शहर के कई समाजसेवियों एवं उनके इष्ट मित्रों के द्वारा उनको पुष्प हार पहनाकर एवं दुरभाष के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर घनश्याम गुर्जर के द्वारा राष्ट्रीय सनातन सेना भारत के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया उन्होंने आगे कहा कि मेरे द्वारा किए गए कार्यों के माध्यम से संगठन के द्वारा दिए गए कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा एवं आशा करता हूं कि वरिष्ठ जनों का आशीर्वाद एवं सहयोग यूं ही मिलता रहेगा आगे उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा कार्यो के माध्यम से राष्ट्रीय सनातन सेना भारत के द्वारा किए जा रहे कार्यों को जन जन तक पहुंचाऊंगा

# शहर का तेज तर्रार निड़र युवा पत्रकार सुमित साहू गौरव अवार्ड से सम्मानित

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**




ग्वालियर- प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ एवं दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र संयुक्त रूप से आयोजित मध्यप्रदेश गौरव अवार्ड 2025 सम्मान समारोह का आयोजन राज्य भवन संग्रहालय भोपाल में बहुत ही भाव रूप से संपन्न हुआ इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आशीष अग्रवाल प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा एवं वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी सुरेंद्र गोस्वामी, भागवताचार्य रामबरन शास्त्री, परम पूज्य गुरुदेव रमाकांत दुबे, सत्येंद्र भदोरिया मंच पर उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रजलन के साथ किया गया साथ ही अतिथियों के स्वागत वंदन किया गया। कार्यक्रम के मध्य में पत्रकार हितों को लेकर विशेष मुद्दों पर चर्चा भी की गई। पत्रकारिता और समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर तेज तर्रार युवा निड़र पत्रकार सुमित साहू को मध्यप्रदेश गौरव अवार्ड से हुए सम्मानित। यह सम्मान राज्य की राजधानी भोपाल में दिया गया, जो उनके पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया उनके लिए यह महत्वपूर्ण कदम है। पत्रकारिता और समाजसेवा में सुमित साहू ने गौरव सम्मान प्राप्त कर ग्वालियर शहर का बढ़ाया मान है। गौरव अवार्ड सम्मान प्राप्त करने पर उनके इष्ट मित्रों के द्वारा उनको मिलकर एवं दूरभाष के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की

## संक्षिप्त समाचार

### लोगों की सक्रियता से पकड़ा मोबाइल चोर

**आज दिन बढ़ रही चोरी की वारदातें बीते दिनों हुई चोरियों का आज दिनांक तक नहीं लग सका कोई पता पुलिस के हाथ खाली**



**संवाददाता विपिन पटेल**

तेंदूखेड़ा शनिवार के दिन लगने वाले साप्ताहिक बाजार में मोटरसाइकिल चोरी और मोबाइल चोरी की घटनाएं बढ़ती ही चली जा रही है। और चोर पकड में नहीं आ पा रहे हैं। लेकिन शनिवार के दिन युवाओं की सक्रियता कामयाब हुई।एक दुकान पर मोबाइल खरीदते समय दो युवा चोर पहुंचे और वहां अन्य ग्रामीणों के बीच जाकर दुकान पर खड़े हो गए।पलक झपकते ही मोबाइल उठाकर जा ही रहे थे कि अचानक लोगों ने देख लिया। लेकिन मोबाइल दूसरे युवा को थमा दिया मोबाइल लेकर वह तो चंपत हो गया लेकिन उठाने वाला हत्थे चढ़ गया।जिसे पकड़कर पुलिस के हबाले कर दिया गया है।वह रायसेन जिले के उदयपुरा के समीप कैकडा गांव का बता रहा है। यदि पुलिस सख्ती से पूंछताछ करेगी तो निश्चित तौर पर अभी तक चोरी हुये मोबाइलों की जानकारी के साथ पूरा गिरोह का पर्दाफाश हो सकता है।

### हटा जनपद परिसर में एसडीएम हटा ने गणतंत्र पर्व को लेकर ली आवश्यक बैठक



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान दीपेंद्र पटेल**

**दमोह/हटा** हटा जनपद पंचायत परिसर के आजीविका मिशन भवन में हटा एस.डी.एम. राकेश मरकाम ने गणतंत्र पर्व को लेकर आवश्यक बैठक ली। बैठक में हटा जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी, एस.डी.ओ.पी. प्रशान्त सिंह सुमन, सी.एम.ओ राजेन्द्र खरे सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियो की मौजूदगी रही, बैठक में गणतंत्र पर्व आयोजन के लिए एम.एल.बी. स्कूल परिसर में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और छात्र-छात्राओं की बैठक व्यवस्था, साफ सफाई, पेयजल, बिजली आदि व्यवस्थाओ पर चर्चा की गई। आयोजन में ध्वजारोहण, सांस्क्रतिक कार्यक्रम और झांकियों का प्रदर्शन आदि पर चर्चा की गई। कार्यक्रम को लेकर हटा एसडीएम श्री मरकाम से अमले को आवश्यक निर्देश दिए।

### अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूर्ण, जोबट में धूमधाम से मनाई पहली वर्षगांठ



**हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान**

**जोबट।** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का शनिवार को पौष शुक्ल द्वादशी पर एक वर्ष पूर्ण हुआ। नगरवासियों द्वारा प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर श्री राम दरबार का आकर्षक श्रृंगार किया गया। मंदिर को जगमग रोशनी से सजाया गया। प्रात: बारह बजे ढोल नगाड़े व आतिशबाजी के साथ धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ भगवान श्री रामलला की महाआरती की गई। पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया। शाम को सामूहिक महाआरती के बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय शिव भक्त भजन मंडल के सदस्यों द्वारा भगवान राम के एक से बढ़कर एक आकर्षक भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान समूचा नगर श्री रामलला की भक्ति में सराबोर हो गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रामभक्त पुरुषों, बच्चों और मातृशक्तियों ने सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाया। पंडित राकेश चौबे ने बताया कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद पिछले साल 22 जनवरी पौष शुक्ल द्वादशी पर अयोध्या में रामलला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा हुई थी, जिसकी खुशी में पूरे देश में हिंदुओं द्वारा देवालयों में धूमधाम से किए गए कई धार्मिक आयोजनों से यह दिन यादगार और ऐतिहासिक दिन बन गया था। प्राण प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को पूरे भारत देश सहित नगर में भी कई धार्मिक आयोजन किए गए।

# छोटे-छोटे दुकानों की आड़ में बेची जा रहे हैं गांजे की पुड़िया और कोरेक्स

**अखंड प्रताप सिंह की रिपोर्ट केसरिया हिंदुस्तान**



**धनपुरी जिला शहडोल।** नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए सरकार और प्रशासन की ओर से कई कदम उठाए जा रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद भी नशे का कारोबार फल-फूल रहा है, जिससे युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ रहा हैं।

शहडोल जिले के अमलाई और धनपुरी थाना क्षेत्र में नशे का कारोबार खुलेआम चल रहा है, जहां गांजा, शराब और कोरेक्स आसानी से मिल जाता है। इसके लिए छोटे-छोटे किराने की दुकानों का इस्तेमाल किया जा रहा है और यहां तक कि घरों में भी नशे का कारोबार किया जा रहा हैं अमराडंडी बाजार के पास छोटे छोटे किराने दुकानो की आड़ में बेचे जाते है गांजा और धनपुरी 3 नंबर मेडिकल में बेचे जाते है कोरेक्स नशे की सिरफ आस पास सहित ग्रामीण क्षेत्र के युवा पीढ़ी हो रहे बरबाद-क्षेत्र में नशाखोरी का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। शराब के नशे से तो हर कोई परिचित हैं लेकिन इन दिनों क्षेत्र के युवा वर्ग गांजे के नशा का खुमार चढ़ा हुआ है। इस नशे की गिरफ्त में दस साल से लेकर अधिक उम्र के लोग शामिल हैं। जिनको इस नशे की लत इस कदर जकड़ रखा है कि क्षेत्र के आसपास के कई ऐसे ठिकाने है जो बन चुका है अड्डा जहां गांजा शराब और कोरेक्स आसानी से मिल जाता है 3नंबर उस्लापुर धनपुरी अमराडंडी में कई जगहों के आस पास में गांजे शराब और कोरेक्स सिरफ़ का नशा करने वाले युवा कही मारपीट तो कही गाली गलौच करते फिरते है युवा नशे के लिए कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं फिर चाहे चोरी की वारदात ही क्यों न हो। इस समस्या के समाधान के लिए सरकार और प्रशासन को और सख्त कदम उठाने की जरूरत है, जैसे कि-

■ **नशे के कारोबार पर सख्त कार्रवाई***- पुलिस और प्रशासन को नशे के कारोबार पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और इसके लिए विशेष अभियान चलाना चाहिए।

■ **नशे के आदी युवाओं की मदद***- सरकार को नशे के आदी युवाओं की मदद करने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाने चाहिए, जिससे वे नशे से मुक्त हो सकें।

# रामलला प्राण प्रतिष्ठ वार्षिक महोत्सव के निमित्त निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला शाजापुर मुकेश पांचाल**

शुजालपुर में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ रामलाल प्राण प्रतिष्ठा वार्षिक महोत्सव मनाया जा रहा है जिसके निमित्त आज नगर शुजालपुर में गणेश मंदिर से रामलाल की पोशाक यात्रा नगर के मुख्य मार्ग होते हुए राम मंदिर पहुंची जहां पर भारी मात्रा में श्रद्धालु उपस्थित रहे नगर में भ्रमण करते समय शोभायात्रा का स्वागत किया गया और पुष्प वर्षा के साथ प्रभु श्री राम लाल का स्वागत किया गया हिंदू उत्सव समिति रामधुन प्रभात फेरी मंडल सिद्धेश्वर प्रभात फेरी मंडल सहित अन्य हिंदू जागरण समिति उपस्थिति रही

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर राजयोग विषय की कार्यशाला आयोजित

**निलेश मेहता, दैनिक केसरिया हिंदुस्तान -**



**नागदा** - प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केन्द्र नागदा द्वारा आध्यात्मिक विश्व गुरु स्वामी विवेकानन्द जी के जन्मदिवस 12 जनवरी के सुअवसर पर गुरुकुल विद्या मंदिर ,प्रकाश नगर के युवा छात्र छात्राओं के साथ *यूथ फ़ॉर ए सस्टेनेबल फ्यूचर -शेपिंग द नेशन विथ रेसिलिएन्स एंड रिस्पांसिबिलिटी थीम* पर कार्यशाला आयोजित करके मनाया । सर्वप्रथम अतिथियों डॉ रमेशचंद्र जी शर्मा , ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी , ब्रह्माकुमारी रूबी दीदी , डॉ प्रदीप रावल ,संस्था संचालक राजेश शर्मा , प्राचार्या श्रीमती चित्रलेखा व्यास ने दीप प्रज्वलन कर माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यशाला का शुभारंभ किया ।

अतिथियों का स्वागत राजकुमार गोठवाल , राजेश शर्मा ,श्रीमती चित्रलेखा ने किया । छात्राओं सुश्री सोनिया झाला ,स्नेहा परमार ,मीनाक्षी प्रजापत ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की । *ब्रह्माकुमारीज़* का परिचय ,उद्देश्य , भूमिका , *विहासा प्रोजेक्ट* की जानकारी से सदन को अवगत कराते हुए डॉ प्रदीप रावल ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से , ध्येय वाक्यों से ,शिक्षाओं से ,स्वर्णिम महत्वपूर्ण तीन सूत्रों से परिचित कराया । मुख्य वक्ता बी के रूबी दीदी ने राजयोग के सभी पहलुओं को बताते हुए कॉमेंट्री से सभी को मेडिटेशन का अद्वितीय अनुभव कराया । अपने आशीर्वचन में केन्द्र प्रभारी बी के पूनम दीदी ने सभी छात्र छात्राओं को सुरुचिपूर्ण तरीके से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के आसान तरीके बताये , अपने सकारात्मक संकल्पों के माध्यम से सफलता प्राप्त करने , ऊर्जावान ,सदैव प्रसन्न रहने के सूत्रों को बताया । समापन पर एक्टिविटी द्वारा सभी छात्र , छात्राओं , समस्त शिक्षक ,शिक्षिकाओं , स्टाफ ने एक दूसरे को शुभ भावना , शुभ कामना पुष्प भेंट करते हुए प्रेषित की । संस्था प्राचार्या श्रीमती चित्रलेखा व्यास ने सभी को मेडिटेशन के छात्र जीवन में महत्व को समझाया ।मुख्य अतिथि डॉ रमेशचंद्र शर्मा ने संस्कारों में परिवर्तन लाने का आव्हान सभी से किया।विद्यालय के श्री राजकुमार गोठवाल ,श्री रवि भाटिया ,श्रीमती अन्तिम पांचाल ,श्रीमती सीमा व्यास ,श्रीमती गौरी अग्रवाल ,सुश्री मेघा चौहान ,श्रीमती अनिता सिसौदिया सक्रिय रूप से उपस्थित रहे ।मुख्य अतिथि , प्राचार्या एवं संचालक को ईश्वरीय सौगात केंद्र प्रभारी पूनम दीदी ने भेंट की । कार्यक्रम का सफल संचालन आशा सैनी ने किया एवं सभी का आभार संचालक राजेश शर्मा ने माना ।

# कलेक्टर श्री कोचर शासकीय प्राथमिक शाला लुहर्रा में आयोजित एफएलएन मेले में हुये शामिल



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान- पुरषोत्तम साहू**

**दमोह/हिंडोरिया*** दमोह जिले के सभी प्राथमिक शालाओं में आज कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों के लिए एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। इसी क्रम में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर शासकीय प्राथमिक शाला लुहर्रा में आयोजित एफएलएन मेला पहुंचे। कलेक्टर श्री कोचर ने मेले के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मेला विद्यार्थियों के सीखने के अनुभव को रोचक बनाने के साथ-साथ अभिभावकों और शिक्षकों के बीच जागरूकता और समन्वय बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां, खेल और प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया। सभी उपस्थित शिक्षकों और सीएसी ने इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक (ष्ठक्क्ट) मुकेश द्विवेदी, एफएलएन नोडल अधिकारी शुभम कपूर, सीएसी, विजय नामदेव भी उपस्थित रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा के अंतर्गत मनाया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

**दिनेश पौराणिक केसरिया हिंदुस्तान**



बड़ावदा श्री कृष्ण गोपाल गौशाला में भागवत के आज चतुर्थ दिवस पर भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव उत्साह पूर्वक मनाया गया। कथा व्यास श्री पंडित अंकित पौराणिक द्वारा समुद्र मंथन की कथा प्रहलाद चरित्र श्री राम जन्म कथा का वर्णन किया गया।

श्री पौराणिक ने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ता है तब तब भगवान का अवतरण होता है इसी प्रकार कंस के अत्याचार बढ़ने पर श्री कृष्ण ने जन्म लिया श्री कृष्ण जन्मोत्सव भक्तगण द्वारा उत्साह से मनाया गया एक दूसरे को बधाईयां दी नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की भजन कीर्तनएवं नृत्य के द्वारा भक्तों ने भगवान को रिझाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के दौरान बालकृष्ण ढोल द्वारा भागवत स्थल श्री कृष्ण गोपाल गौशाला में आए वहां उपस्थित भक्तगणों ने फूलों की वर्षा की एक दूसरे को हल्दी गुलाल लगाकर खुशियां मनाई गौशाला में भागवत और प्रयागराज में कुंभ पर्व एवं मलमास इन तीनों रूप त्रिवेणी का सभी भक्त भागवत श्रवण कर आनंद ले रहे हैं कथा के पंचम दिवस श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कंस वध उसके साथ गोवर्धन पूजा का भी उत्सव मनेगा गोवर्धन पूजा के बाद श्री गोवर्धन नाथ भगवान को छप्पन भोग भक्तों द्वारा अर्पण कीया जाएगाआयोजकों द्वारा भागवत ज्ञान गंगा में अधिक से अधिक संख्या में पधारने की अपील की प्रतिदिन कथा श्रवण के साथ गौ सेवा भी हो रही है शाम को भागवत महापुराण की आरती हुई आरती के पश्चात कान मिश्री और महाप्रसादी का वितरण हुआ

## मनावर ब्लाक और नगर के कांग्रेस जनों पूर्व प्रधानमंत्री स्व श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि मनाई गई

**केसरिया हिन्दुस्तान से रघुनाथ सेन**



ब्लाक और नगर कांग्रेस के कांग्रेस जनों के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस भवन पर मनाई गई और उनके चित्र पर फूल माला डाल कर अमर रहे और जय जवान जय किसान के नारे लगाए इस अवसर पर करण सिंह दादा , लोकेश पाटीदार, ओम सोलंकी, अशोक ककरेचा, हरीश खंडेलवाल, रविंद्र पाटीदार, अखलेश कुशवाह, लक्ष्मी जाट, जिमी सावनेर, दिलीप सिंगार, अनिल मकवाना, ओम पाटीदार,कुंदन उजले, सुकदेव नरगेश, पवन पंवार, मुकेश सिवदे, आशीष पाटीदार, ऋषभ कीमती, रितेश सेन, भानु शर्मा, निधि जाट, भूपेंद्र सिंह दरबार, अदनान भाई, संतोष पाटीदार,राहुल वर्मा, आरिफ मंसूरी आदि अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे, इसी कार्यकम में पुराना तहसील कार्यालय की जमीन प्रशासन ने हाउसिंग बोर्ड को दिए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा है उसकी भी चर्चा कर सभी कांग्रेस जनों ने इस जमीन को हाउसिंग बोर्ड को दिए जाने के प्रस्ताव का घोर विरोध करते हुवे यह निर्णय लिया की दिनाक़ 16,01,2025 गुरुवार को एक ज्ञापन महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम दिया जायेगा और यह मांग की जाएगी की यह पुराना तहसील कार्यालय की जमीन नगरपालिका परिषद को दी जाए जिससे व्यसयायिक कांपलेक्स का निर्माण हो जिससे नगर के सैकड़ों परिवार को रोजगार मिलेगा और नगर पालिका परिषद मनावर की आर्थिक आय भी बड़ेगी, सभी कांग्रेस जनों से निवेदन है 16,,01,2025को जायदा से जायदा अपने अपने साथियों सहित 1 बजे दोपहर कांग्रेस भवन पर इकठ्ठा होकर ज्ञापन देने जाना है इसलिए सभी को आना जरूरी है , धन्यवाद , अध्यक्ष ओम सोलंकी

# नव वर्ष मिलन समारोह आयोजित कर पाठक परिवार ने 1.2 लाख समाज हित में दान किये

### 14 जिले के समाज अध्यक्षों को सम्मानित कर दान राशि भेट की

**निलेश मेहता, दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-**

**नागदा** - सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज गोविंद माधव ट्रस्ट के अध्यक्ष सिद्धनाथ पाठक (लबायचा वाले) द्वारा अंग्रेजी नव वर्ष के आगमन पर समाज का पारिवारिक मिलन समारोह 5 जनवरी को चिंतामन गणेश रोड़ स्थित समाज की धर्मशाला में रखा गया। जिसमें मालवा एवं निमाड़ के 14 जिले की धर्मशाला के अध्यक्ष, अतिथिगण तथा बड़ी संख्या मे समाज जनों को आमंत्रित किया गया। समाज के मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने बताया, कार्यक्रम संयोजक सिद्धनाथ पाठक के स्वागत उद्बोधन के साथ शुरू हुआ तथा श्याम सुंदर जी पंड्या सुंदराबाद की अध्यक्षता, मोतीलाल जी पटेल नागुखेड़ी वाले के मुख्य आतिथ्य एवं श्री राजेन्द्र जी व्यास पलवा के विशेष आतिथ्य मे सम्पन्न हुआ। सम्मान समारोह में विभिन्न शहर में स्थित समाज की धर्मशाला के अध्यक्ष जिनका सम्मान किया - श्री महेशजी मेहता भाँगिया, नागेश्वर जी त्रिवेदी



उज्जैन, उमाशंकर जी व्यास शाजापुर, सुरेश चंद्र पण्ड्या मंदसौर, कृष्ण गोपाल आचार्य रतलाम, निरंजनजी शर्मा देवास, आनंद लाल शर्मा रेवती इंदौर, नागेश्वर जी उपाध्याय महिदपुर, शेष नारायण जी उपाध्याय घटिया, सत्यनारायण जी व्यास तराना, गिरिराज जी उपाध्याय जावरा, सुनील जी पाठक रिंगनोद, सुभाष जी पण्ड्या बघेरा, नागदा के पूर्व अध्यक्ष



चंद्रशेखर दवे एवं रामचंद्र त्रिवेदी का अभिनंदन पत्र शाल श्रीफल से स्वागत किया गया। समाज के वर्तमान अध्यक्षों के कार्यों की प्रशंसा कर उन्हें समाज कार्य के लिये दान राशि भेंट की गई। अतिथिगण सहित समाज के चंद्रशेखर दवे, सुरेश जी पंड्या, डॉ. गजराजजी पंड्या, श्रीमती निर्मला रावल द्वारा उद्बोधन दिया गया तथा समाज उत्थान एवं विवाह योग्य युवक युवतियों के विवाह संबंध में आ रही समस्या पर प्रकाश डालकर सुझाव दिए। अतिथियों का स्वागत भँवरलाल पाठक, महेश पाठक, योगेश शर्मा, प्रह्लाद पाठक, नरेंद्र व्यास, डूँगरसिंह पाठक द्वारा किया गया। सुपौत्र कवीश पाठक का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम का काव्यात्मक संचालन सुंदरलालजोशी %सूरज% ने किया। अभिनंदन पत्र का वाचन डॉ. प्रदीप रावल ने किया। आभार गौरव पाठक ने माना। कुल 1 लाख 2 हजार रुपए की राशि दान स्वरूप भेंट की गई। कार्यक्रम का समापन सहभोज के साथ संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में समाज के महिला एवं पुरुष सम्मिलित हुए।

# ढींगरा फैमिली फाउंडेशन के 10वें डिप्लोमा वितरण कार्यक्रम में 300 छात्राओं को दिए डिप्लोमा

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सीहोर।** ढींगरा फैमिली फाउंडेशन आपके लिए जो सार्थक प्रयास कर रहा है वो तब पूरे होंगे जब आप खुद को कामयाब बना पाएंगे। आपने एक कदम बढ़ाया और साल भर मेहनत भी की। आप डिप्लोमा कोर्स सीखने आए तो फाउंडेशन ने आपकी पूरी मदद की। आज आपके पास डिप्लोमा है, लेकिन ढींगरा फैमिली फाउंडेशन का उद्देश्य सिर्फ आपको डिप्लोमा दिलाना नहीं है। आप इसका उपयोग कर आर्थिक रूप से स्वतंत्र बने और अपनी आने वाली पीढ़ी को भी योग्य बनाए। खुद को आगे बढ़ाने के लिए आप आगे आए कई लोग आपकी कामयामी के हिस्सेदार बन जाएंगे। उक्त बातें शनिवार की होटल ब्ल्यू स्टार में आयोजित ढींगरा फैमिली फाउंडेशन के डिप्लोमा वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के



**गति से महत्वपूर्ण होती है सही दिशा का ज्ञान होना सफलता दिलाता है**

रूप में मौजूद समाजसेवी अखिलेश राय ने कहीं। उनके साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में डा. विजय सक्सेना और महामंडलेश्वर पं. अजय पुरोहित मौजूद रहे।

ढींगरा फैमिली फाउंडेशन के भारत प्रभारी साहित्यकार पंकज सुबीर ने कार्यक्रम में स्वागत भाषण के दौरान बताया कि यह ढींगरा फैमिली फाउंडेशन का 10वां डिप्लोमा वितरण समारोह है। अब तक तीन हजार से ज्यादा छात्राओं ने निःशुल्क डिप्लोमा कोर्स किया है। इसके साथ ही 11वा बेच कोर्स कर रहा है। आगे भी ज्यादा से ज्यादा बालिकाएं सीखें और डिप्लोमा कर आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने का प्रयास करें। कार्यक्रम में डा. विजय सक्सेना संबोधित करते हुए कहा कि हमें सफलता पाने के लिए गति नहीं दिशा की जानकारी होना जरूरी है। महामंडलेश्वर अजय पुरोहित ने बताया कि महिलाओं को ही घर और आने वाली पीढ़ी को संभालना और संवारना है। इसके लिए आप अच्छे से पढ़ें और आगे बढ़े। कार्यक्रम में 300 छात्राओं को डिप्लोमा वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कैलाश अग्रवाल, सुनील भालेराव, अनिल पालीवाल, हितेंद्र गोस्वामी, अशोक राय, राजकुमार राठौर, सुदर्शन राय, राजेश राठौर, जोरावर सिंह, जयंत दासवानी, सन्नी गोस्वामी, शहरयार खान, सुनील पैरवाल और शिवम गोस्वामी मौजूद रहे।

# अंतरर्राष्ट्रीय संबंधों को मज़बूती प्रदान करने सीहोर पहुंचे दस देशो के अनेक बाइकर्स



नितिन जौहरी
दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सीहोर।** भारत की संस्कृति का अनुभव करने और अंतरराष्ट्रीय रोटरी संबंधों को मज़बूत करने के उद्देश्य से इंदौर से शुरू हुई राइड फॉर रोटरी बाइक रैली में शामिल अमेरिका, जर्मनी, नीदरलैंड, पोलैंड, हॉलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, बेल्जियम, इंडोनेशिया के वरिष्ठ नागरिक सीहोर पहुंचे। ग्राम बिजलोन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विदेशी नागरिकों का भारतीय संस्कृति के अनुसार मधु मिस्त्री एवं कृति मिस्त्री के द्वारा तिलक लगाकर माला पहनाकर आत्मीयता से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब अध्यक्ष हिमांशु मिस्त्री ने इस वर्ष किए गए 13 प्रोजेक्ट्स की जानकारी और आगमी कार्य योजना की जानकारी प्रस्तुत की,रोटेरियन जॉली कुरियन ने उन्हें सीहोर के इतिहास और संस्कृति के बारे में बताया। विभिन्न देशों के राइडर्स ने अपने अपने क्लब के अनुभव सांझा किए। तत्पश्चात राइडर्स को भोपाल के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम में रोटेरियन रघुनंदन निगोदिया, जॉली कुरियन, कैलाश अग्रवाल, कुमार प्रवीण शास्त्री, आशुतोष शर्मा, प्रदीप शर्मा, हरीश शर्मा, मयंक चड्ढा, अर्पित पालीवाल, कपिल अग्रवाल गणमाननीय नागरिक उपस्थित रहे।

# नरयावली गांव के छात्रों ने नशा मुक्त करने का लिया संकल्प

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड राहतगढ़ की नवांकुर संस्था जन जागृति ग्रामीण विकास समिति बसिया भान्सा के द्वारा नरयावली सेक्टर 5 मे सी एम राइस नरयावली में नशा मुक्ति शपथ का कार्यक्रम करवाया गया जिसमें प्राचार्य महोदय श्री केपी सिंह जी एवं सभी स्टाफ के साथ-साथ सभी छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति एवं स्वच्छता की शपथ ली गई कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान के विकासखंड समन्वयक श्री हरीराम अहिरवार जी ने सभी छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलायी और मुख्यमंत्री सामुदायिक



नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान की और अपने भविष्य के लिए पढ़ाई का महत्व छात्र-छात्राओं को बताया, जिसमें उन्होंने बहुत अच्छा स्लोगन छात्रों को बताया, कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो जितना पियेगा ,उतना ही दहाड़ता है । कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था जन जागृति ग्रामीण विकास समिति बसिया भान्सा के संचालक श्री अशोक पटेल ने प्राचार्य महोदय ,सभी शिक्षक साथियों एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्यक जी का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यकर्म का सांचालन श्री श्री शैलेंद्र सोनी जी के द्वारा किया गया और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी माहिती भूमिका निभाई, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला सागर

# शेरो शायरी की महफिल में कवियों ने लगाया हास्य का तड़का

## सर्द मौसम में देरात तक वाह वाह करते हंसते रहे सैकड़ों लोग

नितिन जौहरी
दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सीहोर।** शेरो शायरी की महफिल में कवियों ने हास्य का तड़का लगाया और सर्द मौसम में देरात तक सैकड़ों लोग वाह वाह करते हंसते रहे और शायरों कवियों के उत्साहवर्धन के लिए तालियां बजाते रहे। मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने एक मंच पर कविता और मुशायरा यहीं हमारे शहर की एकता गंगा जमुनी परंपरा बोलकर उम्रदराज शायरों और कवियों में और भी जोश भर दिया।



मां कनकेश्वरी देवी महोत्सव एवं मयूर खेल एवं सांस्कृतिक समिति के द्वारा शुक्रवार की रात बीएसआइ मैदान पर आयोजित सीहोर उत्सव मेले में एक साथ एक मंच पर कवि सम्मेलन और मुशायरा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर और विशेष अतिथि पसमांदा मुस्लिम महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष नौशाद खान के द्वारा किया गया। समिति अध्यक्ष श्रीमति डॉ राखीबाला सिंगारे,श्रीमति शमां तनवीर कुरैशी,इमरान खान और तनवीर कुरैशी,कुतुबुद्दीन शेख के द्वारा शायर डा0 नायब हसन, डा. मुबारिक शाहिन, जनाव एस एम सिराज, सादिक राइन, तमकीन अली बहादर, मुबशीर हसन, मो इन्साल, उबेस सइन, कवि दिनेश भोपाली,विनोद पंसारी, संदीप मेवाड़ा, हीरालाल जायसवाल, हेमन्त गौर, संतोष गोस्वामी और अतिथियों का फूल मालाऐं पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

# सीएम राइज उत्कृष्ट उ.मा.वि. एफएलएन मेला आयोजित किया

दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी

**आलोट।** सीएम राईज उत्कृष्ट उमावि आलोट (केम्पस शाला प्रमिलागंज)प्राथमिक विंग में आज 11 जनवरी 2024 को पुरे राज्य के साथ स्नस्न्ह मेला आयोजित आयोजित हुआ। जिसमें कक्षा एक व दो के छात्रों ने दक्षता और गतिविधियों का प्रदर्शन पालक , माताओं की उपस्थिति में किया जिसका आंकलन, सहयोग 7वीं कक्षा के छात्रों ने किया कार्यक्रम के समापन में प्राचार्य फिरोज खान विंग लीडर श्रीमती ममता जैन शिक्षक गण गोपाल पोरवाल आदित्य सेन ,सम्पतलाल बैरागी, भगतसिंह पंवार विजय राठोर पूर्वी चोहान ,अनुनेहा शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। छात्रों ने




पंजीयन के पश्चात शारीरिक ,बौद्धिक, भाषा विकास, अंक ज्ञान आदि की गतिविधियों में उत्साह से शामिल हुए इस अवसर पर बडी संख्या में पालक, माताओं की सहभागिता रही है, साथ ही पालकों ने अन्त में सहर्ष अपना फीडबैक लिखित पंजी में साझा किया।

# बाल हिंसा विषय पर रंगोली बनाकर गांव के लोगों को किया जागरुक

केसरिया हिन्दुस्तान अखबार संवाददाता भानु प्रताप राय

**गोटेगांव/यूनिसेफ,** राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आगाज़ 4.0 किशोर एवं युवा इंटर्नशिप बाल संरक्षण पर केन्द्रित है जिसमें साथी बाल श्रम, बाल विवाह, बाल लैंगिक शोषण, बाल दुर्व्यापार, साइबर दुरुपयोग, मनोसामाजिक समस्याएं, बाल भिक्षावृत्ति, बच्चों के खिलाफ हिंसा, लिंग आधारित हिंसा और उसका बच्चों पर प्रभाव आदि मुद्दों पर कार्य किया जाता है जिसमें नरसिंहपुर जिले से चयनित आगाज इंटर्न कुमारी अंबिका नामदेव बाल हिंसा विषय पर जनजागरूकता का कार्य कर रही है जिसमें ग्राम गुर्रा में बाल हिंसा से संबंधी रंगोली बनाकर



**विधायक महेंद्र नागेश ने रंगोली की प्रशंसा**

ग्राम के लोगों को जागरूक किया एवं बाल और किशोर क्या है उनके बारे बताते हुए उनके अधिकारों के बारे में ग्राम वासियों को जानकारी दी साथ ही अगर बाल ,किशोरो को कोई समस्या आती है तो वह चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, वा पुलिस हेल्प लाइन नंबर 100, 112 जो बच्चो के लिए 24 घंटे उपलब्ध निशुल्क राष्ट्रीय आपातकालीन फोन सेवा है इन नंबर मे कॉल कर अपनी समस्या बता सकते हैं इस कार्यक्रम मे गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश एवं गांव के नागरिक उपस्थित रहे श्री नागेश ने बताया कि बाल हिंसा जैसी कुरीतियों को समाज से मिटाना है इसके लिए जरूरी है लोगों को जागरूक होना है द्य

श्री नागेश ने अंबिका नामदेव को अपनी शुभकामनाएं दी एवं कहा कि इसी तरह जन जागरूकता का कार्य करती रहे यह किशोर एवं युवा आगाज इंटर्नशिप प्रोग्राम रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर राष्ट्रीय सेवा योजना मुक्त ईकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ देवांशु गौतम के संरक्षक एवं मार्गदर्शन में नरसिंहपुर जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेज और गांवों में जाकर बाल हिंसा के प्रति लोगों को जनजागरूकता का कार्य किया जा रहा हैं ताकि समाज में व्याप्त बाल हिंसा को समाप्त किया जा सके।

# सतना टू भोपाल सिर्फ 2 घंटे में, मध्यप्रदेश के 7वें एयरपोर्ट से शुरू हो रहीं ये फ्लाइट्स

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सतना। हवाई सफर के मामले में मध्य प्रदेश एक कदम और आगे बढ़ गया है यहां प्रदेश के 7वें एयरपोर्ट के रूप में सतना एयरपोर्ट तैयार हो गया है। जल्द ही सतना एयरपोर्ट से प्रदेश के प्रमुख शहरों को जोड़ने वाली उड़ानें शुरू होने जा रही हैं सांसद गणेश सिंह ने बताया कि सतना से भोपाल, जबलपुर, सिंगरौली आदि शहरों के लिए फ्लाइट्स शुरू होने वाली हैं एयरपोर्ट के उद्घाटन अवसर पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री और मुख्यमंत्री को भी सांसद गणेश सिंह ने आमंत्रित किया है बस तारीख तय होने का इंतजार किया जा रहा है।

### 1962 में बनी थी हवाई पट्टी, अब कर्मशियल एयरपोर्ट

गुरुवार को जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सांसद गणेश सिंह ने एयरपोर्ट का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने टर्मिनल बिल्डिंग के साथ वहां मौजूद सुविधाओं की जानकारी ली सांसद गणेश सिंह ने कहा,यह बहुत पुरानी हवाई पट्टी है, जो 1962 में बनी थी तब यहां पर कुछ निजी और सरकारी प्लेन उतरा करते थे लेकिन उस समय यहां एयरपोर्ट जैसी कोई सुविधा नहीं थी अब जब हमारे प्रधानमंत्री जी ने देश के 100 हवाई अड्डों को क्षेत्रीय उड़ान सेवा में शामिल किया, तो सतना को भी उसमें शामिल किया गया।

### उड़ान भरेंगे 19 सीटर विमान

: सांसद ने आगे कहा, %% हवाई पट्टी के नवीनीकरण के साथ पूरा एयरपोर्ट बनकर तैयार हो गया है फिलहाल यहां 19 सीटर वाले विमानों के लिए रनवे बनाया गया है। अब इसमें बड़े विमानों को चलाने के लिए भी हवाई पट्टी का निर्माण होगा जल्द ही इसका उद्घाटन होगा, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री जी और उड्डयन मंत्री भी शामिल होंगे फ्लाय ओला कंपनी से हमारी मीटिंग हो चुकी है और वह भी यहां फ्लाइट्स देने के लिए तैयार है जैसे ही उद्घाटन की तारीख शुरू हो जाएगी वैसे ही यहां से भोपाल, जबलपुर, रीवा आदि शहरों के लिए एयर टैक्सी चलेगी।

**मध्यप्रदेश में कितने एयरपोर्ट चालू हैं ?**

मध्य प्रदेश में फिलहाल




भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, इंदौर, खजुराहो और रीवा एयरपोर्ट चालू हैं वहीं सातवें एयरपोर्ट के रूप में सतना भी शुरू होगा गौरतलब है कि सतना एयरपोर्ट अथॉरिटी का स्टाफ भी यहां पहुंच चुका है, ये करीब 15 लोगों का स्टाफ है इसके अलावा फायर ब्रिगेड और सुरक्षा का अलग से स्टाफ यहां लगाया जा रहा है इस बीच यहां से संभावित उड़ानों का शेड्यूल भी जारी किया गया है।

**सतना टू भोपाल 2 घंटे में :** फिलहाल सतना से भोपाल जाने में बाय रोड व ट्रेन 9 से 10 घंटे का वक्त लगता है वहीं एयर टैक्सी शुरू होती है तो 522 किमी का ये डिस्टेंस कवर करने में 2 से ढ़ाई घंटा लग सकता है दरअसल, फ्लाय ओला डॉट इन के मुताबिक रीवा से भोपाल एयरटैक्सी 2 से ढाई घंटे का वक्त लेती है। रीवा और सतना की दूरी काफी कम है। ऐसे में सतना टू भोपाल भी लगभग इतना समय ही लग सकता है।

### सतना एयरपोर्ट से संभावित उड़ानें

**दिनफ्लाइट/कनेक्टिविटी :**

सोमवार भोपाल- जबलपुर - रीवा - सिंगरोली - रीवा - जबलपुर - भोपाल

मंगलवार भोपाल - खजुराहो - रीवा - सिंगरोली - रीवा - खजुराहो - भोपाल

बुधवार भोपाल- जबलपुर - रीवा - सिंगरोली -रीवा - जबलपुर - भोपाल

गुरुवार-शुक्रवार भोपाल- जबलपुर - रीवा - सिंगरोली - रीवा - जबलपुर - भोपाल

शनिवार भोपाल - खजुराहो - रीवा - सिंगरोली - रीवा - खजुराहो- भोपाल

रविवार भोपाल - खजुराहो ङ्क रीवा - सिंगरोली ङ्क रीवा - खजुराहो- भोपाल

# नाम बड़े और दर्शन छोटे बन कर रह गई एम्स अस्पतालें: नारायण त्रिपाठी

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

जैसे ही आमजन की जुबान पर एम्स आपताल का नाम आता है लोगो के जहान में एक चलचित्र चलने लगता है जिसमे वह सर्वसुविधा युक्त अस्पताल विशेषज्ञ डॉक्टरों व उच्च तकनीकी की चिकित्सा व्यवस्था देखने लगता है। एक गरीब आदमी अगर एम्स तक पहुँच जाता है तो उसकी मानो ईश्वर से मिलने की परिकल्पना साकार हो गयी ऐसा वह मानने समझने लगता है उसकी उम्मीदों में सीधे सौ गुना का इजाफा होता है। एम्स आने के बाद उसे पूर्ण विश्वास हो जाता है कि यहां उसके कष्ट का निदान हो जाएगा उसकी काया निरोगी हो जाएगी वह अब बच जाएगा। लेकिन उन मजलुमो को यह नही पता कि गरीबो के साथ एक बहुत बड़े विश्वासघात का नाम है एम्स अस्साल। इन अस्पतालों में लोग इलाज के लिए तीन तीन चार चार किलोमीटर की लाइनें लगाते है लोग भटकते रहते है हमारी सरकारें एक से बढ़कर एक उच्च तकनीकी की मशीनें जांच हेतु यहां लगाई गई है लेकिन महीनों गुजर जाते है दो चार महीनों की उन्हें जांच हेतु डेट मिलती है और दुर्भाग्य देखिए जांच के पहले ही वह मरीज दम तोड़ चुका होता है। यानी चांज तक पहुचने के पहले मरीज गंभीर हो जाता है काल के गाल में समा जाता है तब तक उसके जांच की डेट आती है। सोचिए जरा ऐसी



अस्साल और ऐसी जांच किस काम की।

पूर्व विधायक मैहर नारायण त्रिपाठी ने कहा कि यदि अस्साल में जांच करने वाले डॉक्टरों मरीज को देखने वाले डॉक्टरों में मानवीय संवेदनाएं है तो इनका फर्ज और दायित्व होता है कि जिस भी मरीज या रोग पीड़ित व्यक्ति को चेक करें उसे जो भी जांच की आवश्यकताए है उसे लगातार एक दो दिनों में पूर्ण करे और उसका समुचित इलाज अविलंब सुरु करे।यह कार्य आखिर क्यों नही हो सकता यदि हम चाहेंगे तो यह कार्य हो सकता है। गरीब मरीज दयनीय स्थिति में आपके पास पहुंचता है आप उसे 15 दिन या दो चार माह बाद की तारीख जांच हेतु देकर अपना पल्ला झाड़ लेते हो और इसी दौरान वह गरीब दुनिया छोड़ जाता है ऐसे में आप किसकी जांच करोगे। श्री त्रिपाठी ने कहा कि गाँव का गरीब अपना घर द्वार जगह जमीन बेंचकर आपके पास तक इलाज कराने पहुँचता है ऐसी स्थित में या तो इन अस्पतालों को बंद कर दिया जाना चाहिए या तो गरीबो के विश्वास को जीतने उन्हें समय पर सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य किया जाना चाहिए। नारायण त्रिपाठी ने कहा कि हम भी इन अस्पतालों में जाते है व्यवस्थाओं को देखते है गरीब आदमी अपने जांच के कागज लिए इस दरवाजे से उस दरवाजे जबतक भटकता रहता है जबतक उसका मरीज जीवित रहता है इसके बाद वह सरकार और व्यवस्था को कोषते हुए अपनी पीड़ा लिए अपने घर को वापस लौट जाता है आखिर कबतक हमारी संवेदनाएं जागेंगी हमारी व्यवस्थाएं कैसे सुधरेंगी?

# आज राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला



**सिंगरौली** /स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस एवं युवा दिवस के अवसर पर आज 12 जनवरी को प्रदेश के साथ ही सिंगरौली जिले में भी सामूहिक सूर्यनमस्कार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में प्रात: 09 बजे आयोजित किया गया है। इसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, नागरिकों के साथ ही शासकीय और अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा एक साथ सामूहिक सूर्यनमस्कार किया जाएगा।

जिला स्तरीय आयोजन प्रात: 9 बजे आकाशवाणी प्रसारण के साथ आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रेडियो पर संदेश प्रसारित होगा। सामूहिक सूर्य-नमस्कार समस्त शिक्षण संस्थाओं में एक साथ, एक संकेत पर किया जाएगा। सामूहिक सूर्य-नमस्कार और इससे जुड़े कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों और आम लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी भी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। सामूहिक सूर्य-नमस्कार में शामिल विद्यार्थियों व आमजन को योग और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के महत्व के बारे में भी बताया जाएगा। कलेक्टर श्री चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिलाधिकारियों को दायित्व सौपते हुये निर्देश दिये कि निर्धारित समय के पूर्व सभी तैयारिया पूर्ण कर अवगत कराये।



# स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

श्योपुर - 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में पूर्व सूर्य नमस्कार के अभ्यास प्राणायाम और सूर्य नमस्कार करने वाले छात्र-छात्राओं को लाभ ¤सूर्यट्ठनमस्कार को सर्वश्रेष्ठ योगासन कहा जाता है यह एक साथ 07आसनों का लाभ देता है ऊर्जा का सबसे बड़ा स्त्रोत है ¤सूर्य । इसी कारण प्राचीन ऋषि-मुनि सूर्य की पूजा-अर्चना करते थे। %सूर्य नमस्कार% का मतलब है सूर्य को नमन करना अगर आप योग की शुरुआत कर रहे हैं तो इसके लिए %सूर्य नमस्कार% का अभ्यास सबसे बेहतर है।

सूर्य नमस्कार के 12 चरण का हर रोज अभ्यास करने से दिमाग सक्रिय और एकाग्र बनता है।सूर्य नमस्कार के लाभ ~. पाचन और भूख में सुधार करता है। शरीर को लचीला बनाता है।. कब्ज की समस्या को ठीक करने में कारगर है।शारीरिक और मानसिक मजबूती बढ़ाता है।. बॉडी पोस्चर को बेहतर करता है और बैलेंस बनाने में मदद करता है। मसल्स को टोन करता है। और हड्डियों को मजबूत करता है।

. बाजू, कंधों, कमर, पैर, क्वैड्स, काफ्स और हिप्स की मांसपेशियों को टोन करता है। वजन कम करने में मदद करता है। योग शिक्षक द्वारा दिनेश साहू 10¬30 पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में बच्चों को सूर्य नमस्कार के अभ्यास विद्यालय में बालक बालिकाओं को योग सिखाया जिसमें सूर्य नमस्कार के साथ साथ भाषिका अनुलोम-विलोम भ्रामरी प्राणायाम कराया जिला शिक्षा अधिकारी गर्ग विद्यालय प्राचार्य सीताराम आदिवासी विद्यालय शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रही

# हम होंगे कामयाब कार्यक्रम में आज का दिन विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा विद्यार्थियों के करियर बनाने में मदद करेगा : राज्यमंत्री श्री पटेल

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**दमोह** - शहर मे आज प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल कार्यक्रम में शामिल हुए और विद्यार्थियों से कहा कि मील का पत्थर साबित होगा, विद्यार्थियों के कॅरियर बनाने में मदद करेगा। कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए बहुत अच्छा समय हैं, क्या करें-क्या ना करें। कई ऐसे बच्चे होते हैं जो जानकारी के अभाव में किसी भी दिशा में चले जाते हैं, इस उम्र में आप जिस बात का संकल्प लेंगे वह निश्चित रूप से पूरा होगा। इसमें समर्पण, संकल्प शत-प्रतिशत देना पड़ेगा। इस आशय की बात प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने हम होंगे कामयाब कार्यक्रम अंतर्गत विद्या वाटिका मैरिज गार्डन जबलपुर नाका दमोह में आयोजित द्बद्वज्ञ, ह्वश्वश्वज्ञ, छ्वश्वश्व के विद्यार्थीयों हेतु बैगलोर एवं इंदौर के विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रेरक मार्गदर्शन के दौरान कही। उन्होंने कहा विद्यार्थियों के जीवन को संवारने के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है, नई-नई योजनाएं बनाकर विद्यार्थियों के जीवन को संवारने का काम कर रही है, विद्यार्थी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और लाभ अवश्य लें।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा विद्यार्थी मोबाइल का उपयोग कम से कम करें, सिर्फ जरूरत पड़ने पर ही इसका उपयोग करें। अपना समय बर्बाद ना करें, आपका पूरे जीवन सुखी रहना है तो अभी समय है, मेहनत जरुर करिए, समय और उम्र महत्वपूर्ण होती है, यहां जो एक्सपर्ट आपको जो-जो बात बताएं उनका ध्यान में रखें उनका पालन अवश्य करे। राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा मुख्यमंत्री मेधावी छात्र योजना का प्रस्ताव मेरे द्वारा दिया गया था, इस योजना को बनाने के लिए हमने बहु?

# गांव में नल जल योजनाओं का निरीक्षण उपाध्यक्ष जिला पंचायत नीरज जाट द्वारा किया गया

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001



**श्योपुर** जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज सिंह जाट के क्षेत्र भृमण के दौरान पांडोला, राडेप, इंद्रापुरी, आवदा, केरका आदि गांवो में नल जल योजनाओं का निरीक्षण कर मौका स्थिति पर पाई गई समस्याओं जैसे की वाल लीकेजिंग, मेंन लाइन फूटी होना, नलो में टोटिया ना होना, गंदा पानी आना, हार्डवेयर के सामान की घटिया क्वालिटी, योजना का बन्द पाई जाना आदि के संबंध में निराकरण हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री शुभम अग्रवाल जी, सब इंजीनियर नागर जी आदि साथ में उपस्थित रहें श्री नीरज सिंह जाट द्वारा उक्त सभी ग्रामों में योजना को फेल बताया है और अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि जल्द से जल्द सुधार किया जाए जिससे ग्रामीण जनों को शासन की योजना का लाभ मिल सके

# वोट हमारा अधिकार है जरुर डालेंगे हम

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2024 -25 अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**दमोह।** -आज शासकीय कमला नेहरू महाविद्यालय दमोह में आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2024-25 के अंतर्गत महाविद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस सम्बंध में प्राचार्य डॉ. जी. पी .चौधरी ने बताया निबंध प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्राओं ने सहभागिता ली द्य जिसमें प्रथम स्थान आलिया बानो, द्वितीय यशस्वी विश्वकर्मा एवं तृतीय स्थान मनु साहू ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ. एनपी नायक, डॉ. अवधेश कुमार जैन, डॉ. अपर्णा गोस्वामी, डॉ इंदु डॉ. शबाना परवीन की उपस्थिति रही।

# शासकीय प्राथमिक शाला लुहर्रा में आयोजित एफ एल एन मेले में शामिल हुए कलेक्टर श्री कोचर

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**दमोह** - जिले के सभी प्राथमिक शालाओं में आज कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों के लिए एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। इसी क्रम में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर शासकीय प्राथमिक शाला लुहर्रा में आयोजित एफएलएन मेला पहुंचे। कलेक्टर श्री कोचर ने मेले के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मेला विद्यार्थियों के सीखने के अनुभव को रोचक बनाने के साथ-साथ अभिभावकों और शिक्षकों के बीच जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां, खेल और प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया। सभी उपस्थित शिक्षकों और सीएसी ने इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक (ष्ठक्कष्ट) मुकेश द्विवेदी, एफएलएन नोडल अधिकारी शुभम कपूर, सीएसी, विजय नामदेव भी उपस्थित रहे।

# धार्मिक आयोजनों में चोरी करने वाली महिला गैंग पकड़ाई

भोपाल। भोपाल की कोहेफिजा पुलिस ने चार महिलाओं को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सोने की चेन सहित घटना में प्रयुक्त वाहन जब्त किया है। महिला चोरों ने हाल ही में शहर में जैन समाज द्वारा निकाले गए चल समारोह में नौ सोने की चेन चोरी की थीं। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी की चेन बरामद कर ली है। गिरफ्तार की गई महिलाओं की पहचान अंजली 30 साल, नगमा नायडू 30 साल, ज्योति गोला 35 साल, मधु नायडू 30 साल सभी अम्बेडकर नगर नई दिल्ली को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1.25 लाख रुपए कीमत की लूटी गई सोने की चेन, घटना में प्रयुक्त 12 लाख रुपए कीमत की मारुति कार जब्त की है। कोहेफिजा पुलिस ने बताया कि प्रेमलता यादव निवासी कोहेफिजा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 8 जनवरी की शाम करीब 6.30 बजे घर से लालघाटी जा रही थी। इस दौरान भूत बंगले के पास एक महिला आई और पंचवटी का पता पूछा। उसके साथ आई अन्य महिलाओं ने मेरे साथ मारपीट करते हुए मेरे गले से सोने की चेन लूट ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। टीम गठित कर घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की सूचना पर गांधी नगर से आरोपियों को वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरोह का एक आरोपी मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने अंजली सिंह, नगमा नायडू, ज्योति गोला और मधु नायडू निवासी अम्बेडकर नगर नई दिल्ली को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो आरोपियों ने महिला से चेन लूटना बताया। आरोपी देशभर के जिलों और राज्यों में भागवत कथा, जुलूस, धार्मिक आयोजन, मंदिर प्रोग्राम में चोरी करते हैं। पुलिस आरोपियों से शहर में अन्य धार्मिक आयोजन में धार्मिक स्थलों पर हुई चोरी की घटना के संबंध में पूछताछ कर रही है।

# अचानक पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के घर पहुंच गए कृषि मंत्री शिवराज सिंह



**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी शनिवार का दिन चौंकाने वाला था दरअसल पटवारी 1 बजे के करीब अपने निवास पर प्रेसवार्ता करने वाले थे उसके थोड़ा पहले केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पत्नी के साथ उनके घर पहुंच गए। शिवराज सिंह चौहान हमेशा ही कुछ नया करने के लिए जाने जाते हैं। गौरतलब है कि पटवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी जिसमें प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित कांग्रेस के कई दिग्गज मौजूद रहे, लेकिन अचानक शिवराज सिंह पहुंचे और जीतू पटवारी से मिले और गुफ्तगू करने लगे फिर क्या था सियासी गलियारों में ये चर्चा शुरू हो गई। हालांकि बाद में बताया गया कि शिवराज सिंह के बेटे की शादी होने वाली है जिसका निमंत्रण जीतू पटवारी को देने वे पहुंचे थे।

शिवराज सिंह और जीतू पटवारी के बीच बंद कमरे में चर्चा हुई हालांकि चर्चा क्या हुई ये दोनों को ही पता है,लेकिन इन दोनों की मुलाकात के सियासी गलियारों में चर्चे शुरू हो गए हैं। जीतू के घर शिवराज सिंह और उनकी पत्नी साधना सिंह भी पहुंची थी। उनके साथ और पार्टी का कोई भी नहीं था। लेकिन जब शिवराज बाहर आए तो बोले कि उनके बेटे की शादी है इसलिए सभी को वे न्यौता दे रहे हैं, उन्होंने कहा कि वे जीतू के घर उनको शादी में आमंत्रित करने आए थे।

दरअसल शिवराज सिंह की मुलाकात चर्चाओं में इसलिए है क्योंकि वे उस समय पहुंचे जब जीतू पटवारी सरकार के मुद्दों पर सरकार को घेरने वाले थे, और सरकार पर लगातार उनके हमले जारी है, लेकिन इस पहले पहुच कर शिवराज ने सबको हैरत में डाल दिया।

**हॉस्पिटल से 50 फीट दूर इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग**

# भोपाल के ईंटखेड़ी में हादसा; एयर कंडिशनर, फ्रीज, कूलर-पंखें जले



भोपाल। भोपाल के अवलिया ईंटखेड़ी में शुक्रवार रात डेढ़ बजे एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान और गोदाम में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि कई एयर कंडिशनर, फ्रीज, पंखें, कूलर, वॉशिंग मशीन, वाटर हीटर समेत बिजली से जुड़े उपकरण जल गए। जिससे लाखों रुपए का नुकसान हो गया। जानकारी के अनुसार, लक्की इंटरप्राइजेस में आग लगी। इससे करीब 50 फीट की दूरी पर ही आरोग्य निधि मल्टीस्पेशिलटी हॉस्पिटल भी है। यदि आग ज्यादा फैलती तो बड़ी परेशानी खड़ी हो सकती थी। आग लगने की सूचना मिलते ही छोला फायर स्टेशन से दमकलें मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। समय रहते आग तो बुझा ली गई, लेकिन तब तक लाखों रुपए का नुकसान हो चुका था। दुकान-गोदाम से एक गैस सिलेंडर भी मिला। यह दुकान साजिद अली की है। फायरकर्मियों को आग लगने की सूचना परवलिया थाना की रात्रि कालीन गश्त कर रहे एसआई अजय चंद्रवंशी ने दी थी। इसके बाद फायर टीम मौके पर पहुंची।

फायर फाइटर पंकज यादव समेत अन्य दमकलकर्मियों ने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। इसके बाद जब टीम अंदर पहुंची तो बड़ी संख्या में सामान खराब हो चुका था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुकान के अंदर ही गोदाम है। जहां पर एसी, फ्री, वॉशिंग, एलसीडी, कूलर, पंखें, वाटर हीटर समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान रखा था। अधिकांश सामान आग से जल गया। वहीं, जो बचा वह पानी की वजह से खराब हो गया।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर रविवार, 12 जनवरी 2025
ख़बरें बेबाक, बेख़ौफ़, बेहिझक



# जनकल्याण शिविर के सभी आवेदनों का तत्परता से निराकरण करें : मुख्यमंत्री



## शासकीय इन्दिरा गांधी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय शहडोल में विश्व हिंदी दिवस मनाया

शहडोल। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. मुकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में हिन्दी विभाग में 10 जनवरी ''विश्व हिंदी दिवस'' मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की स्नातक एवं स्नातकोत्तर की छात्राओं ने विश्व हिंदी दिवस पर विभिन्न विधाओं (कविता, गीत, दोहे, भाषण आदि) के माध्यम से विश्व स्तर पर वर्तमान में हिंदी ने जो मुकाम हासिल किया है, उस पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. सरोज बाला श्याम, सहायक प्राध्यापक हिंदी के द्वारा छात्राओं को अपनी बोल-चाल में, हिंदी को अधिक से अधिक महत्व देने व विचार व्यक्त करने और रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता सिंह मरकाम, विश्व हिंदी दिवस के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि आज वैश्विक स्तर पर हिंदी का चहुँमुखी विकास हो रहा है, वर्तमान दौर में हिंदी विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा बन गई है। सिनेमा, समाज का दर्पण होता है। आज विश्व स्तर पर ''हिन्दी'' सिनेमा के माध्यम से भी अपनी अलग पहचान बना चुकी है, जो कि अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम के अंत में जनभागीदारी शिक्षक हिंदी विभाग की सुश्री निधि सिंह द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर डॉ. गीता सिंह, प्रो. एस कुजूर, प्रो. हीरालाल पटेल, डॉ. प्रियंका मार्को एवं महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

### मकर संक्रांति में घाटों में साफ-सफाई और सुरक्षा के प्रबंध करें - मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग जनकल्याण अभियान के संबंध में दिए निर्देश




**शहडोल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को जनकल्याण अभियान के संबंध में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के दौरान अब तक मिले 25 लाख 70 हजार आवेदनों में से 22 लाख 60 हजार आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। सभी कलेक्टर जनकल्याण शिविर में प्राप्त आवेदनों का तत्परता से निराकरण कराएं। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों के संबंध में प्राप्त आवेदन जनकल्याण के पोर्टल के साथ-साथ विभागीय पोर्टल पर भी दर्ज कराएं। आगामी 12 जनवरी को शाजापुर से लाड़ली बहना योजना की राशि जारी की जाएगी। इसके साथ महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मकर संक्रांति में प्रदेश की सभी प्रमुख नदियों में लाखों लोग स्नान करते हैं। नदी घाटों में साफ-सफाई और सुरक्षा के उचित प्रबंध करें। इसी तरह 12 जनवरी को सभी जिलों में सभी शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन कराएं। इसी दिन युवाशक्ति मिशन का भी शुभारंभ हो रहा है। प्रदेश के साथ-साथ जिला स्तर पर भी इससे जुड़े कार्यक्रम आयोजित करें।

**ठण्ड से बचाव के करे उचित उपाय :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप है। वृद्धाश्रम, रैनबसेरा तथा सार्वजनिक स्थलों में अलाव सहित ठण्ड से बचाव के उचित उपाय करें। कृषि विभाग किसानों को खेती की देखभाल तथा पाले से बचाव के संबंध में जागरूक करे। राजस्व महाभियान में पूरे प्रदेश में बहुत अच्छा कार्य हो रहा है। अभियान के दौरान गांव में रास्ते के विवाद जैसे छोटे-छोटे मसले सुलझाएं। इस वर्ष किसानों को गत वर्ष की तुलना में खाद की आपूर्ति की गई है। प्रदेश में खाद की कमी नहीं है। इसका समुचित वितरण सुनिश्चित करें। प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों के प्रकरण तत्काल स्वीकृत करके राहत राशि का समय पर वितरण कराएं।

**शिक्षा और स्वास्थ्य हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता- मुख्यमंत्री** मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आगामी परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों की ठीक ढंग से तैयारी कराएं। जहाँ आवश्यक हो वहाँ ठण्ड के कारण स्कूल के समय में परिवर्तन करें। कलेक्टर तथा अन्य अधिकारी छात्रावासों का नियमित रूप से निरीक्षण करके आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। नर्मदा नदी की परिक्रमा करने वाले व्यक्तियों के लिए परिक्रमा मार्ग में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। आगामी बसंत पंचमी को सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करें। इनमें कल्याणी बहनों तथा परित्यक्ता बहनों के भी विवाह कराएं। धान उपार्जन के संबंध में निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में 13 जनवरी तक वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है। उपार्जित धान का तत्काल परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। किसानों को तीन दिन की समय सीमा में भुगतान दें। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में अब तक 5 लाख 67 हजार किसानों से 36.89 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को 5287 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है। इस वर्ष उपार्जन के लिए गेंहू के समर्थन मूल्य में 150 रुपए की वृद्धि की गई है। किसानों से 2425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेंहू का उपार्जन किया जाएगा। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान मेला का जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण

फोटो: 05

शहडोल। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री अंजली रमेश ने शनिवार को शहडोल जिले के एकीकृत माध्यमिक विद्यालय जमुई, सोहगपुर में आयोजित बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) मेले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने बच्चों से गिनती पढ़वाई, खेलकूद की गतिविधियां करवाई तथा बच्चों के अभिभावकों से चर्चा की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने मेले में लगे स्टालों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर डीपीसी ए.एन.सिंह सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।



## "जो बीमार हम तक न पहुँचें, हम उन तक पहुँचे"

### मोबाईल यूनिट वेन को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिला चिकित्सालय परिसर शहडोल से 'पीएम जनमन अभियान' के तहत 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये मोबाइल मेडिकल यूनिट प्रदेश के दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सहज और सुलभ उपलब्धता का कार्य करेगी। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर से मोबाईल यूनिट वैन का निरीक्षण किया गया तथा वैन में उपलब्ध कराई गई दवाईयों का निरीक्षण करते हुये उपकरणों की भी जानकारी प्राप्त की। जिस पर कलेक्टर को जानकारी दी गई कि मोबाईल यूनिट वेन में 14 प्रकार की जाँच, 65 प्रकार की दवाईयाँ तथा 29 प्रकार की स्वास्थ्य सामग्री प्रदाय की गई है। इस अवसर पर आर.एम.ओ. डॉ. पुनीत श्रीवास्तव, डॉ. भूपेन्द्र सिंह, डीपीएम मनोज द्विवेदी तथा सीएमएचओ कार्यालय के धीरेन्द्र श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता, शैलेन्द्र जैन, श्रीमती पूजा सोनी, विक्रम कल्याणी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि पी.एम. जन अभियान की सौगात के रूप में चलते-फिरते अस्पताल, मोबाईल मेडिकल यूनिट (जी.पी.एस. लैस) प्रदेश के 21 आदिवासी बाहुल्य जिलों के 87 विकासखण्डों में 66 मोबाईल मेडिकल यूनिट; जो ग्रामों में जाकर मरीजों को चिकित्सकीय उपचार, परामर्श तथा फिजियोथेरेपी के साथ ही रक्त जाँच, सिकलसेल, एनीमिया जाँच, आयुष्मान कार्ड रजिस्ट्रेशन, टीबी जाँच, गैर संचारी रोगों की जाँच, शूगर तथा बी.पी. जाँच, कैंसर जाँच, टीकाकरण एवं अन्य रोगों की जाँच की सुविधायें प्रदान करेंगी। ''जो बीमार हम तक न पहुँचें, हम उन तक पहुँचे'' को मूर्तरूप देते हुये जिले को चार मोबाईल मेडिकल यूनिट की सौगात प्राप्त हुई है। जिसमें जैतपुर के लिये 01. जयसिंहनगर के लिये 01 तथा सोहागपुर के लिये 02 प्राप्त हुई है। मोबाईल चिकित्सकीय दल के द्वारा ग्रामों में जाकर मरीजों को परीक्षण एवं उपचार प्रदान किया जायेगा।



## ग्राम पंचायत चरका में जन कल्याण शिविर में सांसद ने निभाई सहभागिता

**शहडोल।** जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम पंचायत चरका में आयोजित जन कल्याण शिविर में सांसद संसदीय क्षेत्र सीधी राजेश मिश्रा, विधायक शरद कोल ने सहभागिता निभाई तथा योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षी सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरेंद्र सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विजय सिंह सहित अन्य अधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।




## तो क्या अवैध रेत के खेल में शामिल है पुलिस और खनिज, दिन ढलते ही शुरू हो जाता है ऊधिया क्षेत्रों में रेत का अवैध खेल



अखंड प्रताप सिंह की रिपोर्ट
केसरिया हिंदुस्तान

**शहडोल** अपराधियों से शहडोल जिले का नाता बेहद ही खास है शायद ऐसा कोई काम या अपराध न होगा जो की शहडोल जिले के सिंहपुर,ऊधिया में न होता हो और उस पर विभाग के अधिकारी चुपचाप आंख बंद करके देखते रहते हैं। अवैध खनिज को रोकने के लिए एक विभाग ही बना हुआ है जो खनिज विभाग के नाम से जाना जाता हैं। लेकिन इस विभाग में अधिकारी अपने आप में इतने मस्त और आलस्पन भरा हुआ है कि वह अपना काम तक ढंग से नहीं करते है। लोग मौखिक शिकायत करते हैं पर फिर भी यहां कोई नहीं सुनता। यहां तक की ग्रामीण बताते हैं कि कुछ विभागीय कर्मचारी कहते हैं कि हम कुछ नहीं करेंगे जो करना हो आपको कर लो। भ्रष्टाचार का यह खेल लगातार चलता रहता है शाम ढलते ही ऊधिया सिंहपुर थाना क्षेत्र के सटे कई गांव ऐसे हैं जहां से अवैध रेत का कारोबार चरम पर होता है। जहां ऊधिया, पंडरिया, सिंहपुर थाना क्षेत्रों,में रेत माफिया और गांजा, दारू पियक्कड़ जमकर मिलकर यहां उत्खनन करवाते हैं। यहां पुलिस विभाग भी चुपचाप बैठा रहता है और खनिज विभाग का तो कहना ही क्या है। दोनों की सह पर ही यह कार्य हो रहा है। कभी भी पुलिस और खनिज विभाग की टीम अगर गांव में जाकर निरीक्षण करे तो ऐसा नही है कि इन सब में लगाम न लगे लेकिन दोनों विभाग इसलिए यह सब नहीं करते हैं क्योंकि उन्हें सिर्फ अपने निजी स्वार्थ से मतलब है लोग तो यहां तक कहते हैं कि बिना पुलिस और खनिज विभाग की मुक सहमती के बिना यहां कोई भी रेत नहीं निकाल सकता है। क्षेत्र में ऐसे कई लोग हैं जो सीसीटीवी कैमरे लगा कर रखे हुए हैं अगर पुलिस या खनिज विभाग उसे भी देखें तो उन्हें पता चल जाएगा लेकिन पुलिस वा खनिज यह तक नहीं कर रही है क्योंकि उन्हे तो अपने आप से मतलब है। बहरहाल सरफा नदी से रेत इकट्ठा करने के लिए शाम से ही ट्रैक्टरों की लाइन लग जाती है जहां ग्रामीण सहित शहर में इसे जाकर बेचा भी जा रहा है। यहां मजदूर शाम को आते हैं और मजदूर ही उसे लोड करते हैं और फिर ट्रैक्टर में भरकर ट्रैक्टर मालिक परिवाहन करते हैं।

## कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्र का किया निरीक्षण



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने शनिवार को जिला चिकित्सालय के पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा को निर्देश दिए कि बच्चों के बेड शीट पलंग और दीवाल पर पेंटिंग कराए तथा पोषण पुनर्वास केंद्र की बेहतर साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें।

## पुलिस द्वारा अवैध कोयला चोरी एवं परिवहन पर की गई कार्रवाई

**शहडोल।** थाना अमलाई क्षेत्रांतर्गत शुक्रवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की ग्राम शारदा ओ.सी.एम. टी-03 में की तरफ कुछ व्यक्ति बड़ी मात्रा में अवैध कोयला चोरी कर परिवहन करने के उद्देश्य से संग्रहण कर रहे हैं। सूचना प्राप्त होते ही थाना अमलाई द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सूचना के स्थान पर दबिश देते हुए उक्त स्थान पर 03 आरोपियों को प्लास्टिक की 10 बोरी करीब 03 क्विंटल कोयला कुल कीमती करीबन 3,000 रूपये अवैध कोयला कोयला संग्रहण करते हुए पकड़ा गया, पूंछताछ में कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया एवं अमलाई पुलिस द्वारा उक्त अवैध कोयले को जप्त कर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध बी.एन.एस एवं खनिज/खान अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

## पुलिस द्वारा 04 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को किया गया गिरफ्तार

**शहडोल।** थाना बुढ़ार क्षेत्रांर्गत 11 सितंबर 2024 को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की कई वर्षों से फरार स्थाई वारंटी अजय सिंह पिता बैजनाथ सिंह निवासी धुरिया टोला, बुढ़ार, जिला शहडोल जिस पर धारा 354, 294, 506, 354(बी) भा.द.वि. एवं पॉक्सो एक्ट जैसे गंभीर मामले में अपराध पंजीबद्ध है जोकि 04 वर्षों से फरार था। जिसे गिरफ्तारी के लिए बुढ़ार पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे थे, मुखबिर द्वारा सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।




## भारत विकास परिषद शाखा की बैठक आयोजित हुई

संवाददाता- विपिन पटेल तेंदूखेड़ा



**तेंदूखेड़ा** - आज भारत विकास परिषद शाखा तेंदूखेड़ा की शाखा स्तरीय बैठक गुरुकृपा होटल तेंदूखेड़ा में आयोजित हुई जिसमें राष्ट्रीय अधिवेशन प्रांतीय एवं केन्द्रांश पर चर्चा हुई साथ में आगामी कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई जिसमें प्रस्तावित नि:शुल्क नेत्र शिविर, स्वामी विवेकानंद जयंती पर गोष्ठी का आयोजन विषयों पर चर्चा हुई बैठक की शुरुआत वंदे मातरम् गीत से हुई। रीजनल अध्यक्ष सुनील कोठारी ने भारत विकास परिषद् का विस्तृत परिचय दिया एवम् नए सदस्यों से परिचय प्राप्त किया वहीं संजय तिवारी प्रांतीय अध्यक्ष ने राष्ट्रीय अधिवेशन पर विस्तार से चर्चा की एवम् राजेंद्र राजपूत जिला समन्वयक ने केंद्रांश व प्रांतांश के महत्व पर प्रकाश डाला शिरीष पुरोहित जिला शाखा प्रभारी ने संगठन की मजबूती के गुर सिखाए शाखा संरक्षक रजनीश जैन ने बताया कि हम सभी को मिलकर भारत विकास परिषद के लिए क्षेत्र में समाजिक कार्यों को बढ़ाना है शाखा अध्यक्ष रामकुमार ठाकुर ने सभी से आग्रह किया कि हम सभी को मिलकर भारत विकास परिषद को ऊंचाई पर ले जाना है और मुझे समय समय पर मार्गदर्शन दें। कार्यक्रम का संचालन शचींद्र गुप्ता द्वारा किया गया एवं आभार व्यक्त सचिव अमित खरे ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यार्थी परिषद ने मनाई विवेकानंद जयन्ती



**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर कस्बे के नेशनल इंटर कॉलेज मे शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। जयंती कअवसर पर नेशनल इंटर कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया स्वामी विवेकानंद जी, माता सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर छात्र नेता ने छात्रों को संबोधित करते हुए, युवा दिवस के बारे मे जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश श्रीवास्तव , नवनीत मिश्रा , प्रदीप शुक्ला , नवीन दीक्षित , रोहित मिश्रा , प्रशांत ,तृप्ति , आदि लोग मौजूद रहे।

### पेड़ काट रहे मजदूर की पेड़ के नीचे दबकर मौत

**पिसावां (सीतापुर)।** स्थानीय पिसावां क्षेत्र में पेड़ काट रहे मजदूर की पेड़ के नीचे दबकर दर्दनाक तरीके से मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई। पुलिस ने शव को सीलकर अन्त्य परीक्षण हेतु भेज दिया हैं घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसीर उक्त थानान्तर्गत ग्राम भकुरहा निवासी मजदूर की पेड़ के नीचे दबने से मौत हो गई। गांव निवासी मजदूर मातादीन (50) गांव के लकड़ी ठेकेदार ताहर के साथ पेड़ों की कटान करने गए थे। हरदोई के थाना टडियावां गांव बबुआपुर में कटान करते समय एक पेड़ मातादीन के ऊपर गिर गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गए, परिजन उन्हें लेकर निजी अस्पताल पहुंचे जहां इलाज के दौरान मातादीन की मौत हो गई। थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाए हैं।

### जहर गिरोह ने कंटेनर से पार किए नमकीन के गत्ते

**पिसावां (सीतापुर)।** जनपद के पिसावां थाना क्षेत्र में जहर खुरानी गिरोह के सक्रिय सदस्यों ने युवक को जहरीला पदार्थ खिलाकर लूट पाट कर ली। दी गई सूचना के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही करनी शुरू कर दी हैं घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली से लखनऊ जा रहे कंटेनर चालक को जहरखुरानों ने नशीला पदार्थ खिलाकर नमकीन के 404 गत्ते पार कर दिए। बेसुध चालक को इदलापुर में होश आया। पुलिस ने शुक्रवार को इस मामले में केस दर्ज कर लिया है।बस्ती जिले के थाना बट्सगंज के सक्षमपुर गांव निवासी रामकुमार कंटेनर चालक हैं। उनके मुताबिक वह कंटेनर लेकर पांच जनवरी की रात में लखनऊ के लिए चले थे। कंटेनर में नमकीन के 444 गत्ते लोड थे। इस माल को लखनऊ पहुंचाना था।छह जनवरी को हरदोई जिले के जहानी खेड़ा में दो लोग गाड़ी में बैठ गए। कुछ दूर चलने के बाद एक व्यक्ति गाड़ी से उतरकर आलू चाट लेकर आया। उसने जबरन दो पीस चालक को भी खिला दिए। चाट खाते ही चालक बेसुध हो गया।

### विद्युत संविदा कर्मचारियों ने उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**मिश्रित सीतापुर।** विद्युत उपखंड मिश्रित में तैनात लग भग आधा सैकड़ा से ऊपर संविदा कर्मचारियों ने आज उपखंड अधिकारी शैलेंद्र कुमार पांडेय को एक पत्र देकर तैनात कर्मचारियों की संख्या बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है । इस पत्र में कहा गया है । कि दिनांक 1 जनवरी को वर्ल्ड क्लास कंपनी से अनुबंध किया गया है । उसके अंतर्गत 12.5 कर्मचारियों को ही रखने के आदेश निर्गत किए गए हैं । जब कि मिश्रित उपखंड कार्य क्षेत्र में तहसील और ग्रामीण 11 केवी 5 फीडर संचालित हो रहे हैं । उन पर लग भग 600 गांव और 23000 विद्युत उपभोक्ता है । उनको विद्युत सप्लाई प्रदान की जा रही है । संविदा कर्मियों का आरोप है । कि वर्तमान समय 54 आउटसोर्स कर्मचारी तैनात हैं । जो अनुरक्षण , परिचालन एवं राजस्व वसूली का भी कार्य पूरी ईमानदारी से करते हैं । 54 कर्मचारियों के सापेक्ष में 12.2 कर्मचारियों से अनुरक्षण , परिचालन एवं राजस्व वसूली का कार्य कराया जाना संभव नहीं है । इस लिए सभी संविदा कर्मचारियों ने तैनात कर्मचारियों की संख्या बनाए रखने हेतु उपखंड अधिकारी को पत्र देकर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है । इस अवसर पर रमाकांत , शुभम शुक्ला , नईम खां , मुस्ताक खां , कलीम खां , सुजीत ,विजय कुमार , आशीष द्विवेदी , शिवकुमार , मासूम अली , मुकेश , अमित कुमार आदि सभी संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर डीएम एसपी ने कोतवाली तालगांव में सुनी शिकायतें



**सीतापुर ।** सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने कोतवाली तालगांव में फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पैमाईश से सम्बन्धित प्रकरणों को नियमानुसार निस्तारित कराया जाय। उन्होंने कहा कि यदि कहीं चक मार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत प्राप्त हो तो इसकी तत्काल जांच करते हुए कब्जा मुक्त कराया जाय। दो पक्षों में भूमि विवाद सम्बन्धी प्रकरणों में दोनों पक्षों को सुनकर न्यायोचित निस्तारण किया जाय तथा यदि आवश्यकता हो निरोधात्मक कार्यवाही भी की जा सकती है। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस के रजिस्टर का भी अवलोकन किया। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बंधित पुलिस अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तालगांव स्थित झील का किया निरीक्षण, झील के आस पास के अवैध कब्जे तत्काल हटवाए जाने के दिए कड़े निर्देश जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विकास खण्ड परसेंडी के तालगांव में कोतवाली तालगांव के निकट स्थित झील का निरीक्षण कर इसके आस-पास के अवैध कब्जों को नियमानुसार तत्काल हटवाते हुए झील की स्वच्छताध्सौंदर्यीकरण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सम्बंधित लेखपाल एवं अन्य अधिकारी नियमित रूप से पर्यवेक्षण करते रहे जिससे कोई नया अवैध कब्जा न हो। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अभिलेखों का अवलोकन कर झील के आस पास के अवैध कब्जे तत्काल हटवाए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी लहरपुर एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों को झील की स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण की दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसका संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी ने स्थानीय निवासियों से से भी झील के सम्बन्ध में विभिन्न जानकारियां भी ली।इस दौरान उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधान परिजनों को दिया जा सकता है भुगतान : सचिव

**सीतापुर( मछरेहटा )।** जनपद में प्रधान व सचिवों ने जिम्मेदारो के संरक्षण में वित्त को बनाया आमदनी का जरिया, जनपद की ग्राम पंचायतों में सचिव व प्रधान की मिलीभगत के चलते विकास कार्यो के लिए आयी धनराशि का दुरुपयोग कर घोटाला किया जा रहा है, जिसमे सचिव प्रधान व प्रधान के परिजनों के नाम वित्त की धनराशि को मजदूरी के नाम पर निकाल कर घोटाला कर रहे है,जबकि जारी आदेशो पर गौर किया जाए तो प्रधान अपने व अपने परिजनों के नाम पर कोई भुगतान मानदेय को छोड़कर नही निकाल सकता है और न ही अपनी या अपने किसी परिजन की फर्म पर भुगतान लगा सकता है, इस सबके बावजूद भी जिम्मेदारो के संरक्षण में ग्राम प्रधान व सचिव आदेशो को दरकिनार कर मनमाने तरीके से वित्त की धनराशि का दुरुपयोग कर रहे है। बताते चले विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायतों में सचिवो ने प्रधान व प्रधान परिजनों के नाम भुगतान कर घोटाला कर रहे है, ग्राम पंचायत गोंडा में प्रधान केतकी देवी ने सचिव से मिलीभगत कर अपने परिवारीजनों के नाम भुगतान कर गोलमाल किया है प्रधान ने अपने पति के चार भाइयो के नाम लाखो का फर्जीवाड़ा कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया है प्रधान पति के भाई विजेंद्र कुमार,अनूप कुमार,मेवालाल व ओमप्रकाश को मजदुरी के नाम पर लाखों का भुगतान कर जारी धाज्जिया उड़ा दी गयी है। ग्राम पंचायत लौहंगपुर में सचिव ने प्रधान जय प्रकाश सिंह के नाम पर मिट्टी पटाई,डीजल क्रय, तालाब पानी भरवाई, गौशाला में कार्य कराने के नाम पर लाखों का भुगतान कर दिया, ग्राम पंचायत मिर्जापुर दक्षिणी में प्रधान राम मनोहर के नाम पर पंचायत भवन निर्माण व अन्य कार्यो का भुगतान कर फर्जीवाडा किया है। जब प्रधान व प्रधान परिजनों के नाम भुगतान के सम्बंध में सचिव राजेन्द्र सिंह से जानकारी ली गयी तो उन्होंने बताया कि ऐसा कोई आदेश नही है की प्रधान के भाई व परिवारीजन कार्य नही कर सकते व उनको भुगतान नही दिया जाएगा यदि भाई गरीब है और अलग रह रहा है तो उनको भुगतान दिया जा सकता है, वही प्रधान के नाम भुगतान पर बताया की तमाम ऐसे कार्य होते है जिसमे प्रधान को ही भुगतान देना पड़ता है इसलिए दिया जाता है।

## उ.प्र. उद्योग व्यापार मण्डल हमेशा लड़ता है व्यापारियों के हक की लड़ाई - उमेश शुक्ला

**व्यापारी सीतापुर की कार्यकारिणी का हुआ गठन पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी बने संरक्षक**

**सीतापुर।** उ.प्र. उद्योग व्यापार मण्डल हमेशा व्यापारियों के हक की लड़ाई लड़ता हैं। चाहे मामला पटरी दुकानदारों का हो या फिर किसी भी व्यापारी के उत्पीड़ने का मामला हो या फिर व्यापारियों की कोई अन्य समस्या हो संगठन हमेशा ही व्यापारियों के साथ खड़ा रहता हैं। यह बात जेलरोड स्थित एक रेस्टोरेण्ट में प्रेस वार्ता के दौरान जिला प्रभारी उमेश शुक्ला ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कही। उन्होने कहा कि सीतापुर का मै अभी तक जिला प्रभारी था आज से सीतापुर जिले की नई कार्यकारिणी गठित की जा रही है। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व की अनुमति पर प्रदेश के पदाधिकारियों ने पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी को संरक्षक



मनोनीत करते हुए विभूतिपुरी को जिलाध्यक्ष, गोविन्द सहांय गुप्ता को जिलामंत्री, वागीश दिनकर बाजपेई को जिला महामंत्री, मनोज अग्रवाल को जिला कोषाध्यक्ष, धीरेन्द्र मिश्रा को नगर अध्यक्ष, आशीष गुप्ता को नगर महामंत्री अमित संदीप कश्यप नगर कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। साथ ही उत्तर प्रदेश व्यापार मण्डल द्वारा भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता को जल्द ही कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जायेगी जिससे व्यापार मण्डल और भी मजबूत हो सके व व्यापारियों की लड़ाई और तीव्र गति से लड़ी जा सके। इस मौके पर समस्त पदाधिकारियों सहित पर्यवेक्षक संजय गुप्ता, मोनू शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी व व्यापारी उपस्थित थे।

## विधायक ने जनता दरबार लगाकर सुनी जनसमस्याएं



**सिधौली-सीतापुर ।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर कस्बे मे भाजपा विधायक मनीष रावत ने अपने आवास पर जनता दरबार लगाकर सैकड़ो क्षेत्रीय लोगों की समस्याएं सुनी इस अवसर पर समस्याओं से संबंधित अधिकारियों को फोन से वार्ता कर समस्याओं का समय से निस्तारण किये जाने के निर्देश दिए। भाजपा विधायक मनीष रावत ने अपने आवास पर जन्म मिलन कार्यक्रम के अवसर पर विद्युत विभाग के लगे विद्युत उपभोक्ताओं के मीटर से (बिजली बिल) अधिक निकाले जाने,पीएम आवास, राशन कार्ड ,आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मन निधि ,वृद्धा पेंशन और आधार कार्ड के लिए शिकायतें आई सर्वाधिक मामले विद्युत बिल के अधिकहोने की नजराई और राशन कार्ड संशोधन के बारे में तहसील परिसर में खुले केंद्र के बारे में भी लोगों को जानकारी दी समस्याओं से संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के लिए फोन कर निर्देश दिए। इस मौके पर आशु तिवारी, अनूप रावत, सुधीर रावत ,पंकज यादव, राजेंद्र आदि के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी नजर आई।

### आर्म्सएक्ट के तहत शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा अवैध शस्त्रध्मादक द्रव्यध् शराब निष्कर्षण, बिक्री एवम् परिवहन की रोकथाम हेतु ऐसे आपराधिक कृत्यों में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये हैं ।उक्त निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी सिधौली श्री कपूर कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना रामपुरकलां पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ सोनू पुत्र मनोज यादव नि.सिकंदराबाद थाना रामपुरकलां जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। जिससे मौके से एक अदद अवैध तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद बरामद हुआ है। बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 13ध्25 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया ।

## भीमआर्मी के जिलाध्यक्ष ने फर्जी मुकदमें में फंसाये जाने की जताई आशंका

**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय तहसील अंतर्गत थाना अटरिया पुलिस और स्थानीय प्रशासन पर किसी भी समय फर्जी मुकदमे में फंसाए जाने का आरोप लगाते हुए अनिल कुमार जिलाध्यक्ष (भीम आर्मी जयभीम) सीतापुर उ प्र ने जनसुनवाई समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली उ प्र के माध्यम से पुलिस महानिदेशक लखनऊ को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस महानिदेशक लखनऊ को भेजे गए शिकायती प्रार्थना पत्र में अनिल कुमार पुत्र भारती निवासी ग्राम भौरी थाना रामपुर कला जनपद सीतापुर का निवासी है जो भीम आर्मी जय भीम सीतापुर का जिला अध्यक्ष ने अटरिया पुलिस और प्रशासन के विरोध में भेजे गए अपने शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि समाज सेवा के लिए असहाय, दलित समाज के लोगों को जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। जिसको लेकर प्रशासनिक अधिकारी से भी कहा सुनी हो जाया करती है हाल ही में ग्राम लहू रिवान थाना अटरिया में भीम आर्मी जय भीम संगठन के पदाधिकारीयों पर हो रहे अत्याचार के लिए अत्याचार को लेकर अराजक तत्वों से काफी विवाद हुआ था जिस से भीम आर्मी संगठन पुलिस और प्रशासन खफा है ऐसी स्थिति में जिला अध्यक्ष अनिल कुमार को पुलिस और प्रशासन द्वारा किसी भी समय फर्जी मुकदमे में फसाए जाने की साजिश की जा रही है जिसको लेकर भीम आर्मी जयभीम के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार के साथ रघुनंदन, मैकु चन्द्रशेखर ने संयुक्त हस्ताक्षरित शिकायती पत्र पुलिस महानिदेशक लखनऊ को भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

### लहरपुर के किसान नेता हुए नजरबंद, बार्डर पर जाने की थी तैयारी

**सीतापुर।** लहरपुर के पुलिस प्रशासरन ने बार्डर पर हो रहे किसानों के आन्दोलन में चोरी छिपे जाने की तैयारी कर रहे किसान रनेता को पुलिस ने घर ही नजर बंद कर दिया। जिस पर किसान नेता ने पुलिस अधिकारियों पर भी गम्भीर आरोप जड़े और संगठन से त्यागपत्र देने की पुलिस द्वारा दबाव बनाने की बात कही गई। गौरतलब हो कि किसान नेता अजीत कुमार वर्मा को पुलिस ने उनके ठठेरी टोला स्थित आवास पर नजरबंद किया। दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर पर किसान एमएसपी गारंटी कानून बनाने को लेकर डेढ़ महीने से आमरण अनशन कर रहे हैं। इसके समर्थन में देश के विभिन्न स्थानों पर किसान संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाना प्रस्तावित था।

## मंत्री सुरेश खन्न के काफिले के एक वाहन ने अमिताब ठाकुर के वाहन में मारी टक्कर

**बोले कोतवाली प्रभारी अमिताब ठाकुर के काफिले और यहां आने का कोई नही था प्रोटोकाल**

**सिधौली- सीतापुर।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर कस्बे के कमल तिराहे के निकट शनिवार को मंत्री सुरेश खन्ना के काफिले की एक गाड़ी ने हूटर बजाते हुए(आजाद अधिकार सेना)के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर की गाड़ी में सीतापुर जाते समय पीछे मारा ठोकर आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर और डॉक्टर नूतन ठाकुर अपनी निजी गाड़ी से सीतापुर जा रहे थे कस्बे के कमल तिराहे के निकट उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना की गाड़ियों का काफिला लगातार हूटर बजाते चल रहा था




इस काफिले के एस्कॉर्ट की गाड़ी ने आगे निकलने के लिए अमिताभ ठाकुर की गाड़ी को पीछे से मारा ठोकर गाड़ियों का काफिला रूका अमिताभ ठाकुर और नूतन ठाकुर ने मंत्री सुरेश खन्ना से पूछा कि जब उनकी सरकार लगातार वीआईपी कल्चर समाप्त होने की बात कहती है तो हूटर क्यों बज रहा है उनकी गाड़ी पर एस्कॉर्ट की गाड़ी ने पीछे से मारा है इस पर मंत्री श्री खन्ना ने अन्य कोई बात ना कह कर यह कहा कि एस्कॉर्ट को हूटर बजाने का अधिकार है अगर उन्हें कोई शिकायत है तो वह थाने पर करें अमिताभ ठाकुर ने समस्त बातों को दूरसंचार के द्वारा डीजीपी व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए समुचित कार्रवाई की मांग की हैध्इस संबंध में पूछे जाने पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही ने बताया कि (आजाद अधिकार सेना)के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर के क्षेत्र की कोई जानकारी नहीं थी ना ही कोई सूचना दी गई जिसके चलते कोई प्रोटोकॉल नहीं था घटना की सूचना स्थानीय कोतवाली पुलिस को नहीं दी गई है।

## श्रीराम मंदिर के प्रथम वर्षगांठ पर रामभक्तों ने पूजा अर्चना कर किया विशाल भण्डारा





**सीतापुर।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगाँठ के उपलक्ष्य के अवसर पर श्री राम भक्तों द्वारा जनपद में पूजा अर्चना करने के बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। यह भण्डारा पूजा अर्चना के बाद से प्रभू की इच्छा तक चलता रहा। इस भण्डारे में श्रद्धालुओं को अपील करके भण्डारे का प्रसाद ग्रहण कराया गया। भण्डारे का आयोजन जायसवाल मार्केट मुस्तफाबाद नेरी मथना रोड सीतापुर में विशाल भण्डारे का आयोजन प्रभू श्रीराम भक्त महेश जायसवाल , पीयूष जायसवाल मुकेश जायसवाल राजीव कुमार राहुल आदि भक्तगणों द्वारा किया गया। इस भण्डारे में प्रभू श्रीराम के भक्तें के साथ जेबी दारूका पेपर मिल अड़वेनिया ग्रण्ट सीतापुर के मालिक संजय अग्रवाल ने भी बढ़चढ़कर हिस्सा लिया व लोगो को प्रसाद वितरण कराया। भण्डारे में हजारों की संख्या में श्रीराम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और जय श्री राम के नारो की गूंज भण्डारे के दौरान गूंजती रही।

## तालाब में भरा पानी, फिर भी सिल्ट सफाई का निकल रहा भुगतान

**सीतापुर( पहला )।** जनपद में मनरेगा कार्यो में फर्जीवाड़ा थमने का नाम नही ले रहा है,जिम्मेदारो के संरक्षण में लगातार फर्जी हाजिरी दर्ज कर भुगतान भी बिना कार्य के ही भुगतान कराये जा रहे है, बताते चले विकास खण्ड पहला की ग्राम पंचायत भरथर में फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है, ग्राम पंचायत में मनरेगा से तीन कार्य संचालित हो रहे है तीनो कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहे है, प्रधान व रोजगार सेवक में



लघनई तालाब से बदहर तालाब खुदाई कार्य व डामर रोड की पुलिया से बदहर तालाब तक ड्रेन सफाई कार्य दोनो ही कार्यो पर ऑनलाइन दर्ज की गई हाजिरी में एक ही फोटो को अपलोड किया गया, वही फोटो में दोनो ही कार्यो पर अपलोड की गयी फोटो में महज 3 व्यक्ति खड़े दिखाई दे रहे है जबकि दोनो कार्य पर आधा सैकड़ा से अधिक श्रमिको की हाजिरी लगाई जा रही है। ग्राम पंचायत में चल रहे एक अन्य कार्य किरहा तालाब की सिल्ट सफाई कार्य पर लगभग 61 श्रमिको की फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है, क्योकि सिल्ट सफाई का कार्य कराया जा रहा है, लेकिन तालाब में पानी भरा हुआ है अब तालाब में यदि पानी भरा है तो फिर सिल्ट कैसे की जा सकती है। प्रधान प्रतिनिधि व पंचायत सहायक ने बताया कि अभी तालाब की किनारे किनारे सफाई करा रहे है, जबकि अपलोड की गई फोटो में किनारे हुआ कार्य भी नही दिखाई पड़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बकरी चरा रही महिलाओं को कार ने रौदा, एक की मौत

**सीतापुर।** जनपद के लहरपुर थाना क्षेत्र में बकरी चरा रही दो महिलाओं को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिसके चलते एक महिला की तत्काल मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करनी शुरू कर दी है। उधर दुर्घटना को अंजाम देकर वाहन चालक वाहन सहित फरार हो गया। दुर्घटना सम्बन्ध मे मिली जानकारी के अनुसार लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में हरगांव मार्ग पर कुलताजपुर गांव के पासएक वाहन ने सड़क के किनारे बकरी चरा रही दो महिलाओं को टक्कर मार दी। इसमें एक महिला की मौत हो गई। दूसरी का इलाज जारी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुलताजपुर गांव निवासिनी गीता देवी (45) व फूलमती (50) गांव के पास हरगांव मुख्य मार्ग के किनारे बकरी चरा रही थीं। इस बीच तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।वहां डॉक्टरों ने फूलमती को मृत घोषित कर दिया। गीता का इलाज चल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार टक्कर मारने वाला वाहन सफेद कार थी। टक्कर मारने के बाद चालक कार लेकर हरगांव की तरफ भाग गया।

### शराब ठेके के सामने संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**इमलिया सुल्तानपुर/सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर थाने की काजीकमालपुर चौकी क्षेत्र में संचालित देशी शराब के ठेके के बाहर शनिवार को एक 30 वर्षीय युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव पड़ा मिला जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार काजीकमालपुर चौकी से करीब 200 मीटर की दूरी पर कस्बा काजीकमालपुर चौराहे पर देशी शराब का ठेके पर शनिवार करीब 4 बजे काजीकमालपुर चौराहे पर देशी शराब के ठेके के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में करीब 30 वर्षीय एक युवक का शव पड़ा मिला। चौराहे पर अचानक शव मिलने से हड़कंप मच गया। बाजार से सैकड़ों की संख्या में लोग वहां पर इकट्ठा हो गई। जिसके बाद मृतक की पहचान कमलेश पुत्र माधवराम उम्र (करीब 30 वर्ष) निवासी गाँव बंडिया थाना इमलिया सुल्तानपुर के रूप में हुई।

शराब ठेके के विक्रेता व स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक शराब का आदी था पिछले दो दिनों से वह आकर लगातार शराब का सेवन कर रहा था। जिसके बाद शनिवार शाम को नशे की हालत में अचानक वह गिर गया और उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची काजीकमालपुर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल शौर्य यात्रा का हुआ आयोजन।

**इमलिया सुल्तानपुर/** सीतापुर। श्री राम लाल मंदिर प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। जो की नौवा अंबरपुर से इमलिया सुल्तानपुर, काजीकमालपुर, हाजीपुर, पारा , बसेती,शेरपुर, कचनार, सहरोइ, रोहिला होते हुए छतौना मे गदाई नाथ मंदिर पर समापन किया गया। जहां पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस प्रशासन चप्पा चप्पा पर मुस्तैद रहा व यात्रा मे राम भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। और गांव कस्बों में जय श्री राम के नारों से गूंज उठे। इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र प्रशासनिक अधिकारी व इमलिया पुलिस व देहात कोतवाली, महोली पुलिस के द्वारा छपे छपे पर नजर रखी गई।

### किसान द्वारा डलवाए गए चकबंध पर प्रधान ने दिखाया अपना काम

**माधौगढ़/जालौन।** किसान द्वारा निजी पैसे व्यय कर डलवाए गए चकबन्ध को पंचायत द्वारा मनरेगा से काम किया जाना दर्शा कर प्रधान द्वारा धन निकासी का प्रयास किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। विकासखंड माधौगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत मिर्जापुर निवासी अमित कुमार पुत्र शिवपाल सिंह ने खंड विकास अधिकारी माधौगढ़ को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसने अपनी आराजी पर आने जाने के लिए अपना धन व्यय करके एक चकबंध का निर्माण कराया था इस कार्य को ग्राम प्रधान ने मनरेगा के तहत आईडी नंबर 3017 में शालू के खेत से छोटे महाराज के खेत तक चकबंध निर्माण कराया जाना दिखाकर भ्रष्टाचार करते हुए उक्त कार्य के धन निकासी का प्रयास किया जा रहा है।

# अपने पाटीदार लेखपाल से पीड़ित होकर पीड़ित ने लगाई जिलाधिकारी से न्याय की गुहार

**जमीनी विवाद व धमकी देने के मामले में दर्ज है कई मुकदमा, पर नहीं हुई कोई कार्रवाई**

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर नगर ।** जनपद के भीटी तहसील क्षेत्र के लोहझरा गांव के निवासी अभिषेक सिंह पुत्र की स्वर्गीय ठाकुर प्रसाद सिंह ने आरोप लगाया है कि प्रार्थी के गांव के लेखपाल दुर्गा प्रसाद सिंह जो की काफी फितरती की किस्म के व्यक्ति हैं जो कि जलालपुर तहसील में कार्यरत है। प्राची का एक मुकदमा दीवानी जो जनपद न्यायालय सीनियर जज के यहां मूल वाद संख्या 311/ 1990 चल रहा है जिसमें कई दिनांक को साक्ष्य हेतु वह गवाही देने आए हैं, जिस भी दिनांक में यह दीवानी न्यायालय में गवाही देने के लिए आए हैं उसे डेट में जन सूचना के माध्यम से सूचना प्राप्त की गई तो इन्होंने बिना किसी छुट्टी लिए न्यायालय में गवाही देने के लिए आए हैं

और इनके ऊपर यह भी आरोप है कि यह अपने निजी आवास लोहझरा के बगल गाटा संख्या 291मि.में अवैध कब्जा किए हैं जो सरकारी अभिलेखों में खलियान खाते में अंकित है जिसका बेदखली का आदेश दिनांक 14.11.2023को तहसीलदार भीटी के द्वारा किया गया है जिस पर अभी तक इन्हीं का कब्जा है। और अपनी ग्रामसभा लोहझरा से सटा गांव अतरडीहा में जंगल ढाक जंगल की जमीन पर स्वयं कब्जा करके मकान बनाए हैं और 20 लोगों को जंगल ढाक की जमीन को विक्रय किए हैं। भीटी तहसील में कार्यरत रहते हुए महरुआ क्षेत्र पर अपने कार्यकाल के दौरान इनके ऊपर रनिवा गांधी आश्रम की जमीन को कब्जा करके बेचने के आरोप में महरुआ थाने पर मुकदमा संख्या 0208/2020 दर्ज है। और अपने ग्राम सभा लोहझरा के वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि को धमकी देने के आरोप में भीटी थाने पर मुकदमा संख्या 0088/2024 दर्ज है। जहां एक तरफ सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और जनपद के जिलाधिकारी और अपर जिला अधिकारीके द्वारा भूमाफियाओं पर नकेल कसने का कार्य किया जा रहा है वहीं पर ऐसे ही भ्रष्ट लेखपाल अगर जनपद में रहे तो तो सरकार के और शासन प्रशासन के मनसा के ऊपर पानी फेरने का कार्य किया जाएगा इस लेखपाल के ऊपर एक कहावत बहुत सटीक बैठती है। सैया भये कोतवाल तो अब डर काहे का जब जमीन के रक्षक ही सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करके उसे क्रय विक्रय का कार्य करेंगे तो सरकारी जमीन कहां तक सुरक्षित रहेगी ऐसे में इस भ्रष्ट लेखपाल के ऊपर शासन प्रशासन द्वारा कौन सी कार्रवाई की जाती है फिलहाल या तो अभी भविष्य के गर्भ में है।

## वाराणसी में 530 जगह हटाए गए अतिक्रमण



वाराणसी। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल के निर्देश पर शनिवार को शहर में सुगम यातायात व्यवस्था में बाधक बनने वाले अतिक्रमण और वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चला। कार्रवाई के दौरान 530 जगह अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण करने वाले 107 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर 19 को गिरफ्तार किया।

पुलिस आयुक्त ने कमिश्नरेट के सभी एसीपी, थानाध्यक्षों और चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया है कि प्रत्येक शनिवार और रविवार को अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चलाएं। इसी क्रम में कमिश्नरेट की फोर्स सड़क पर उतरी तो बेतरतीब तरीके से खड़े 407 वाहनों का चालान कर 23 वाहन सीज किए गए। चौक थाना क्षेत्र में पुलिस आयुक्त ने दुकानदारों से कहा कि सड़कें आवागमन के लिए हैं।

सड़कों पर मलबा फेंकने, दुकान संचालित करने या फिर बेतरतीब तरीके से वाहन खड़ा करने वालों पर प्रभावी तरीके से कानूकी कार्रवाई की जाएगी।

# केशव प्रसाद बोले-अखिलेश 2027 तो क्या 2047 तक के लिए सोचना छोड़ दें




**हरदोई।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कुछ लोग 2027 के सत्ताधीश अखिलेश की होर्डिंग लगवा रहे हैं। हरदोई की धरती से कह रहा हूं कि अखिलेश 2027 छोड़ दें, 2047 के बारे में भी न सोंचें। पीडीए तो परिवार डेवलपमेंट एजेंसी है। अखिलेश यादव अपनी साइकिल वर्ष 2047 तक के लिए सैफई ले जाएं, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य रखा है और इसी अनुसार कार्य भी हो रहे हैं।

आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल की ओर से शहर के गांधी मैदान में आयोजित कार्यकर्ता सम्मान समारोह में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरदोई और नरेश अग्रवाल के परिवार के बीच गजब का ददुलार और स्नेह है। बिल्कुल वैसे जैसे दूध में चीनी मिल जाती है। नरेश अग्रवाल ने जिस तरह अपनी बात रखीी उससे यह एहसास हो जाता है कि लगाव और दुलार कितन तगड़ा है। खुद को कार्यकर्ता पहले और उपमुख्यमंत्री बाद में बताते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बहुत व्यस्तताओं के बीच यहां के लिए समय निकाला, क्योंकि यहां कार्यकर्ता समागम था। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों ने भ्रम फैलाकर प्रदेश में हमारा प्रदर्शन कुछ कमजोर किया। बीते दिनों हुए हरियाणा, महाराष्ट्र के विधानसभा और प्रदेश के विधानसभा उपचुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत का जिक्र करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी दलों का भ्रम टूट चुका है। कहा कि भाजपा दिल्ली भी जीतेगी और मिल्कीपुर का उपचुनाव भी । केंद्र और राज्य सरकार की उपलिब्धयं बताते हुए कहा कि महकुंभ काआयोजन हो रहा है। सभी लोग आइएगा। कहा कि अखिलेश यादव कुंभ को लेकर सवाल उठा रहे हैं, लेकिन जब अखिलेश मुख्यमंत्री थे 2013 में तब कुंभ की जिम्मेदारी आजम खां को सौंप दी थी।

## प्रयागराज में 5 दिनों तक रहेगा नो व्हीकल जोन

**प्रयागराज (उत्तर प्रदेश)।** दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम महाकुंभ के नजदीक आने के साथ ही डीआईजी वैभव कृष्ण और महाकुंभ मेला क्षेत्र के एसएसपी राजेश द्विवेदी ने शनिवार को यहां कुंभ मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद कृष्ण ने मीडिया को बताया कि पुलिस इस आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि 12 जनवरी की शाम से यातायात प्रतिबंध शुरू हो जाएंगे। कृष्ण ने कहा, आज हमारी फोर्स ब्रीफिंग चल रही है। सभी संवेदनशील जगहों पर तैनात कर्मियों को ब्रीफ किया जा रहा हैज हमारी ड्यूटी कल सुबह 8 बजे से शुरू होगीज हम पूरी तरह तैयार हैंज यातायात प्रतिबंध कल शाम से ही शुरू हो जाएंगे। उन्होंने कहा, हमने मेला क्षेत्र को मुख्य स्नान से एक दिन पहले और एक दिन बाद नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया है।

## प्रदेश के 38 जिलों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी

**लखनऊ ।** प्रदेश में शुक्रवार को कई इलाकों में सुबह से ही गुनगुनी धूप हुई और सर्द रात के बाद दिन में लोगों को राहत मिली। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार से पश्चिमी विक्षोभ और पुरवाई के असर से मौसम का मिजाज बदलेगा और उत्तर प्रदेश में दो दिन पूरब से पश्चिम तक बूंदाबांदी के आसार हैं।

मौसम विभाग ने शनिवार व रविवार के लिए उत्तर प्रदेश के 38 जिलों में गरज चम के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की है। शुक्रवार को तराई समेत अन्य कई इलाकों में सुबह घना कोहरा छाया रहा। प्रयागराज, कानपुर, कुशीनगर में कोहरे की वजह से दृश्यता शून्य तक जा पहुंची। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से पुरवाई चलेगी और शनिवार से दो दिन प्रदेश में हल्की से मध्यम बूंदाबांदी के संकेत हैं। इसके बाद फिर से तापमान में उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड, गौतम बुद्ध नगर, बुलन्दशहर, अलीगढ, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में।

## ऐलानः कुंभ मेले के लिए चलेंगी 3000 स्पेशन ट्रेन और कई बसें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को राज्य के सभी जिलों से प्रयागराज के लिए बसें चलाने का निर्देश दिया है, ताकि महाकुंभ के दौरान श्रद्धालु संगम में स्नान कर सकें। प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ बैठक में योगी ने महाकुंभ के लिए रोडवेज की ओर से की गई तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिर्फ प्रमुख स्नान पर्वों पर ही नहीं, बल्कि पूरे महाकुंभ के दौरान सभी जिलों से प्रयागराज के लिए बसें संचालित की जाएं। योगी ने इस बात पर जोर दिया कि बसों की समय सारिणी का व्यापक रूप से प्रचार किया जाना चाहिए और यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाना चाहिए कि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान कोई कठिनाई न हो। मुख्यमंत्री ने यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए कि बस चालक और परिचालक किसी भी तरह के नशीले पदार्थ का सेवन न करें।

उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि निजी बस संचालक श्रद्धालुओं से निर्धारित किराये से अधिक राशि न लें और क्षमता से अधिक सवारी लेकर न चलें। सरकार की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं के लिए संगम स्नान को सुगम और आसान बनाने के लिए उत्तर प्रदेश रोडवेज 7,000 बसें चलाने की तैयारी कर रहा है।

## महाकुंभ में दान दी गई बच्ची का संन्यास वापस

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ में दीक्षा लेने वाली 13 साल की लड़की का संन्यास 6 दिन में ही वापस हो गया। दीक्षा दिलाने वाले महंत कौशल गिरि को जूना अखाड़े से 7 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया। उन्होंने नाबालिग को गलत तरीके से शिष्य बनाया था। श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के संरक्षक हरि गिरि महाराज ने कहा- यह अखाड़े की परंपरा नहीं रही है कि किसी नाबालिग को संन्यासी बना दें। इस मुद्दे पर बैठक कर सर्वसम्मति से फैसला लिया गया है। नाबालिग लड़की आगरा की रहने वाली है। वह 5 दिसंबर को परिवार के साथ महाकुंभ आई थी। नागाओं को देखकर उसने संन्यास लेने का फैसला किया। परिवार के साथ घर जाने से मना कर दिया था। बेटी की जिद पर माता-पिता ने भी उसे जूना अखाड़े के महंत कौशलगिरि को दान कर दिया। इसके बाद लड़की को पहले संगम स्नान कराया गया। संन्यास के बाद उसका नाम बदल दिया गया। नया नाम रखा गया।

**19 को महाकुंभ में होना था उसका पिंडदान :** 19 जनवरी को नाबालिग का पिंडदान होना था। महामंडलेश्वर महंत कौशल गिरि ने लड़की के पिंडदान कराने की भी तैयारी कर ली थी, लेकिन इससे पहले अखाड़े की सभा ने यह कार्रवाई कर दी। दरअसल, संन्यासी बनने के दौरान खुद का पिंडदान करने की परंपरा है।

**नाबालिग के पिता कारोबारी, कई सालों से संत से जुड़े हैं :** नाबालिग लड़की के पिता पेठा कारोबारी हैं। पूरा परिवार आगरा में रहता है। परिवार श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महंत कौशल गिरि से कई सालों से जुड़ा है। परिवार में माता-पिता और दो बेटियां है। दोनों बहनें आगरा के कान्वेंट स्कूल में पढ़ती हैं। संन्यासी बनने वाली नाबालिग नौवीं में और उसकी छोटी बहन दूसरी क्लास में पढ़ती है।

# चंबल मैराथन का पांचवां संस्करण की तैयारियां पूर्ण, चंबल प्रदेश की मांग होगी मुख्य आकर्षण

**पंचनद/जालौन।** चंबल संग्रहालय द्वारा आयोजित चंबल मैराथन का पांचवां संस्करण 12 जनवरी 2025 को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस बार मैराथन का उद्देश्य चंबल प्रदेश की स्थापना की मांग को प्रमुखता से उठाना है। यह आयोजन न केवल एक खेल प्रतिस्पर्धा है, बल्कि चंबल क्षेत्र के विकास, सांस्कृतिक धरोहर और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देने का प्रयास भी है।

मैराथन का मार्ग और विशेषताएं-

चंबल मैराथन का यह ऐतिहासिक संस्करण 42.195 किमी की दूरी तय करेगा, जो उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के दो प्रदेशों और चार जिलों-इटावा, औरैया, भिंड और जालौन से होकर गुजरेगा। मैराथन की शुरुआत सुबह 8 बजे इटावा के प्रसिद्ध डॉल्फिन सफारी सिद्धबाबा सहसो से होगी। इसके बाद यह हनुमंतपुरा, बल्लो गढ़िया, भिंड जिले के सनावई और हरकेपुरा, जालौन जिले के सुल्तानपुरा जागीर, चंबल आश्रम हुकुमपुरा, बिलौड़, कर्रा, मई और गंज जैसे गांवों से होते हुए औरैया के जुहीखा और ततारपुर पहुंचकर पंचनद धाम महासंगम पर समाप्त होगी।

इस मार्ग को खासतौर पर चंबल घाटी की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर को ध्यान में रखकर चुना गया है। धावकों को रास्ते में सरसों के लहलहाते खेत, मिट्टी के भरखे, पीपे के पुल, दुर्गम बीहड़, और रेतीले मैदानों का रोमांचकारी अनुभव मिलेगा। इसके अलावा, चंबल की घाटियों में प्रवासी पक्षियों के झुंड, मगरमच्छों की अंगड़ाई, और डॉल्फिन की अठखेलियां मैराथन को अद्वितीय बनाएंगी।

**चंबल प्रदेश की मांग को बल:** इस वर्ष चंबल मैराथन में चंबल प्रदेश की मांग को प्रमुख मुद्दा बनाया गया है। चंबल संग्रहालय के महानिदेशक डॉ. शाह आलम राना ने बताया कि चंबल क्षेत्र लंबे समय से विकास और पहचान की अनदेखी का शिकार रहा है। चंबल प्रदेश की स्थापना से क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी और यह आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि चंबल मैराथन सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय विकास और सामुदायिक भागीदारी के लिए एक आंदोलन है।



डॉ. राना के अनुसार, इस आयोजन का उद्देश्य चंबल क्षेत्र की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करना और उसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। इसके साथ ही यह आयोजन युवाओं को स्वास्थ्य, फिटनेस और सामाजिक एकजुटता के प्रति जागरूक करेगा।

**मैराथन की तैयारियां और आयोजन टीम :** चंबल मैराथन की तैयारियां पिछले छह महीनों से चल रही हैं। आयोजन टीम ने स्थानीय प्रशासन, पुलिस और चिकित्सा सेवाओं के साथ समन्वय कर सभी जरूरी इंतजाम किए हैं। धावकों के लिए मार्ग पर जलपान, प्राथमिक चिकित्सा और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इसके अलावा, मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और लोक कलाओं का प्रदर्शन भी किया जाएगा, जिससे प्रतिभागियों और दर्शकों को चंबल की सांस्कृतिक विविधता का अनुभव हो सके।

मैराथन में भाग लेने के लिए देशभर से सैकड़ों धावकों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें पेशेवर धावकों के साथ-साथ स्थानीय युवा, पर्यावरण प्रेमी और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल हैं। आयोजन टीम ने बताया कि इस बार महिला धावकों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और सशक्तिकरण का संकेत है।

चंबल की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर का प्रचार-

चंबल मैराथन का मार्ग चंबल क्षेत्र की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करने के लिए चुना गया है। धावकों को यहां के दुर्गम बीहड़ों, रेतीले मैदानों, और चंबल नदी के किनारों की अद्वितीय सुंदरता का अनुभव होगा। प्रवासी पक्षियों, मगरमच्छों और डॉल्फिन की झलक इस मैराथन को और भी रोमांचक बनाएगी।

इस आयोजन के माध्यम से चंबल क्षेत्र की पर्यावरणीय चुनौतियों पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। चंबल घाटी अपने पारिस्थितिकीय महत्व और जैव विविधता के लिए जानी जाती है, लेकिन यह क्षेत्र भी मानव हस्तक्षेप और जलवायु परिवर्तन के खतरों का सामना कर रहा है। मैराथन के दौरान इन मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**धावकों के लिए विशेष अनुभव:** चंबल मैराथन धावकों के लिए एक यादगार अनुभव होगा। सरसों के खेतों की हरियाली, मिट्टी के भरखे, और चंबल नदी के किनारे के प्राकृतिक दृश्य इस आयोजन को अद्वितीय बनाते हैं। धावकों को रास्ते में लोक कलाकारों के प्रदर्शन और स्थानीय व्यंजनों का भी अनुभव मिलेगा। इसके अलावा, चंबल क्षेत्र के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का दौरा भी धावकों के लिए एक अनोखा अनुभव होगा।

**चंबल क्षेत्र के विकास की दिशा में पहल :** चंबल मैराथन का आयोजन क्षेत्र के विकास और समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस आयोजन से क्षेत्र में पर्यटन, रोजगार और बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा मिलेगा। मैराथन के माध्यम से चंबल क्षेत्र की अनदेखी की गई संभावनाओं को उजागर करने और इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार, सुशील पदम अमृतसर पंजाब



सांसद गुरजीत सिंह औजला की माता जी सरदारनी गुरमीत कौर औजला का आज निधन हो गया। उनकी माता जी 85 वर्ष की थी और उनका दिल्ली में इलाज चल रहा था।उन्होंने शनिवार शाम को अपनी अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार रविवार 12 जनवरी की दोपहर 1 बजे गुमटाला गांव में किया जाएगा। सरदारनी गुरमीत कौर औजला जी अपने पीछे अपने पति सरदार सरबजीत सिंह, बेटे सांसद गुरजीत सिंह औजला, बेटे सुखजिंदर सिंह औजला ओर बेटी अमनदीप कौर को परिवार सहित छोड़ स्वर्ग सिधार गए।

### बी बी के डी ए वी कॉलेज फॉर विमेन मे नेशनल एडुट्रस्ट ऑफ इंडिया के सहयोग से युवाओं के योगदान को मान्यता देने के लिए सम्मान समारोह आयोजित



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार, सुशील पदम अमृतसर पंजाब

बी बी के डी ए वी कॉलेज फॉर विमेन, अमृतसर ने भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के तहत पंजीकृत नेशनल एडुट्रस्ट ऑफ इंडिया के सहयोग से राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं के योगदान को मान्यता देने के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया। श्री सुरिंदर सिंह, अतिरिक्त आयुक्त, नगर निगम, अमृतसर, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। अपने प्रेरक भाषण में, श्री सुरिंदर सिंह ने सतत भविष्य के लिए युवाओं को सशक्त बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस एक ऐसा अवसर है जो युवा व्यक्तियों के योगदान का जश्न मनाता है और एक अधिक टिकाऊ और समावेशी दुनिया बनाने की उनकी क्षमता को पहचानता है। अपने भाषण के दौरान, प्रिंसिपल डॉ. पुष्पिंदर वालिया ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भविष्य आज की युवा पीढ़ी के हाथों में है जो आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिए जिम्मेदार होगी। उन्होंने पर्यावरण क्षरण से उत्पन्न चुनौतियों और हमारे ग्रह के भविष्य की सुरक्षा के लिए सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को उपकरणों से लैस करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

### पुलिस प्रशासन पत्रकार मैत्री क्रिकेट मैच आज



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी

**मथुरा।** पुलिस प्रशासन एवं पत्रकार मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन अमरनाथ महाविद्यालय के खेल मैदान में 12 जनवरी (आज) आयोजित होगा, कैबिनेट मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी दोनों टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण करेंगे। बृज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने बताया कि इस क्रिकेट मैच की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं पत्रकार एकादश द्वारा आज जहां अमरनाथ स्कूल के प्रांगण में कमरतोड़ मेहनत कर मैच जीतने की तैयारी की गई वही पुलिस प्रशासन टीम के कप्तान डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया तो उनकी टीम ने आज पुलिस ग्राउंड में अभ्यास कर मैच जीतने की तैयारी पूर्ण कर ली है। दोनों टीमों ने मैच को जीतने का दावा किया है अब ग्रैंड पर देखना है कि कौन विजेता ट्रॉफी को हासिल करेगा। श्री उपमन्यु ने सभी प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथियों से ग्राउंड पर पहुंचकर पत्रकारों की टीम का उत्साहवर्धन करने का आह्वान किया है तथा सभी साथियों के लिए सूक्ष्म जलपान एवं लंच की व्यवस्था भी ग्राउंड पर ही की गई है।

---

**कवि सम्मेलन में कवियों ने लूटी वाहवाही**

# ये तिरंगा जो हर घर में लहराएगा देश भर में रंगारंग छा जायेगा : गीता चतुर्वेदी

विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**औरैया।** शहर के इंडियन ऑयल पुलिस चौकी हनुमान तिराहा पर श्री जय हनुमान सेवा समिति के तत्वाधान में श्री वीर हनुमान मंदिर पर प्रथम प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव के शुभ अवसर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मनोज शर्मा होटल वाले एवं मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मंदिर प्रांगण में भागवत जी का पूजन एवं भगवान श्री हनुमान जी पर माल्यार्पण कर की शुभारंभ किया गया तथा कवयित्री गीता चतुर्वेदी के द्वारा सरस्वती वंदना से कवि सम्मेलन प्रारंभ हुआ जिसका संचालन युवा ओज कवि गोपाल पांडे ने किया। ओज के युवा कवि गोपाल पांडेय ने राजनीति मानचित्र बदलना चाहती थी राष्ट्रहित पिस्टल की गोली आई काम में। डॉ. गोविन्द द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्र द्रोह के विरुद्ध शंख नाद कर फिर एक बार अपनी जवानी जांच लीजिए। अजय अंजाम ने अपने संबोधन में कहा कि मेवाड़ विजय के रास्ते में खुद का तन रोड़ा बना दिया चेतक योद्धा बन गया मुगलों को घोड़ा बना दिया। कवयित्री गीता चतुर्वेदी ने अपने काव्य पाठ्य में कहा कि ये तिरंगा जो हर घर में लहराएगा देश भर में रंगारंग छा जायेगा। आशीष मिश्रा ने कहा कि मेरी फसल जला ही डाली गाँव के कुछ मतवालों ने एकदिन मुझसे रोटी माँगी फसल जलाने वालों ने। योगेश दीक्षित ने कहा कि जिसकी रज रज चंदन है,और कण कण में बलिदान। ऐसा प्यारा पावन है ,ये मेरा हिंदुस्तान। निर्मल पांडेय ने संबंधों की कीमत पर संवाद नही जो करते, जीवन के अनुबंधों पर प्रतिवाद नहीं जो करते, आदि अनेक कवियों द्वारा काव्य पाठ किया गया। इस दौरान बलदाऊ सिंह, सत्यनारायण मिश्रा, कृपा शंकर तिवारी, विनोद तिवारी, योगेश मिश्रा, राजमणि उर्फ लल्ला तिवारी उर्फ मुखिया, प्रवीण शुक्ला,अरविंद पांडे, रमाशंकर पांडे, रमेश चंद्र मिश्रा, शिवआसरे शुक्ला, कुबेर पाठक, अखिलेश मिश्रा, शैलेश पांडेय, आदि कई लोग मौजूद रहे।

---

# धारदार चाकू छुरी एवं अन्य हथियार अपने पास रखने वाले आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाया विशेष अभियान

**अभियान में अपने पास चाकू छुरी एवं अन्य हथियार रखने वाले तीन अपचारी बालकों सहित 12 आरोपियों को लिया हिरासत में**

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**बलौदाबाजार।** 10 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिला कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग आरोपी अपने पास धारदार हथियार चाकू छुरी आदि रखे हुए है। साथ ही इन आरोपियों ने धारदार चाकू के साथ सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर भी अपना फोटो भी अपलोड किया हुआ है। सूचना पर जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए आरोपियों के मिलने के हर संभावित ठिकानों पर दबिश देकर तीन अपचारी बालकों सहित 12 आरोपियों को हिरासत में लिया गया जिनसे पूछताछ करने पर सभी आरोपियों द्वारा धारदार चाकू छुरी आदि हथियार अपने पास रखने एवं उसके साथ फोटो सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में अपलोड करना स्वीकार किया गया। प्रकरणों में आरोपियों के विरुद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

आरोपियों में ईश्वर यादव उर्फ बंटी उम्र 21 साल निवासी शक्ति वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर भूपेंद्र उर्फ़ शाहिल यादव उम्र18 साल 02 माह निवासी सर्कस मैदान स्टेशन वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर मौसम महिलागें उम्र 19 साल निवासी मिशन परसाभदेर बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली राकेश यादव उम्र 25 साल निवासी कल्याण सागर वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर योगेश्वर उर्फ योगेश बंजारे उम्र 21 साल निवासी संत रविदास वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर कमल बंजारे उम्र 20 साल निवासी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा ग्रामीण शुभम यादव उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 24 पटपर भाटापारा थाना भाटापारा ग्रामीण भानु वर्मा उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम अर्जुनी थाना भाटापारा ग्रामीण विनोद कोसले उम्र 19 वर्ष निवासी नीम चौक पटपर भाटापारा थाना भाटापारा ग्रामीण एवं 03 अपचारी बालक सहित 12 आरोपी शामिल है।

---

### पिढौरा पुलिस का मानवीय चेहरा सामने आया)

**पिनाहट( आगरा )।** पुलिस कमिश्नर आगरा जे रविंद्र गोड़ के आदेश के बाद एक तरफ पुलिस थाना परिसरों में पहुंचने वाले फरियादियों को आदर सत्कार करते हुए नमस्कार करती हुई दिख रही है। वहीं पुलिस में भी बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है और वह जनता के बीच अच्छे से पेश आ रहे हैं। जिससे जनता और पुलिस की दूरी भी कम होती जा रही है। वहीं पिथौरा पुलिस का मानवी चेहरा देखने को मिला है जिसमें बीते शाम गर्भवती महिला आरती पत्नी मुकेश कुमार निवासी गांव पिढौरा घूमने के लिए निकली थी। थाने के सामने ढलान पर चढ़ते समय वह अचानक थक गई और थाने के सामने चक्कर आते गिर पड़ी। महिला को देखकर महिला दरोगा और पुलिसकर्मी एकत्रित हो गए और महिला दरोगा दीक्षा यादव और दीपिका सिंह ने महिला को देखा तो वह प्रसव की हालत में थी। थाना प्रभारी हरीश कुमार शर्मा ने तत्काल दोनों तरफ रास्ते करीब आधे घंटे तक रुकवाया दिया और लोक लज्जा को ध्यान में रखते हुए कंबलों का घेरा बनावाया।

---

# जिला पुलिस ने किया बलौदाबाजार मे हेलमेट जागरूकता मोटरसाइकिल रैली कार्यक्रम

**4 जनवरी से 31 जनवरी तक जिले में मनाया जा रहा है 35वां सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम**

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




**बलौदाबाजार।** जिले में 35वां सड़क सुरक्षा माह 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत जिले में चार जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के तहत 11 जनवरी को सड़क सुरक्षा माह के आठवें दिन बलौदाबाजार में हेलमेट जागरूकता मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी को यातायात नियमों का पालन करने हेतु शपथ दिलाया गया तत्श्चात कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा झंडा दिखाकर हेलमेट जागरूकता मोटरसाइकिल रैली को रवाना किया गया। इस रैली का उद्देश्य हेलमेट के प्रति जागरूकता लाना एवं अधिक से अधिक लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना है। पुलिस टीम द्वारा हेलमेट जागरूकता रैली का आयोजन कर बलौदाबाजार नगर के सभी प्रमुख मार्ग एवं चौक चौराहा का भ्रमण किया गया एवं लोगों से मोटरसाइकिल चलाने के दौरान अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की अपील की गई। यातायात पुलिस ने किया अपील जिले के यातायात पुलिस की अपील सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन आवश्यक है इससे आमजनों द्वारा अनुशासित होकर वाहन चालन किया जाएगा जिले में सुरक्षित परिवहन के लिए आमजनों का भी परस्पर सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

---

### ग्राम सिरकीमें आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, उदित ठाकुर

**सूरजपुर/भैयाथान।** भैयाथान जनपद अंतर्गत राजकिशोर नगर (सिरकी) आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शनिवार को विधिवत समापन किया गया। आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में मोहित राजवाड़े, विशिष्ट अतिथि के रूप में गिरीश गुप्ता, सुभाष राजवाड़े, अनुज राजवाड़े, रमेश गुप्ता और महेंद्र सिंह मार्को वही कार्यक्रम के अध्यक्षता के रूप में ग्राम पंचायत राजकिशोर नगर सिरकी के सरपंच अनिता सिंह उपस्थित रहें। क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच ग्राम करसु और राजकिशोर नगर सिरकी के मध्य खेला गया जिसमें राजकिशोर नगर सिरकी की टीम तीन विकेट से विजेता रही। मैच 12, 12 ओवर का खेला जा रहा था जिसमे करसु की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर 90 रन बनाया वही राजकिशोर नगर सिरकी 8 ओवर में 7 विकेट खोकर विजेता बना।

---

# ब्लड बैंक का डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने किया वर्चुअल लोकार्पण

विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान




**औरैया।** शहर स्थित 50 शैय्या संयुक्त जिला अस्पताल में स्थापित रक्त कोष का उपमुख्यमंत्री/स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल लोकार्पण किया। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, सदर विधायका गुड़िया कठेरिया, जिलाधिकारी डा0 इंद्रमणि त्रिपाठी, सीएमओ सुरेंद्र कुमार, एसीएमओ शिशिर पूरी सम्मिलित हुए। मुख्य चिकित्साधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि जिला अस्पताल में स्थापित ब्लड बैंक का डिप्टी सीएम द्वारा वर्चुअल लोकार्पण किया गया है। ब्लड बैंक से सुचारू रूप से संचालन होने से अब घायलों और गर्भवती महिलाओं को अन्य जगहों पर खून के लिए नही भटकना पड़ेगा। फिलहाल अभी 200 यूनिट ब्लड को स्टोर किया जा सकता है। वर्तमान में 11 यूनिट ब्लड उपलब्ध है जिसको पुलिस कर्मियों द्वारा पिछले सप्ताह लगे शिविर में दान किया गया था। यह जनपदवासियों के लिए अच्छी उपलब्धि है। कई प्रयासों के बाद आज ब्लड बैंक का संचालन शुरू हो गया है। रक्त कोष को शुरू कराने में रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों का भी अहम योगदान रहा है। इस मौके पर डिप्टी सीएमओ मनोज कुमार, सीएमएस मंजू सचान, पैथोलोजिस्ट स्वेता दांडेलिया, एलटी अशोक सिंह, अजय कटियार रवि कुमार, विनय कुमार, क्वालिटी मैनेजर सुभाष चन्द्र सहित अन्य स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

---

# अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु जल्द लागू होना चाहिए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट : अध्यक्ष सतीश शुक्ला

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, अश्वनी शेखर (ब्यूरो उन्नाव)





**शुक्लागंज/उन्नाव।** बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर कार्यरत अधिवक्ता सतीश शुक्ला द्वारा सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए शुक्लागंज स्थित गेस्ट हाउस में अधिवक्ताओं और पत्रकारों की विशेष बैठक बुलाई गई जिसमें बार एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर हमारे अधिवक्ता साथियों की निर्मम हत्या करने के साथ साथ अधिवक्ताओं पर हत्या के कई प्रयास किए गए है जिसके उपरांत कई बार अधिवक्ताओं व उनके परिजनों को उचित न्याय नहीं मिल पाता है साथ ही हमारे कई बुजुर्ग अधिवक्ताओं को पेंशन की सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है।जो कि अत्यधिक चिंतन का विषय बना हुआ है।जिस पर अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने बताया कि जिस प्रकार से हर वर्ष आप सभी का प्यार और स्नेह प्राप्त होता रहा है और ये स्नेह आने वाले आगामी उन्नाव बार एसोसिएशन अध्यक्ष पद के चुनाव में प्राप्त हुआ तो सर्वप्रथम अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने हेतु व बुजुर्ग अधिवक्ताओं को बीस हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन तथा नए अधिवक्ताओं को दस हजार रुपए मासिक भत्ता दिलाने के लिए प्रथम प्राथमिकता दी जाएगी


बार एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश शुक्ला की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन गंगाघाट राजधानी मार्ग स्थित गेस्ट हाउस में किया गया। जहां अध्यक्ष सतीश शुक्ला द्वारा अधिवक्ताओं एवं पत्रकारों को अंग वस्त्र भेंट कर सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी बैठक में अध्यक्ष सतीश शुक्ला,ओपी पांडे,सूरज बाजपेई,अंजनी अग्निहोत्री,प्रवीण दुबे,अजय गौतम आदि अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

---

# बन्दरों के आतंक से परेशान हुए गाँव पटनी के समस्त ग्रामवासी

**बन्दरों के आँतक से, अपने घर की छतों पर भी महिलाओं और बच्चों ने किया जाना बंद**

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
सहारनपुर, ब्यूरो चीफ जाती राम



चिलकाना गाँव पटनी के अंदर बंदरों ने ज़बरदस्त आतंक मचा रखा है। छोटे छोटे बच्चों, बुजुर्गों, और महिलाओ को कर रहे हैं। सबसे ज़्यादा घायल। बन्दरों के आँतक से, औरतो और बच्चों ने अपनी छतों पर जाना बंद कर दिया है। क्योंकि पूरा दिन सारे बंदर पूरे गाँव की छतों पर बैठे रहते हैं। और वहीं से जो भी छत पर चढ़ता है। उसको दौड़ा देते हैं। और काटकर घायल कर रहे हैं। कई बार ऐसा भी हो चुका है। बन्दर के डर से, कई बच्चे और महिलाएं छत से नीचे भी गिर चुके हैं। और जबरदस्त घायल हो चुके हैं। कई बार यहां के ग्रामवासियों ने लिखित और मौखिक वन विभाग वालों को भी बोला है। और ग्राम पंचायत प्रधान और सचिव साहब को भी बोला है। लेकिन आज तक इन बंदरों का कोई भी समाधान इनके द्वारा नहीं हुआ है। ये लोग सिर्फ आश्वासन दे देते हैं। लेकिन धरातल पर कोई भी कार्य नहीं करते हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा। तो लोग अपने घरों से निकलना भी बंद कर देंगे। क्योंकि इन बंदरों की संख्या दिन पर दिन बढ़ रही है। और सुबह 5 बजे से इन बंदरों का आंतक शुरू हो जाता है। और पूरे दिन व पूरी रात रहता है। और सुबह के समय आदमी सोकर भी नहीं उठता है। और यह बन्दर अपना आंतक मचाना शुरू कर देते हैं। और यह बन्दर घर और रसोई के अंदर घुसकर सारा सामान इधर-उधर कर देते हैं। और जो खाने का सामान होता है। उसको खा लेते है। बाकी सामान बीरान कर देते हैं। और नुकसान अलग करते हैं। अगर इनको डराने की कोशिश करते हैं। तो यह उल्टा हमला कर देते हैं। कई महिनो से इन बंदरों का आतंक चल रहा है। चिलकाना क्षेत्र में पटनी में भी बंदरों ने जबरदस्त आतंक मचा रखा है। दुकानों के अंदर घुसकर खाना उठाना। और सबसे ज्यादा ज़ो ग़रीब लोग रेहड़ी लगाकर फल बेचते हैं। उनका यह सबसे ज्यादा नुकसान करते है। अब तो ये बंदर इतने भूखे= और खूँखार हो गए हैं। कि कुछ भी खाने को मिले। उसी पर टूट पड़ते हैं। और उसी पर हमला कर देते हैं।

---

**राष्ट्रीय पत्रकार परिषद की बैठक आयोजित**

# मोअज़्ज़म रियाज़ी कार्यकारी अध्यक्ष व मुनीर आलम कोषाध्यक्ष चुने गए

नगीना केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता अश्विनी वाल्मीकि



राष्ट्रीय पत्रकार परिषद की मासिक बैठक सुयश कंपलेक्स स्थित संगठन के कार्यालय पर संगठन के अध्यक्ष प्रदीप जैन के निर्देशन पर आयोजित की गई।इस बैठक में संगठन के महामंत्री गौरव गोयल ने वर्ष 2025 से 31 दिसम्बर 2027 तक के लिये नई कार्यकारिणी के चयन का प्रस्ताव रखते हुये डॉ मुअज़्ज़म हुसैन रियाज़ी को पुनः संगठन का कार्यकारी अध्यक्ष चुनने का प्रस्ताव पेश किया, जिसको सभी पत्रकार साथियों ने सर्वसम्मति से स्वीकार करते हुए डॉ रियाज़ी को संगठन का कार्यकारी अध्यक्ष चुन लिया। उसके उपरांत मुअज़्ज़म हुसैन रियाज़ी ने महामंत्री गौरव गोयल पुनः महामंत्री व शेख मुनीर आलम को पुनः कोषाध्यक्ष के पद पर बने रहने का प्रस्ताव पेश किया,जिस पर संगठन के सभी साथियों ने सर्वसम्मति से गौरव गोयल को महामंत्री व शेख मुनीर आलम को कोषाध्यक्ष चुन लिया।नवनिर्वाचित तीनों पदाधिकारियों का संगठन के सभी सदस्यों ने फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया। तीनों पदाधिकारी ने कहा कि वह संगठन की एकता पर बल देंगे,साथ ही अगले माह 2 फरवरी को संगठन की मासिक बैठक में पूर्ण कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। संगठन के सभी सदस्यों से संगठन की आईडी कार्ड हेतु अपना बायोडाटा जमा करने के लिए भी कहा गया।इस बैठक की अध्यक्षता मुअज़्ज़म हुसैन रियाज़ी ने की जबकि संचालन गौरव गोयल ने किया।इस मौके पर यासीन सोनी,मनीष राणा,नौशाद अंसारी, शेख जमशेद,केसर सुल्तान,तनवीर आलम अंसारी, अनुज शर्मा,खालिद नोमानी,खालिद हबीब, डॉ आलमगीर काजमी,राशिद उस्मानी, मुहम्मद इमरान अंसारी, वसीम अहमद मंसूरी, यासिर शमसी, अरशद प्रिंस, डॉ शेख नगीनवी, निसार खान,आदि की मौजूदगी रही।

---

### विधुत चोरी को रोक थाम के लिए बिजलेंस वा अस्थानीय टीम ने चलाया चेकिंग अभियान

रिपोर्टर आरिफ अंसारी

कल दिनांक 10-01-2025 को अधीक्षण अभियंता अम्बेडकर नगर के निर्देश पर अधिशासी अभियंता टाण्डा ई0मोहित कुमार के कुशल मार्गदर्शन में एक मुश्त समाधान योजना ,ओ टी एस,को सफल बनाने हेतु एवं विद्युत चोरी के रोकथाम हेतु विजलेंस व स्थानीय टीम द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम सभा डुहिया व साबुकपुर जल्लापुर में कैम्प लगाकर चेकिंग अभियान चलाकर 17 लोगों को एक मुश्त समाधान योजना(ओ टी एस) का लाभ दिलाते हुए बिल जमा कराया बाकी 108 अन्य लोगों ने बिल जमा किया जिसमें लगभग 4 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### आबकारी विभाग टीम के सहयोग से पुलिस ने पकड़ी लाखों कीमत की विदेशी मदिरा



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी

**मथुरा।** बीतीरात आबकारी विभाग ने थाना मांट पुलिस और हाईवे पुलिस के साथ लाखों की शराब जब्त करते हुए तीन लोगों को पकड़ा है। वहीं थाना कोसीकलां पुलिस ने सेल्टोस कार से 18 पेटी अवैध हरियाणा मार्का की अवैध शराब जब्त की है। जिसमें चालक पुलिस के बैरियर को तोड़कर भागने में सफल रहा। तीन थाना पुलिस द्वारा पकड़ी गई अवैध शराब की कीमत करीब लाखों रुपए आंकी जा रही है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मांट पुलिस ने रात्रि लगभग दस बजे यमुना एक्सप्रेसवे पर नोएडा से आगरा की ओर जाने वाले माइलस्टोन 101 पर आबकारी टीम के साथ टाटा नेक्सन गाड़ी कार संख्या 23बीएच 1772एल को चेकिंग के लिए रोका जिसमें चंडीगढ़ प्रांत की इंपीरियल स्टाइल ब्रांड की 396 बोतल विदेशी शराब लदी थी। पुलिस के मुताबिक पकड़ी गई शराब की कीमत लगभग दो लाख रुपये है। इसे ले जाने वाले अजमेर पुत्र रणवीर सिंह निवासी ग्राम जौली सोनीपत को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मांट के थाना प्रभारी राजित वर्मा आबकारी निरीक्षक गौरव मिश्रा आदि शामिल थे।

### हाजी इकबाल की संपत्ति खरीदने के मामले में इंस्पेक्टर बर्खास्त

**सहारनपुर।** पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल की संपत्ति की खरीदने के मामले में मिर्जापुर थाने के तत्कालीन इंस्पेक्टर नरेश कुमार को डीआईजी अजय कुमार साहनी ने पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया है, जबकि इस प्रकार के अन्य मामलों में शामिल कई पुलिसकर्मियों की जांच की जा रही है। उन पर भी कार्रवाई तय है।

बता दें, कि बिजनौर के रहने वाले इंस्पेक्टर नरेश कुमार साल 2022 से 2023 के बीच मिर्जापुर थाने के प्रभारी रहे थे। मुख्यमंत्री को शिकायत की गई थी कि इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने अपने पद का गलत इस्तेमाल करते हुए हाजी इकबाल की बेनामी संपत्तियों में से 49.6 बीघा जमीन अपनी पत्नी राजरानी के नाम पर करा ली। इस संपत्ति की अनुमानित कीमत 91.40 लाख रुपये है।

आईजी अजय कुमार साहनी ने बताया कि इसके लिए कोई अनुमति भी नहीं ली गई। सितंबर 2023 में इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया था, साथ ही विभागीय जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि इंस्पेक्टर ने पद का दुरुपयोग किया है।

### ठंड ने बनाया रिकॉर्ड, चार डिग्री पहुंचा अयोध्या का तापमान




अयोध्या । यूपी में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। लगातार दूसरे दिन भी प्रदेश में सबसे ठंडा जिला अयोध्या रहा। यहां पर न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.3 डिग्री कम चार रिकॉर्ड किया गया। यह अलग बात रही कि दिन भर धूप निकले रहने के चलते अधिकतम तापमान सामान्य से 1.4 डिग्री ज्यादा 22 पर पहुंच गया। हाल के कुछ दिनों में यह सर्वाधिक रहा।

शनिवार को सुबह ही धूप निकल आई। कोहरे का भी प्रभाव देखने को नहीं मिला। ऐसे में पूरे दिन ठंड से लोगों को काफी राहत मिली। हवा की गति भी काफी कम 0.5 किमी प्रति घंटे और दिशा उत्तरी-पूर्वी रही। पूर्वानुमान के अनुसार दोपहर के बाद भी आसमान पर बादल नहीं छाए। इसके विपरीत रात काफी ठंडी रही।

एक दिन पहले शुक्रवार को भी अयोध्या में न्यूनतम तापमान चार था। शनिवार को भी न्यूनतम तापमान चार पर टिका रहा। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. सीताराम मिश्र ने बताया कि कोहरा और बादल न होने से रेडिएशनल कूलिंग काफी बढ़ गई।

ऐसे में शुक्रवार और शनिवार को रात काफी ठंडी रही। अब रविवार को हल्के बादल छाने के आसार बन रहे हैं।

# अजब-गजब: निगम बोर्ड बैठक से पूर्व ही सेट हो जाता है पूरा एजेंडा: बोर्ड बैठक का आयोजन मात्र औपचारिकता: सूत्र

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
सहारनपुर, ब्यूरो चीफ जाती राम

सहारनपुर बजट पर बोले पार्षद मंसूर बदर बजट में कई खामियां- पार्षद टिंकू अरोड़ा फाहद सलीम- बजट मैनुपुलेटिड बजट खुद को और अधिकारियों को फायदा पहुंचाने वाला महापौर डॉ अजय का फरमान- निगम बोर्ड बैठक में पार्षद प्रतिनिधि और पत्रकारों की उपस्थिति वर्जित देश प्रदेश के सभी सदनों में पत्रकारों की रहती है मौजूदगी; निगम बोर्ड बैठक क्या इससे अछूती या फिर बोर्ड बैठक की असल हकीकत पत्रकारों से रखी जा रही पोशीदा सहारनपुर महापौर का चुनाव जीतने के उपरांत प्रथम बोर्ड बैठक में महापौर डॉ अजय कुमार ने नगर और नगर निगम की दशा और दिशा बदलने के लंबे-चौड़े दावे किए थे जो टांय-टांय फिश दिखाई दे रहे हैं। न ही निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार समाप्त हुआ और न ही महानगर की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के जैसे दावे महापौर द्वारा किए थे उनमें कुछ सुधार हुआ। बोर्ड बैठकों में आय व्यय के करोड़ों के बजट पास होते रहने के बावजूद भी नगर की दुर्व्यवस्थाएं जस की तस बनी हुई हैं। हर बजट में पास हुआ पैसा या तो ठेकेदारों की जेब में गया या फिर कमीशन के रूप में उसकी बंदर-बांट होती रही। विकास तो क्या होता आम जनमानस को विकास के नाम पर नगर को जगह-जगह खोदने से हो रही समस्या से और अधिक झूझना पड़ रहा है। महानगर का विकास बोर्ड बैठकों और बजट जारी करने तक सीमित है। समस्याएं और अधिक बलवती होती जा रही हैं। हकीकत कुछ और है दिखाया कुछ और जा रहा है। यह अलग बात है महापौर के अनुसार नगर का मौसम गुलाबी है।



निगम बोर्ड बैठक में एक बार फिर 775 करोड़ 73 लाख 30 हजार का पुनरीक्षित बजट पारित कर दिया गया। इस बजट पर पक्ष और विपक्ष के कई पार्षदों ने सवाल खड़े किए हैं। वरिष्ठ पार्षद मंसूर बदर ने बजट में काफी खामियां गिनाई हैं। अनेक मदों में किए गए खर्चो पर भी वरिष्ठ पार्षद ने सवाल खड़े किए हैं जिसका बोर्ड बैठक में महापौर व नगरायुक्त उनके अधिनस्थों द्वारा उचित जवाब न देकर खामोशी बरत ली गई। वरिष्ठ पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने भी इस बजट को मनमाने ढंग से पेश करने और निगम व जनता का अहितकारी करार देते हुए कहा कि बजट पूर्णतः मैनुपुलेटिड है। बजट खुद के तथा अधिकारियों के लाभ हेतु बनाया गया है। बजट से महा घोटाले की बू आने की बात भी पार्षद टिंकू अरोड़ा और पार्षद फहद सलीम द्वारा कही गई है। बात अगर महापौर डॉ अजय कुमार सिंह द्वारा गठित बोर्ड कि की जाए तो बोर्ड बैठकों को महापौर तानाशाही ढंग से संचालित कर रहे हैं। इस प्रकार के आरोप भी उन पर लगते रहे हैं। सूत्रों के अनुसार बोर्ड बैठक से एक दिन पहले ही महापौर द्वारा अंबाला रोड स्थित एक होटल के सभागार में अपने विश्वास पात्र पार्षदों के साथ पुनरीक्षित बजट को लेकर सब सेटिंग-गेटिंग कर ली गई थी। सूत्रों की मानें तो महापौर बजट को लेकर होने वाली हर बोर्ड बैठक की रणनीति पहले ही तैयार कर लेते हैं। यह सिलसिला यूं ही चला आ रहा है। बोर्ड बैठक से एक दिन पहले पार्षदों के साथ बैठक क्यों रखी जाती है इस पर संदेह के बादल गहराए हुए हैं। महापौर डॉ अजय कुमार के आने के बाद से महानगर कितना पिछड़ गया है इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बजट तो करोड़ों-अरबों के पारित हुए किंतु विकास के नाम पर स्मार्ट सिटी महानगर सहारनपुर पिछड़ता चला गया। निर्माण कार्य तो हुए किंतु मानकों के विपरीत गुणवत्ता विहीन देखने मिले उसमें भ्रष्टाचार को लेकर चर्चाएं गर्म रहीं। भ्रष्टाचार तो नगर निगम में की गई चीजों कि खरीद-फरोख्त जैसे वाहनों, गैराज के लिए खरीदे उपकरणों, सफाई वास्ते रेहडों, उद्यान के लिए गमलों, पौधों, नगर में बिछाए जाने वाली बैंचों, स्मार्ट सिटी योजना के अतिरिक्त नगर में हो रहे निर्माण कार्यों, सीएलसी भर्ती फहरिस्त बहुत लंबी है आदि-आदि में भी पाया गया।

### घर में लगी आग हुआ हजारों का नुकसान



केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता
वीरू गौतम

पीलीभीत पूरनपुर थाना सेहरा मऊ उत्तरी क्षेत्र के ग्राम पंचायत जगतपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में सूजपाल के घर में आग लग गई जिसमें काफी नुकसान हुआ और हजारों रूपों का सामान जल गया जिस गांव में हड़कंप मच गया तभी आवाज सुनकर ग्रामीणों ने आग पर बा मुश्किल से काबू पाया पास में गाने का खेत था जिसमे आग लगने से बाल बाल बची ग्रामीणों ने गन्ने तक आग नहीं पहुंचने दी और आग पर काबू पा लिया जिससे गन्ने का ज्यादा नुकसान नहीं हुआ लेकिन घर में रखा सामान सारा जल गया और हजारों रूपए का नुकसान हो गया। सूरजपाल एक किसान है जो अपनी खेती बाड़ी से घर का गुजारा करते हैं।

# ग्राम पंचायत रोमई मुस्तकिल गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे नायब तहसीलदार

**गौशाला में गोवंशों की लगनशीलता से देखरेख का करें प्रयास : नायब तहसीलदार**

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
(जालौन) से सुयश पाण्डेय

**कुठौंद जालौन!** जनपद जालौन के विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत रोमई मुस्तकिल में आज दिनांक 11/01/2025 को लगभग 1बजे दोपहर के समय नायब तहसीलदार सत्येंद्र कुमार साथ में लेखपाल अजय कुमार गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे। तभी मौके पर ग्राम प्रधान विनोद कुमार राठौर गौशाला पर ही पर मौजूद मिले। गौशाला में शीत कालीन ऋतु के चलते गोवंशो के लिए छाया की व्यवस्था टीन शैट एवं अलाव व पानी के हौद तथा भूसा चारा की



व्यवस्था दुरुस्त पाई गई!इसके अलावा निरीक्षण के दौरान गौशाला में मौजूद गोवंशो की अलाव की व्यवस्था भी की गई है जिसमें गोवशों की संख्या लगभग 115 मिली जो मौके पर मौजूद पाए गए तथा सभी गौवंश स्वस्थ मिले । गौशाला के गोवंशो के लिए चारा काटने वाली मशीन तथा कटा हुआ चारा एवं हरा चारा भी मौके पर उपलब्ध मिला। भूसा घर में भूसा भी पर्याप्त मात्रा में रखा हुआ हैं । गौशाला में मौके पर गोपालक दीपक व संदीप भी अपनी जिम्मेदारी से गोवंशो की देखभाल करते हुए मौके पर मिले! जिसे देख कर नायब तहसीलदार ने ग्राम प्रधान के द्वारा गौशाला का सुचार रूप से गोवंशो की देखरेख में अपने दायित्वों का निर्वाहन करते हुए संचालन किए जाने पर प्रधान की सराहना की और उन्होंने कहा इसी प्रकार से प्रत्येक ग्राम पंचायतों में अपने अपने गौशाला में गोवंशों की देखरेख के दायित्वों का निर्वाहन ग्राम प्रधानों द्वारा करना चाहिए।

# हम सभी के जीवन में खेल-कूद का महत्वपूर्ण स्थान है खेल-कूद से हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है



डॉ विमल शर्मा, दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान सहारनपुर

**चिलकाना।** क्षेत्र के बी .एस. एम. इंटर कॉलेज पटना में चल रही तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथियो ने बच्चो को मैडल व ट्राफी देकर किया गया। बी एस एम इंटर कॉलेज की और से चल रही तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगियों के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची थाना चिलकाना की एस.आई मोनिका यादव , राजेश सैनी, डा.विमल शर्मा , प्रधानाचार्य श्याम सिंह सैनी ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। वही कार्यक्रम में अथिति के रूप में पहुंचे हरीश चेयरमैन ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ हमें खेल की ओर भी ध्यान देना चाहिए। वही कार्यक्रम में पहुंची एस. आई मोनिका यादव ने सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की । वही कार्यक्रम में पहुंचे राजेश सैनी व आकाश काशी ने भी सभी बच्चों को मैडल देकर सम्मानित किया और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की । इस दौरान कार्यक्रम में राकेश सैनी, रविन्द्र शर्मा , अनुज कुमार , सुंदरी जैन, नीलम सैनी, आदि कॉलेज का स्टॉफ उपस्थित रहा । कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश सैनी व सफल संचालन मांगेराम जी ने किया।

# चौकी खड़गवां पुलिस ने हत्या के मामले में 23 आरोपियों को किया गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान,
उदित ठाकुर

**सूरजपुर।** दिनांक 10.01.2025 को ग्राम सुन्दरगंज चौकी लटोरी निवासी संजय एक्का ने चौकी खड़गवां में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 10.01.2025 को इसका मौसेरा भाई संतोष टोप्पो के कहने पर उनके पट्टे के जमीन को जोताई करने संतोष के पिता माघेराम टोप्पो, मॉ बसंती टोप्पो, भाई नरेश टोप्पो, सुरेश टोप्पो व मजदूरों के साथ ट्रेक्टर लेकर ग्राम केरता डुबकापारा खेत में जाकर खेत जोताई कर रहे थे, दोपहर 12




बजे गांव के राजकुमार, मंधारी राम, बिहारी, रोवन, बाबुलाल, सियाराम व अन्य लोगों के द्वारा एक राय होकर लाठी, डंडा, टांगी, फावड़ा लेकर खेत में आए तथा हमारे जमीन को क्यों जोताई कर रहे हो कहकर विवाद करते हुए टांगी, फावड़ा, लाठी-डंडा से जानलेवा हमला कर माघेराम, बसंती, नरेश व सुरेश को मारपीट किए। मारपीट में नरेश टोप्पो, बसंती टोप्पो की मृत्यु हो गई। गंभीर रूप से घायल माघेराम टोप्पो को उपचार हेतु अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। सुरेश घायल है जिसका उपचार अम्बिकापुर अस्पताल में चल रहा है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 11/2025 धारा 61(2), 115(2), 190, 191(3), (103) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने मामले की गंभीरतापूर्वक विवेचना करते हुए आरोपियों को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर नंदिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में चौकी खडगवां व थाना प्रतापपुर की संयुक्त पुलिस टीम के द्वारा दबिश देकर 23 आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। घटना में प्रयुक्त टांगी, फावड़ा, लाठी-डंडा जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है और आगे की विवेचना जारी है।

# छकरबंधा के बढ़ईखाप में बीसीसी क्रिकेट टूर्नामेंट का मुखिया श्यामसुंदर प्रसाद ने किया उद्घाटन



केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ
एस एस रिज़वी

जिला के इमामगंज प्रखंड अंतर्गत छकरबंधा पंचायत में बीसीसी क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज हो चुका है। बीते 5 जनवरी को छकरबंधा के मुखिया श्याम सुंदर प्रसाद गुप्ता द्वारा इसका शुभारंभ किया गया।माननीय मुखिया श्यामसुंदर प्रसाद ने बताया कि यह क्रिकेट टूर्नामेंट न केवल बच्चों को उत्साहित करेगा बल्कि खेल भावना को भी बढ़ाएगा।आपको बता दे कि यह क्रिकेट टूर्नामेंट की एंट्री फीस मात्र 2500 रखी गई है जिसे भरने की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक रखी गई है । बीसीसी क्रिकेट टूर्नामेंट के संस्थापक सह संयोजक बिट्टू सिंह एवं मोहित सिंह ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी भव्य तरीके से बीसीसी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है।जिसका उद्देश्य सभी युवाओं को खेल के प्रति उत्साह जगाना है। इस कार्यकम में छकरबंधा मुखिया श्यामसुंदर प्रसाद गुप्ता समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे जिसमें छकरबंधा उपमुखिया पप्पू सिंह,मंजू देवी वार्ड सदस्य, अध्यक्ष राजेश पांडे, सचिव सुरेन्द्र विश्वकर्मा, अखिलेश सिंह, अमित सिंह, पवन ठाकुर, ऋषभ पांडे, विवेक कुमार एवं ओमप्रकाश कुमार आदि। क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए आप दिए गए नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। जो स्क्रीन पर चल रहे हैं। इसके साथ ही अंत में आपको बता दे कि विजेता को 15000 एवं उपविजेता को 10000 कप के साथ सम्मानित किया जाएगा।

# तीसरी आंख से खुलासे, पुलिस ने चार दिन में चार चोरी की वारदातों का किया खुलासा

दीवान सिंह सिकरवार (आगरा मंडल ब्यूरो चीफ/दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र)

**आगरा।** बुधवार को बादी द्वारा थाना कमलानगर पर सूचना दी गयी कि 31 दिसंबर 2024 को बादी ने अपने ऑफिस से घर आकर अपनी स्पलेण्डर प्रो मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी की थी, किसी अज्ञात चोर द्वारा बादी की मोटरसाइकिल चोरी कर ली गयी है। प्रकरण-02 शुक्रवार को वादी द्वारा थाना कमलानगर पर सूचना



दी गई कि वादी ने अपनी मोटर साइकिल घर के बाहर खड़ी की थी, 01 अक्टूबर 2024 को शाम के समय वादी की मोटरसाइकिल किन्हीं अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर ली गयी थी। वाहन चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण व संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना कमलानगर पर पुलिस टीम का गठन किया गया मोटरसाइकिल (चोरी की), 01 मोबाइल फोन बरामद हुआ व अभियुक्तों को निशादेही के आधार पर 03 अन्य चोरी की गयी मोटरसाइकिल को खंडहर पड़े मकान के अंदर झाडियों से थाना कमलानगर पुलिस टीम द्वारा बरामद किया गया। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों संजू कुशवाहा और बलवीर सिंह से बरामद 04 मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि बरामद स्यलेण्डर प्लस मोटरसाइकिल को उन दोनों ने मिलकर 31 दिसंबर 2024 की शाम को कमलानगर के एक ब्लाक में एक घर के बाहर से चोरी किया था। बरामद अन्य तीन मोटरसाइकिल हीरो स्पलेण्डर, टीवीएस अपाचे और बजाज प्लेटिना को थाना कमलानगर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों की निशादेही के आधार पर पुष्पांजली सिटी के पास खंडहर पड़े मकान में झाड़ियों के पीछे से बरामद किया गया जोकि अभियुक्तो द्वारा बोरी कर बेचने के लिए छिप गयी थी। पुलिस टीम का विवरण-बानाध्यक्ष निशामक त्यागी, उ0नि0 अमित कुमार, व0नि0 विकास कुमार और अन्य टोम के साथ को कार्यवाही।

# स्वर्गीय बीजू दाशन के निधन के बाद आगामी नगर पंचायत चुनाव के लिए पत्नी निशा बीजू दाशन ने मांगा टिकट

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, उदित ठाकुर

**सूरजपुर/जरही।** जिले में नगरीय निकायों का आरक्षण तय होने के बाद से ही राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ चुकी है और प्रमुख राजनीतिक दलों के दावेदार अपनी अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं ठीक उसी प्रकार जिले के नगर पंचायत जरही में भी अध्यक्ष पद सहित पार्षद पद के उम्मीदवारों की दावेदारी की जा रही है। जिसके तहत नगर पंचायत जरही के नगरीय चुनाव की दावेदारी को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व मंत्री डॉ प्रेम सिंह टेकाम ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कुमार सिंह देव, चुनाव प्रभारी प्रदीप राजवाड़े की उपस्थिति में बैठक रखी गई जिसमें कांग्रेस पार्टी के लोगों से नपं अध्यक्ष सहित पार्षद पद की दावेदारी ली गई। जरही के माता शीतला मंदिर में कांग्रेस कमेटी द्वारा बैठक रखी गई जहां नगर पंचायत जरही के निकाय चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए पार्षदों और अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों की दावेदारी ली गई इस दावेदारी में जरही नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 6 नाम और कई पार्षद



प्रत्याशियों के नाम कांग्रेस के टिकट लिखे गए।

कांग्रेस कमेटी प्रतापपुर द्वारा आयोजित बैठक में कांग्रेस के नगर पंचायत जरही के अध्यक्ष पद के लिए 6 नाम प्राप्त हुए जिनमें से सबसे अधिक चौंकाने वाला नाम पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष स्व बीजू दासन की पत्नी निशा बीजू दासन का रहा। कांग्रेस कमेटी से निशा बीजू दासन द्वारा भी अध्यक्ष पद की दावेदारी सहित पार्टी से टिकट की मांग की गई है। ज्ञात हो कि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष स्वर्गीय बीजू दासन की पत्नी निशा बीजू दासन वार्ड क्रमांक 11 से पार्षद का चुनाव जीतकर नगर पंचायत में पीआईसी की मेंबर भी रह चुकी हैं और वर्तमान में भी लोगों के बीच अपनी अच्छी खासी पहचान बना रखी है।

जरही के राजनीतिक गलियारों में यह प्रश्न बार-बार उठ रहा था कि क्या पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष स्व.बीजू दासन की पत्नी चुनाव लड़ेंगीं या नहीं अब उन्होंने कांग्रेस पार्टी से टिकट की मांग कर अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर दी है कि निशा बीजू दासन चुनाव लड़ने को तैयार हैं।